राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा




स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, बुधवार, 04 जून 2025
वर्ष 06, अंक 245, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

विकास कार्य में लगाई जा रही भ्रष्टाचार की ईट....03

धरती के भगवान बने जब हैवान, मामला सरदार बल्लभ भाई पटेल अस्पताल पटेल नगर दिल्ली का जहां सवाल के घेरे में है दिल्ली पुलिस.....12

## उत्तर प्रदेश विधान परिषद की शिक्षा का व्यवसायीकरण सम्बंधी जांच समिति की बैठक सम्पन्न

● लिए गए कई कठोर निर्णय। पालन कराने का सख्त निर्देश।

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की शिक्षा का व्यवसायीकरण सम्बंधी जांच समिति की बैठकसमिति के अध्यक्ष डॉ0 मानवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विधान परिषद समिति के सदस्य अंगद सिंह, सदस्य सुरेन्द्र चौधरी, सदस्य डॉ0 बाबू लाल तिवारी, मुनेश कुमार उपसचिव/समिति अधिकारी सुधीर कुमार यादव प्रतिवेदक, आशीष सिंह अपर निजी सचिव की उपस्थिति में मंगलवार को सर्किट हाउस के सभागार में आयोजित हुई। बैठक में अध्यक्ष के द्वारा शिक्षा का व्यवसायीकरण रोके जाने एवं इसके अतिरिक्त शिक्षा विभाग से सम्बंधित अन्य विचारणीय 32 एजेंडा बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में अध्यक्ष के द्वारा सम्बंधित अधिकारियों से इंजीनियरिंग/मैनेजमेंट/डिप्लोमा/आईटीआई कालेजों में पढ़ने वाले छात्रों के साथ वर्ष 2021 के पश्चात हुई दुर्घटनाओं के बारे में जानकारी लेते हुए इनमें पढ़ने वाले छात्रों के लिए दुर्घटना की स्थिति में क्षतिपूर्ति हेतु उनके एवं अभिभावकों का अभियान चलाकर बीमा फार्म भरवाकर इंश्योरेंस कराये जाने की व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिये है।

उन्होंने साथ ही सम्बंधित अधिकारियों से पुलिस एवं परिवहन विभाग से समन्वय कर छात्रों के साथ होने वाले दुर्घटनाओं से सम्बंधित आंकड़े एकत्र करने के निर्देश दिए है। समिति के द्वारा स्कूलों में बच्चों के द्वारा जमा की गयी काशन मनी की वापसी के लिए की गयी व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि बच्चों के काशन मनी को कोर्स पूर्ण होने के पश्चात अनिवार्य रूप से उनको उपलब्ध करायी जाये, इसके लिए प्रवेश के समय ही उनके बैंक अकाउंट से सम्बंधित जानकारी प्राप्त कर लिया जाये तथा कोर्स पूर्ण होने के पश्चात नो ड्यूज प्राप्त कर उनके खाते में आरटीजीएस के माध्यम से अंतरित करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। समिति के द्वारा विद्यालयों के वाहनों के पंजीयन तथा चालक/परिचालक का वेरीफिकेशन एवं स्वास्थ्य परीक्षण अभियान चलाकर कराये जाने के लिए कहा गया है।

जानकारी ली गयी कि स्कूली बस में छात्र-छात्राओं के अलावा और कौन लोग वाहन में चलते है। बताया गया कि प्रत्येक स्कूली बस में एक वाहन चालक, परिचालक होते है। अध्यक्ष के द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रति वर्ष चालक, परिचालक का सत्यापन अनिवार्य रूप से हो तथा वाहन में सीसीटीवी कैमरा भी क्रियाशील होना चाहिए। इसके अलावा निर्देशित किया गया कि छात्राओं के स्कूली बस में एक महिला अटेंडेंट की व्यवस्था किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये। मा0 अध्यक्ष जी के द्वारा कहा गया कि वाहनों की परमिट एवं फिटनेस अनिवार्य रूप से हो। बिना परमिट के संचालित किये जाने एवं 15 वर्ष से अधिक के स्कूली बसों के विरूद्ध कार्यवाही करने तथा स्कूली बसों का जून माह में ही फिटनेस अनिवार्य रूप से कराये जाने के लिए निर्देशित किया है।

बैठक में अध्यक्ष एवं समिति के द्वारा जानकारी ली गयी कि कक्षा-8 तक के मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कितने ऐसे विद्यालय है, जहां पर बिना अनुमति के कक्षा-9 एवं 10 की कक्षाएं भी संचालित की जाती है। उन्होंने सम्बंधित जनपदों के जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ऐसे विद्यालयों को जांच अभियान चलाकर चिन्हित करते हुए इनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही किये जाने के लिए कहा है।

ऐसे प्राथमिक विद्यालयों, जिनमें शिक्षा विभाग के द्वारा इस्टीमेट जमा किया जा चुका है, परंतु अभी तक विद्युत संयोजन का कार्य नहीं हुआ है, ऐसे विद्यालयों में विद्युत संयोजन के लिए में अध्यक्ष एवं समिति के अन्य सदस्यों के द्वारा विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि ऐसे विद्यालयों में तत्काल विद्युत कनेक्शन देने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। इसके साथ ही साथ 0 अध्यक्ष के द्वारा विद्यालयों में मिड-डे मील की गुणवत्ता, शौचालय की उपलब्धता एवं साफ-सफाई की व्यवस्था के बारे में जानकारी लेते हुए उन्होंने सभी विद्यालयों में गुणवत्तायुक्त मीनू के अनुसार मिड-डे मील बनाये जाने तथा वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा नियमित अंतराल पर विद्यालय पहुंचकर स्वयं उसकी गुणवत्ता की जांच करने एवं विद्यालयों में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए।



स्कूलों में तैनात रसोईयों के मानदेय का भुगतान समय से सुनिश्चित किये जाने के लिए कहा है। उन्होंने आरबीएसके योजना के तहत स्कूलों में बच्चों का कराये जाने वाले स्वास्थ्य परीक्षण के बारे में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से कहा कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी से समन्वय कर फिजिशियन एवं सर्जन से सलाह कर बच्चों की उम्र के अनुसार आवश्यक दवाईयों एवं फर्स्ट एड किट का बैग बनाकर अपने स्तर से विद्यालयों को उपलब्ध करायें तथा समय-समय पर उसकी जांच भी करते रहे।

बैठक में अध्यक्ष के द्वारा जानकारी प्राप्त की गयी कि कितने ऐसे विद्यालय है, जहां पर प्रतिबंधित निर्धारित मानक दूरी के अंदर शराब की दुकाने है। उन्होंने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि इसका कडाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये कि विद्यालयों के आस-पास प्रतिबंधित निर्धारित सीमा के अंदर कोई भी शराब की दुकान न रहे। उन्होंने नशे की दुकानों पर चौकसी बरतने तथा बच्चों को नशीले पदार्थो से दूर रखने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा है। मा0 समिति ने चिन्हित ब्लैक स्पॉटो एवं इसके अतिरिक्त अन्य दुर्घटना बाहुल्य स्थलों को ब्लैक स्पाट के रूप में चिन्हित करते हुए वहां पर संकेतक व सभी सिक्योरिटी मेजर्स की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के लिए कहा है। इसके साथ ही साथ उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह होने वाली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जनप्रतिनिधियों को भी सम्मिलित किया जाये। जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से कार्यालय में सृजित पद के सापेक्ष कितने पदों पर कर्मचारियों की नियुक्ति है एवं शिक्षकों को कार्यालय से सम्बंधीकरण के बारे में जानकारी लिए जाने पर जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा बताया गया कि लगभग सभी पदों पर कर्मचारियों की नियुक्ति है एवं कार्यालय से शिक्षकों को सम्बद्ध नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि कोई भी बाहरी व्यक्ति से कार्यालय का कार्य न लिया जाये एवं एक पटल पर तीन वर्ष से अधिक अवधि से तैनात कार्मिक का पटल परिवर्तन अवश्य किया जाये।

कोचिंग सेंटरों के रजिस्टेऊशन तथा उनमें उपलब्ध सीट एवं उपलब्ध सीट के सापेक्ष बच्चों की उपस्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए मा0 समिति के द्वारा निर्देशित किया गया कि कोचिंग संचालन के लिए निर्धारित मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। समिति के द्वारा निर्देशित किया गया कि सीबीएससी, आईसीएससी अथवा यूपी बोर्ड द्वारा प्रदत्त मान्यता प्राप्त विद्यालयों के द्वारा विधि विरूद्ध ढंग से अन्य शाखाओं के संचालन के बारे में जांच कर उन पर आवश्यक कार्यवाही की जाये। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक से सीबीएससी, आईएससी बोर्ड के विद्यालयों की प्रतिवर्ष होने वाली फीस निर्धारण समिति की बैठक अनिवार्य रूप से कराये जाने के निर्देश दिए है। बैठक के अंत में जिलाधिकारी प्रयागराज श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ ने अध्यक्ष व समिति के सदस्यों को आश्वस्त करते हुए कहा कि समिति के द्वारा जो निर्देश दिए गए है, उसका कड़ाई से सभी सम्बंधित अधिकारियों के द्वारा अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। बैठक में जिलाधिकारी प्रतापगढ़ शिव सहाय अवस्थी व जनपद प्रयागराज एवं जनपद प्रतापगढ़ के सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## देश की सबसे बड़ी सोना चोरी में से एक, कर्नाटक के विजयपुरा में बैंक से 52 करोड़ रुपये का सोना चोरी

स्वतंत्र प्रभात

देश में दर्ज की गई बड़ी सोना चोरी की घटनाओं में से एक में, पिछले महीने कर्नाटक के विजयपुरा जिले में केनरा बैंक की एक शाखा से चोर 52 करोड़ रुपये मूल्य का सोना लेकर फरार हो गए। विजयपुरा के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह एक पूर्व नियोजित चोरी थी और चोरों ने सोने की चोरी के लिए लंबे सप्ताहांत का इंतजार किया था। हालांकि विजयपुरा में केनरा बैंक की मनागुली शाखा में चोरी 23 मई को हुई थी, लेकिन 26 मई को जब कर्मचारी काम पर वापस आए तो अपराध का पता चला। पुलिस ने अभी तक इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं की है।चोर 51 किलोग्राम सोने के आभूषण लूटकर फरार हो गए, लेकिन पुलिस अभी तक लूटे गए सोने के परिवहन के तरीके का पता नहीं लगा पाई है।

सोमवार को विजयपुरा के पुलिस अधीक्षक लक्ष्मण निंबर्गी ने कहा कि संदेह है कि सोने के आभूषण 23 मई की शाम 6 बजे से 25 मई की सुबह 11.30 बजे के बीच चोरी हुए हैं। उन्होंने कहा, "हमने आरोपियों को पकड़ने के लिए आठ टीमें बनाई हैं। संदेह है कि चोरी में 6 से 8 लोग शामिल थे।"

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह एक पूर्व नियोजित चोरी थी, और चोरों ने अपराध को अंजाम देने के लिए एक लंबे सप्ताहांत, दूसरे शनिवार और रविवार का इंतजार किया। अधिकारी ने बताया कि चोर ने बैंक में घुसने के लिए नकली चाबी का इस्तेमाल किया और अलार्म बंद कर दिया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे भी बंद कर दिए और नेटवर्क वीडियो रिकॉर्डर (एनवीआर) भी ले गए। उन्होंने केवल बैंक लॉकर खोले और सोना लेकर भाग गए।

विजयपुरा पुलिस ने बताया कि चोरी के बाद आरोपियों ने एक काले रंग की गुड़िया रखी, जिससे ऐसा लग रहा था कि उन्होंने अपराध स्थल पर कोई अनुष्ठान किया था।



यह पहली बार नहीं है कि कर्नाटक में कोई बैंक डकैती का निशाना बना है।

सोमवार को विजयपुरा के पुलिस अधीक्षक लक्ष्मण निंबर्गी ने कहा कि संदेह है कि सोने के आभूषण 23 मई की शाम छह बजे से 25 मई की सुबह 11.30 बजे के बीच चोरी हुए।सोमवार को विजयपुरा के पुलिस अधीक्षक लक्ष्मण निंबर्गी ने कहा कि संदेह है कि सोने के आभूषण 23 मई की शाम छह बजे से 25 मई की सुबह 11.30 बजे के बीच चोरी हुए। (फाइल)

देश में दर्ज की गई बड़ी सोना चोरी की घटनाओं में से एक में, पिछले महीने कर्नाटक के विजयपुरा जिले में केनरा बैंक की एक शाखा से चोर 52 करोड़ रुपये मूल्य का सोना लेकर फरार हो गए।हालांकि विजयपुरा में केनरा बैंक की मनागुली शाखा में चोरी 23 मई को हुई थी, लेकिन 26 मई को जब कर्मचारी काम पर वापस आए तो अपराध का पता चला। पुलिस ने अभी तक इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं की है.चोर 51 किलोग्राम सोने के आभूषण लूटकर फरार हो गए, लेकिन पुलिस अभी तक लूटे गए सोने के परिवहन के तरीके का पता नहीं लगा पाई है।

विजयपुरा के पुलिस अधीक्षक लक्ष्मण निंबर्गी ने कहा कि संदेह है कि सोने के आभूषण 23 मई की शाम 6 बजे से 25 मई की सुबह 11.30 बजे के बीच चोरी हुए हैं। उन्होंने कहा, "हमने आरोपियों को पकड़ने के लिए आठ टीमें बनाई हैं। संदेह है कि चोरी में 6 से 8 लोग शामिल थे।"

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह एक पूर्व नियोजित चोरी थी, और चोरों ने अपराध को अंजाम देने के लिए एक लंबे सप्ताहांत, दूसरे शनिवार और रविवार का इंतजार किया। अधिकारी ने बताया कि चोर ने बैंक में घुसने के लिए नकली चाबी का इस्तेमाल किया और अलार्म बंद कर दिया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे भी बंद कर दिए और नेटवर्क वीडियो रिकॉर्डर (एनवीआर) भी ले गए। उन्होंने केवल बैंक लॉकर खोले और सोना लेकर भाग गए।विजयपुरा पुलिस ने बताया कि चोरी के बाद आरोपियों ने एक काले रंग की गुड़िया रखी, जिससे ऐसा लग रहा था कि उन्होंने अपराध स्थल पर कोई अनुष्ठान किया था।

**यह पहली बार नहीं है कि कर्नाटक में कोई बैंक डकैती का निशाना बना है।**

पिछले साल 28 अक्टूबर को एक गिरोह ने बेंगलुरु से 325 किलोमीटर दूर दावणगेरे जिले के न्यामति कस्बे में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एक शाखा से 13 करोड़ रुपये के सोने के गहने चुरा लिए थे। दावणगेरे पुलिस ने बाद में अपराध में शामिल छह लोगों को गिरफ्तार किया था।इस साल 17 जनवरी को मंगलुरु के कोटेकर में व्यवसायी सेवा सहकारी संघ बैंक में एक गिरोह ने 12 करोड़ रुपये का सोना लूट लिया था। पुलिस ने इस लूट के सिलसिले में छह लोगों को गिरफ्तार किया था।

## संक्षिप्त ख़बरें

### इलाहाबाद जन कल्याण समिति के अध्यक्ष ने अधिवक्ताओं एवं पत्रकारों की सुरक्षा कि मांग

**प्रयागराज।** मोहम्मद हन्ज़ला ने कहा यह प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए गहरी चिंता व्यक्त करते हैं कि हमारे साथी एडवोकेट हसनैन जो एक समर्पित जूनियर अधिवक्ता एवं अनिल कुमार पत्रकार हैं,जिनके के ऊपर धारा 107/116 CrPC को बिना किसी वैध कारण के, फर्जी तरीके से लागू किया गया है। अनिल कुमार जी एक ईमानदार और संवेदनशील पत्रकार के रूप में जनता से जुड़े मुद्दों को आवाज़ देने का कार्य कर रहे हैं। उन पर लगाए गए आरोप न केवल बेबुनियाद हैं, बल्कि यह प्रेस की स्वतंत्रता और कानून के दुरुपयोग का घोर उदाहरण हैं। इलाहाबाद जनकल्याण समिति के अध्यक्ष हन्जला ने यह माँग किया की। हम प्रशासन से मांग करते हैं कि- इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच करवाई जाए। श्री अनिल कुमार जी] के ऊपर लगाए गए फर्जी मुकदमे को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए। इस प्रकार की कार्यवाही में लिप्त दोषी अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाए।

### चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय में भंडारे में भक्तों ने चखा प्रसाद



**सीतापुर** 3 जून श्रद्धेय बाबू भगवती सिंह जी द्वारा स्थापित चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय बक्शी का तालाब के कृषि फार्म पर चतुर्थ बड़े मंगल पर वृहद भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर नगर पंचायत बक्शी का तालाब के अधिशासी अधिकारी इंद्रभान प्राचार्य प्रो गजेंद्र सिंह, प्रशासनिक अधिकारी शिवमंगल चौरसिया, समन्वयक अधिकारी धीरेंद्र प्रताप सिंह, निदेशक डॉ योगेश कुमार शर्मा, डॉ पीके सिंह, सरसिज कुमार सिंह, डॉ सुधीर कुमार रघुवंशी, डॉ योगेंद्र कुमार सिंह, बहादुर सिंह चौहान, डॉ एस सी चंदा, डॉ रवि शंकर, डॉ अनिल कुमार वर्मा, रणजीत सिंह चौहान, उमेश कुमार, डॉ सुधाकर सिंह, प्रदीप सिंह धीरेंद्र कुमार सिंह, डॉ दीपक पांडे सहित सभी सभी शिक्षकों एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आगरा में यमुना में नहाने गई 6 किशोरियां डूबीं, सगी बहनों समेत 4 की मौत, दो अस्पताल में भर्ती

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** आगरा के सिकंदरा इलाके के गांव नगला नाथू में उस समय कोहराम मच गया, जब यमुना में नहाने गई छह किशोरियां डूब गई. जिसमें दो सगी बहनों समेत चार की मौत हो गई। दो किशोरियों को बचा लिया गया, जिनका इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है. हादसे से पहले बनाई गई रील एक किशोरी के मोबाइल में मिली है, जिसमें सभी खुश दिखाई देती हैं. आगरा डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने बताया कि मृत किशोरियों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी।

भाई ने बचाने की कोशिश की, पर नाकाम रहा~ हादसा सुबह करीब नौ बजे का है. गांव नगला नाथू स्वामी घाट निवासी सुरेश मजदूर हैं. सुरेश की पांच बेटियां हैं. जिसमें 18 वर्षीय मुस्कान सबसे बडी बेटी है. मुस्कान, छोटी बहनों दिव्या (16) संध्या (14) और चचेरी बहन नैना (13) पुत्री दिनेश के साथ यमुना में नहाने गई थी. साथ में टेढी बगिया निवासी अशोक की बेटी शिवानी और सुहानी भी थी. यमुना में नहाने से पहले उन्होंने खूब वीडियो बनाए. इसके बाद एक-दूसरे का हाथ पकड़कर पानी में उतर गई. इस दौरान सभी गहरे पानी में पहुंच गई, जिससे वे डूबने लगीं. उनकी चीख सुनकर चचेरा भाई दीपेश यमुना में कूद गया. इस पर किशोरियों ने उसे पकड़ लिया. दीपेश ने बताया कि इससे वह भी डूबने लगा था।

इसलिए, जैसे-तैसे वह बाहर आया. उसके शोर मचाने पर खेतों में काम कर रहे किसान मौके पर आ गए. करीब एक घंटे में सभी किशोरियों को पानी से बाहर निकाला गया. यमुना में डूबने से सगी बहनों दिव्या और संध्या के साथ नैना व शिवानी की मौत हो गई. मुस्कान और सोनम को गंभीर हालत में हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने बताया कि यमुना में डूबने से सगी



बहनों समेत चार किशोरियों की मौत हुई हैं. दो किशेरियों की हालत गंभीर है. उन्हें उपचार के लिए हॉस्पिटल में भर्ती कराया है. किशोरियां गांव के पास यमुना में नहाने गई थी।

गांव में जाटव समाज का अकेला घर विजय का है. जिनके आठ बेटे सुरेश, दिनेश, राजकपूर, नरेश, राजेश, पान सिंह, सतीश और रवि हैं. परिवार के सभी सदस्य अब अलग-अलग रहते हैं. खेती और मजूदरी करते हैं। किसान कैलाशी वर्मा ने बताया कि आज से छह साल पहले नाव यमुना में डूबी थी. तब मैं 17 साल का था. देखा कि यमुना में आ रही नाव डूब रही है. चीख पुकार सुनकर नाव के पास पहुंचा और टयूब की मदद से 17 लोगों को बचाकर यमुना से बाहर लाया. यमुना में कई जगह पर गहरे गडढे हैं. गांव में अधिकतर पुरुष गोताखोर हैं. जब यह हादसा हुआ, तब मौके पर कोई बड़ा व्यक्ति नहीं था. इसलिए, बच्चियों की मौत हो गई।

## मौसम ने ली करवट काले बादलों और तेज हवाओं के साथ हुई शुरुआत, 20 मिनट तक हुई बूंदाबांदी



स्वतंत्र प्रभात

**सीतापुर** जनपद सीतापुर में मंगलवार की सुबह मौसम ने करवट ली काले बादलों और तेज हवाओं के साथ शुरुआत हुई सुबह में करीब 20 मिनट तक हल्की बूंदाबांदी हुई इससे वातावरण में ठंडक घुल गई और लोगों को गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार, न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई सामान्य दिनों में सुबह का तापमान 29 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहता है मंगलवार को यह घटकर 26 डिग्री सेल्सियस हो गया। विशेषज्ञों के मुताबिक, स्थानीय दबाव के कारण हुई इस हल्की वर्षा के बाद आने वाले दिनों में भी आसमान में बादल छाए रह सकते हैं इस बारिश से किसानों को भी राहत मिली है उन्हें उम्मीद है कि खेतों की नमी बनी रहेगी पिछले कुछ दिनों से उमस भरी गर्मी से परेशान शहरवासियों को इस बदले मौसम से राहत मिली। कई जगहों पर बच्चे बारिश में खेलते नजर आए मौसम के इस बदलाव ने शहर के लोगों को गर्मी से कुछ राहत प्रदान की है!

## कानपुर बिकरू कांड; जयकांत बाजपेई को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दी सशर्त जमानत

● कहा- आरोपी का आपराधिक इतिहास नहीं।

स्वतंत्र प्रभात

दया शंकर त्रिपाठी की रिपोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बहुचर्चित कानपुर के बिकरू कांड में आरोपी जयकांत बाजपेई की जमानत अर्जी शर्तों के साथ मंजूर कर ली है. यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ ने जयकांत बाजपेई की दूसरी जमानत अर्जी पर सुनवाई के बाद दिया है। 5 वर्ष से जेल में बंद जयकांत बाजपेई की दूसरी जमानत अर्जी में कहा गया था, कि वह कानपुर नगर के चौबेपुर थाने में दर्ज बिकरू कांड की स्रद्धक्र में आरोपी है. इस मामले में उसकी पहली जमानत अर्जी 30 मई 2023 को खारिज कर दी गई थी।




बता दें कि 2 जुलाई 2020 बिकरू कांड में 21 नामजद व 60-70 अज्ञात लोगों ने पुलिस पर हमला किया था, जिसमें 8 पुलिस कर्मियों की मौत हो गई थी. यह मामला कानपुर नगर के थाना चौबेपुर का था, इसमें मुख्य अभियुक्त विकास दुबे एनकाउंटर में मारा गया था। याची के वकील ने कोर्ट को बताया कि मामले में अभियोजन पक्ष के 102 गवाह हैं और अब तक उनमें से केवल 13 की परीक्षा की गई है. सह अभियुक्त उमा शंकर यादव उर्फ टांके की पहली जमानत अर्जी खारिज होने के बाद गत 8 मई दूसरी अर्जी मंजूर कर जमानत पर रिहा करने का निर्देश दिया गया है. कहा गया ट्रायल के जल्दी निस्तारण की संभावना बहुत कम है। साथ ही जिन आरोपियों की जमानत पहले खारिज कर दी गई थी, उन्हें इस न्यायालय के तहत जमानत दी गई है. याची का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है और वह 20 जुलाई 2020 से जेल में बंद है इसलिए उसकी जमानत मंजूर की जाए. सुनवाई के बाद कोर्ट ने जयकांत बाजपेई की जमानत शर्तों के साथ मंजूर कर ली है।

## शिकायत से बौखलाये, प्रधान ने दी फर्जी हरिजन एक्ट मे फसाने की धमकी

● सरकार की महत्वकांक्षी योजनामहात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा हो रहा जम कर भ्रष्टाचार

फर्श से अर्श पर पहुंचे प्रधान नरहर

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर (खीरी)** विकास खंड फूल बेहड़ की ग्राम पंचायत नरहर मे प्रधान,पंचायत सचिव,और रोजगार सेवक की तिकड़ी की मिलीभगत से फर्जी हाजिरी लगाकर जमकर भ्रष्टाचार किये जाने का मामला सामने आया है।बताते चले कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का उद्देश्य ग्रामीण गरीबों को सौ दिन का रोजगार देना है, लेकिन फूलबेहड विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत नरहर में यह योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। मामले की दर्जनों आई जी आर एस पोर्टल से लेकर जिलाधिकारी तक शिकायते की गई लेकिन आज तक कोई करवाई नहीं की गई।सभी आई जी आर एस शिकायतो का फर्जी तरीके से बिना किसी जाँच के भ्रामक,झूठी आख्या लगाकर निस्तारण कर दिया गया।जिम्मेदारो की इस खाऊ कमाऊ नीति से आहत शिकायतकर्ता ने पुनः जिलाधिकारी से शिकायत कर जांच कराये जाने तथा जाँच मे दोषी पाए जाने बाले विभागीय जिम्मेदारो पर कठोर कारवाई किये जाने की मांग की है।शिकायतकर्ता और ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत नरहर में जमकर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जिन मजदूरों ने काम पर पैर भी नहीं रखा, उनके नाम से दिहाड़ी बनाई जा रही है। रोजगार सेवक की मिलीभगत से इन फर्जी मजदूरों को भुगतान किया जा रहा है, और इस अवैध कमाई से संबंधित कर्मचारी व प्रधान लखपति बन चुके हैं। गांव के ही एक जागरूक नागरिक ने जिलाधिकारी को दिये गए शिकायति पत्र मे बताया है कि कई लोग जो स्त्रश्च साल पहले मर चुके है और कुछ चाट का ठेला लगाते है तथा दर्जनों ऐसे लोग है जो अपना ट्रेक्टर चलाते है और अपनी खेती कराते है कभी काम पर नहीं गए, उनके नाम से लगातार मजदूरी निकाली जा रही है।




कई ऐसे नाम मिले हैं।जिनके दोनों पैर टूटे है,और कुछ बाहर काम करते है जो काम पर गए ही नहीं। उनके नाम पैसा निकाल कर बंदरबाट कर लिया जाता है।प्रशासन की निष्क्रियता भी इस फर्जीवाड़े को बढ़ावा दे रही है। सवाल उठता है कि आखिर क्यों फर्जी हाजिरी लगाने वाले रोजगार सेवक पर मेहरबान है प्रशासन? स्थानीय सूत्रों की मानें तो यदि इस मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो कई चौंकाने वाले खुलासे हो सकते हैं। रोजगार सेवक की भूमिका पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। गांव के कई लोगों ने जल्द ही सबूतों के साथ खुलासा करने की बात कही है।आर.टी.आई.से मिली जानकारी क़े अनुसार रामखेलावन,प्रधान क़े भतीजे है कभी काम करने नहीं जाते हैसुनील कुमार प्रधान पुत्र है जो कभी काम नहीं करने जाते है यही प्रधानी चलाते देखे जा सकते है।राजा राम क़े नाम पैसा निकाला गया जो काफ़ी समय पहले मरचूके है। वही सोहन लखीमपुर मे रहते है उनके नाम मनरेगा का पैसा निकाला गया है।दर्जनों अन्य नाम है जिनके नाम से पैसे निकलकर जमकर सरकारी धन का निजी हित मे दुरूपयोग किये जाने की चर्चा गली गली मे सुनी जा सकती है। नरहर पंचायत के ग्रामीणों की मांग है कि इस फर्जीवाड़े की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि सरकार की योजना का लाभ वास्तव में जरूरतमंदों तक पहुंचे और भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई जा सके।साथ ही ग्राम प्रधान और रोजगार सेवक की आय से अधिक संपत्ति की जांच कराई जाय।आख़िर कल दुसरो का गन्ना छीलने का काम करने वाले प्रधान पति ने आज लगभग 50 भिघा ज़मीन अपने परिजनों क़े नाम बना डाली ऐसा कौन सा आय का स्त्रोत इनको मिल गया जो करोडो की नामी बेनामी संपत्ति बना डाली।ह्य

# पिछले 10 सालों से एक ही तहसील पर जमीन लेखपालों पर कार्रवाई क्यों नहीं

## बस्ती जिले मेंलेखपाल के स्थानान्तरण की मांग: डीएम को सौंपा पत्र

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती ।** बस्ती जिले में अपनी ही सरकार में रहकर भी लेखपाल और उप जिला अधिकारी तहसीलदार नहीं सुनते हैं भाजपा के कार्यकर्ताओं का कार्य सरकारी जमीन को कौड़ियों के दाम बेच रहे हैं लेखपाल और राजस्व निरीक्षक ताजा मामला भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रभात कुमार गौतम ने सोमवार को जिलाधिकारी को सम्बोधित पत्र प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। मांग किया कि बस्ती सदर तहसील क्षेत्र के मुण्डेरवा के लेखपाल क्षेत्र संख्या 83 में नियम विरूद्ध ढंग से नियुक्ति निरस्त कर उनका स्थानान्तरण कराया जाय। पिछले 10 सालों से एक ही तहसील पर जमीन लेखपालों के ऊपर कारवाई करने में जिला प्रशासन एवं जिला



अधिकारी के हाथ ढीले क्यों पड़ गए हैं लगता है मोटी कमाई में अधिकारियों की जेब गर्म हो रही है जिसके कारण लेखपाल जमीनी विवाद का बढ़ावा दे रहे हैं मोटी रकम लेकर के ऐसे मिले बालों के ऊपर सख्त कार्रवाई किया जाना आवश्यक है अन्यथा ग्रामीणों में सरकारी भूमि कौड़ियों के दाम बेचे जा रहे हैं विद्यालय और मंदिर के जमीन पर कब्जा किया जा रहा वह माफिया के हौसले बुलंद हो गए हैं क्योंकि तहसील की जिम्मेदार अधिकारी किस शहर पर अवैध कब्जा जमा रहे हैं भूमिया ऐसे में लेखपाल की हम भूमिका होती है पिछले 10 सालों से एक ही तहसील जमी हुई है लेखपाल पुराने जमाने को छोड़ना नहीं चाह रहे हैं नए लेखपालों में पैमाइश का अनुभव न होने के कारण विभाग ज्यादा होता है लेखपाल के आदेश के अनुसार पुलिस भी मोटी रकम लेकर के कब्जाएच दिलवाती है और बाद में इस जमीन को लेकर के आपसी भी बात बढ़ जाता है डीएम को दिये पत्र में कहा गया है कि लेखपाल जितेन्द्र सिंह पिछले 5 वर्षों से क्षेत्र संख्या 83 में लेखपाल पद पर कार्यरत थे। शिकायतों के बाद तत्कालीन जिलाधिकारी ने उनका स्थानान्तरण हर्रैया तहसील में कर दिया था किन्तु लेखपाल जितेन्द्र सिंह ने अपने प्रभाव, दबाव का प्रयोग कर पुनः अपनी नियुक्ति मुण्डेरवा में करा लिया। इससे स्थानीय नागरिकों में रोष है। नगर पंचायत मुण्डेरवा के 5 सभासदों और आम जनता ने उप जिलाधिकारी सदर से उक्त लेखपाल के अन्यत्र स्थानान्तरित किये जाने की मांग किया था किन्तु कोई कार्रवाई नहीं की गई। मांग किया कि शासनादेश के अनुरूप लेखपाल जितेन्द्र सिंह का स्थानान्तरण कराया जाय।

# डीएम ने सुआव नदी के विभिन्न बिंदुओं का लिया जायजा



**●सुआव नदी के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण तथा वृक्षारोपण के संबंध में दिए आवश्यक दिशानिर्देश**

स्वतंत्र प्रभात

**बलरामपुर**– सुआव नदी के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के संबंध में डीएम पवन अग्रवाल द्वारा अधिशाषी अभियंता सिंचाई ड्रेनेज खंड, डीसी मनरेगा, वन विभाग के अधिकारियों के साथ सुआव नदी के विभिन्न बिंदुओं का स्थलीय जायजा लिया गया। उन्होंने श्रावस्ती बॉर्डर के ग्राम गोपियापुर जहां से सुआव नदी निकलती है एवं ग्राम गिदरहैया, ग्राम भीखपुर में सुआव नदी का स्थलीय जायजा लिया। उन्होंने नदी के जीर्णोद्धार एवं तट के सौंदर्यीकरण हेतु कार्ययोजना बनाए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने सुआव नदी के तट पर स्थित सभी पोखरों एवं तालाबों का जीर्णोद्धार किए जाने का निर्देश दिया। नदी के कैचमेंट एरिया पर पिलर लगाए जाने का निर्देश अधिशाषी अभियंता सिंचाई ड्रेनेज खंड को दिया। इस दौरान उन्होंने वृक्षारोपण के संबंध में भी आवश्यक दिशानिर्देश दिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गुप्त व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहें।


# संक्षिप्त खबरें

### गौ आश्रय केन्द्र किसनी प्रधान प्रतिनिधि शोएब अहमद(सोनू)के साथ तनवाया तिरपाल केयर टेकर रहे मौजूद



**शुकुलबाजार अमेठी।** कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि.के प्रबंधक ग्राम पंचायत भटमऊ शुकुलबाजार अमेठी निवासी समाजसेवी पी के तिवारी जो कि सामाजिक कार्यों के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों मे अपनी निस्वार्थ भावना से उत्कृष्ट योगदान देते रहते हैं और प्रबुद्धजनों का मार्गदर्शन प्राप्त करते रहते हैं और क्षेत्र मे लोगों के सुख दुख मे भागीदारी निभाते रहते हैं जिससे समाज का प्रत्येक वर्ग उन्हे सम्मानित दृष्टि से देखता है और उनका उत्साहवर्धन, मार्गदर्शन एवं सहयोग करता रहता है जिसे समाजसेवी पी के तिवारी अपना सौभाग्य समझते हैं वहीं अपने कर्तव्य पथ पर अग्रसर विकासखंड शुकुलबाजार अन्तर्गत गौ आश्रय केन्द्र किसनी पहुंचकर संस्था का हमेशा मार्गदर्शन एवं सहयोग करने वाले ए एच इंटरकालेज जगदीशपुर के प्रधानाचार्य मानसिंह राठौर के सौजन्य से प्रधान प्रतिनिधि किसनी शोएब अहमद सोनू के साथ गोवंशों को गर्मी लू से बचाव हेतु तिरपाल तनवाया उक्त अवसर पर केयर टेकर भी उपस्थित रहे समाजसेवी पी के तिवारी ने कहा कि प्रधान प्रतिनिधि शोएब अहमद सोनू के नेतृत्व मे ग्रामपंचायत किसनी विकास की ओर अग्रसर है,वहीं प्रधान प्रतिनिधि शोएब अहमद सोनू ने संस्था प्रबंधक पी के तिवारी एवं प्रिंसीपल मानसिंह राठौर का आभार व्यक्त किया, बताते चलें कि समाजसेवी पी के तिवारी प्रत्येक वर्ष सर्दी के मौसम मे गोवंशों को यथासंभव जूटकोट भी पहनाने का कार्य करते हैं जिसे समाज का प्रत्येक वर्ग उनके पुनीत कार्य की सराहना करता रहता है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

### जिला कारागार में 51 कुण्डीय महायज्ञ के जरिए बंदियों की सोच को सकारात्मक बनाएगा गायत्री परिवार



**चित्रकूट** – गायत्री शक्तिपीठ द्वारा जिला कारागार में मंगलवार को 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बंदियों को भविष्य में अच्छे मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान बंदियों को पुस्तकें भी वितरित की गई। बैठक में गायत्री शक्तिपीठ के संचालक डॉ रामनारायण त्रिपाठी ने बंदियों से कहा कि ऐसा कार्य न करें, जिससे जेल में आना पड़े। प्रेरित किया कि अच्छे मार्ग पर चलकर अपने जीवन को सुखमय बनाए। बताया कि आगामी 23 व 24 जून को जिला कारागार परिसर में 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने गायत्री का पाठ कराकर नियमित जाप कर जीवन को आध्यात्मिक बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम समन्वयक प्रेमलाल कुशवाहा ने बंदियों का गायत्री मंत्र का लाभ बताते हुए मंत्र का लेखन करने के लिए प्रेरित किया। जेल अधीक्षक शशांक पाण्डेय ने बदियों को बताया कि गायत्री मंत्र का प्रयोग कर वह सकारात्मक रूप से जीवन को साधना में बदल कर समय का सदुपयोग कर सकते है। कहा कि व्यक्ति की सोच का परिणाम ही सुख-दुःख का कारण बनता है, इसलिये गायत्री मन्त्र साधना से विचार को शुद्ध करने की साधना करें।

### प्रशासन ने हटवाया अवैध कब्जा

**सिद्धार्थनगर।** जिले के नगर पंचायत कपिलवस्तु के अग्रसेन नगर में प्रशासन ने मंगलवार को सरकारी नाला पर से अवैध कब्जा हटवाया। उपजिलाधिकारी नौगढ़ कल्याण सिंह मौर्य के निर्देश पर तहसीलदार डॉ संतराज, नायब तहसीलदार सदर अमित कुमार सिंह ने राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंच कर अवैध कब्जा हटवाया । राजस्व टीम में राजस्व निरीक्षक शीतल प्रसाद, लेखपाल दीपक जयसवाल, शशांक सौरभ, शिवशंकर, बैजनाथ चौधरी, अमित चौधरी आदि रहे। मौके पर शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस बल तैनात रही।

# पैडा वाले बाबा एसपी से मिले, बताया जान का खतरा



स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले के वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के पैडा खरहरा निवासी गोविन्द कुमार पुत्र गिरधारी लाल मंगलवार को पद यात्रा करते हुये पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और अपने तथा परिवार के जान माल के रक्षा की गुहार लगाया। पैडा वाले बाबा के नाम से मशहूर गोविन्द महराज ने एसपी को दिये पत्र में कहा है कि ऊनके ऊपर गत 5 अप्रैल को जमदाशाही के निकट ईदगाह बाग के पास जान लेवा हमल किया गया।

वे हमले में बाल-बाल बच गये। वाल्टरगंज पुलिस ने मुकदमा भी पंजीकृत किया किन्तु अभी तक दोषियों के विरूद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई। इससे अपराधियों का मनोबल बढ गया है। गत 2 जून को पैडा वाले बाबा के बोर्ड के नीचे कफन और जिन्दा कारतूस देखा गया। इससे वे और उनका परिवार काफी डरा सहमा है। पैडा वाले बाबा कफन दो या न्याय दो कि तख्ती लेकर पद यात्रा करते हुये जब पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे तो बजरंग दल के निवर्तमान जिला संयोजक मनमोहन त्रिपाठी, विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह, जिला प्रभारी प्रमोद पाण्डेय, जिला गौरक्षा प्रमुख स्नेह पाण्डेय के साथ ही अनेक पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक से वार्ता कर पत्र सौंपा। मांग किया कि दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई कर परिवार की सुरक्षा करायी जाय। पैडा वाले बाबा के समर्थन में आकाश आर्या, राकेश सिंह, अनिल प्रजापति, दीपक राव, राजकुमार गौतम, राज आर्य, विक्की गौतम, सूरज, शनि आर्य, ओभिषेक, सन्तोष कुमार, राहुल चौधरी, आदि ने मांग किया कि दोषियां के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई हो।

# पैड़ा ग्राम पंचायत में भष्ट्राचार की हदें पार बिना कार्य कराए ले रहे हैं भुगतानमुख्य विकास अधिकारी ने कहा जांच कर की जाएगी कार्यवाही

**●-मुख्य विकास अधिकारी ने कहा जांच कर की जाएगी आवश्यक कार्रवाईसुविधा शुल्क बनती है बीडीओ साहब की कमज़ोरी प्रधान, रोजगार सेवक, सचिव द्वारा लाखो का भ्रष्टाचार**

**-लाखों रुपए के भ्रष्टाचार के बाद अब भष्ट्राचार की चरम सीमा पार करने पर आमदा प्रधान, रोजगार सेवक, सचिव,**

**ग्राम पंचायत पैड़ा में मचे भष्ट्राचार के हकदारों मे रुधौली ब्लॉक के बीडीओ**





स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले में विकास के नाम पर हो रहीलूट जिलेके जिम्मेदार अधिकारी गुमराह किया जा रहा है विकासखंड रुधौली ब्लॉक के ग्राम पंचायत पैड़ा में बीडीओ सुविधा शुल्क के अभाव में मीडिया के सवालों को नजरअंदाज करते हुए सच्चाई से मुंह मोड़ लिये है जिससे ग्राम पंचायत पैड़ा में भ्रष्टाचार रुकने का नाम नहीं ले रहा है और दिनों-दिन दिन लगातार भ्रष्टाचार की खबरे बढ़ती जा रही है प्रधान,रोजगार सेवक और सचिव लाखों रुपए के भ्रष्टाचार करने के बाद भी भष्ट्राचार करने में पीछे नहीं हट रहे हैं। अब भ्रष्टाचार की घटनाएं इतनी अधिक बढ़ गई हैं कि पत्रकारों को खबर लिखने के लिए शब्दावली कम पड़ रही है।पत्रकारों को भ्रष्टाचार की खबरें लिखने में कई चुनौतियों के साथ भ्रष्टाचार की घटनाओं को उजागर एवं निष्पक्ष और सटीक खबर एवं भ्रष्टाचार की घटनाओं को उजागर करते हुए सरकार को भ्रष्टाचार विरोधी कदम उठाने के लिए मजबूर कर सकते हैं। ग्राम पंचायत पैड़ा में बीते दिनों में लगभग कई लाखों रुपए का घोटाला हो चुका है। मीडिया द्वारा साक्ष्यांकित खबर चलने के बावजूद भी उच्चधिकारियों की कुम्भकर्णी नींद नही खुल रही है। उच्चाधिकारियों की गहरी नींद न खुलने से मामले में कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। ग्राम पंचायत पैड़ा के प्रधान और रोजगार सेवक पहले ही अपने कार्यों की वजह से चर्चाओं में बने हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत पैड़ा में विकलांग शौचालय के नाम पर कई लाख रुपए का गमन किया गया है। इसके बाद भी अधिकारी निरीक्षण के नाम पर खानापूर्ति करते हैं। हाल ही में मनरेगा के नाम पर कई लाखों रुपए का घोटाला किया जा रहा है। रोजगार सेवक, प्रधान और खंड विकास अधिकारी मिलकर सरकार के धन को लूटने में जरा सा भी कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। ग्राम पंचायत पैड़ा के प्रधान और रोजगार सेवक को उच्चअधिकारियों का कोई खौफ नहीं है। वे खुलेआम घोटाला कर रहे हैं और सरकार के धन को लूट रहे हैं। खंड विकास अधिकारी रुधौली योगेंद्र राम त्रिपाठी भी मामले में असली भूमिका निभा रहे हैं।सुबिधा शुल्कों के अभाव में वीडीओ रुधौली की दरियादिली से पैड़ा ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार की हदें पार हो गई हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने जांच की बात कही है। अब देखना यह है कि इस मामले में क्या कार्रवाई की जाती है और दोषियों को सजा मिलती है या नहीं। खबर लिखने के बाद भी बौखलाए सचिव प्रधान लोगों को नसीहत दे डाली का जिले के अधिकारी हमारा कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगे क्या ऐसे लोगों पर जिलाधिकारी या मुख्य विकास अधिकारी कार्रवाई करने के लिए बाध्यहोंगे।

# सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक आयोजित

**●आपसी भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाये त्यौहार-डीएम**



स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया।** पुलिस लाइन स्थित प्रेक्षागृह में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर की उपस्थिति में आगामी गंगा दशहरा, बकरीद एवं जगन्नाथ रथ यात्रा जैसे महत्वपूर्ण पर्वों को आपसी भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने जनपद की शांतिप्रिय एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण की परंपरा को बनाए रखते हुए त्योहारों को आपसी तालमेल व भाई-चारे के साथ मनाने की अपील की। जिलाधिकारी ने कहा कि बकरीद के अवसर पर नमाज ईदगाह और मस्जिद के भीतर क्षमता अनुसार ही पढ़ा जाए। बाहर सड़क पर नमाज पढ़ने से बचें। किसी भी दशा में प्रतिबधिंत पशुओ की कुर्बानी नही की जाये। सार्वजनिक स्थानों पर भी कुर्बानी पर प्रतिबंध रहेगा। पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने कहा कि पुलिस प्रशासन की तैयारियां पुख्ता है। संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर पुलिस की तैनाती की जायेगी। पुलिस नियमित रूप से गश्त कर रही है। पुलिस विभाग द्वारा सोशल मीडिया की निगरानी की जा रही है। सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों के संबंध में अगर कोई मामला संज्ञान में आये तो तुरन्त प्रशासन से संवाद स्थापित करें, पुलिस प्रशासन द्वारा तत्काल समस्या का निदान किया जायेगा।

इस अवसर पर प्रभारी सीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता, अपर जिलाधिकारी प्रशासन जैनेंद्र सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार वर्मा, ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट/एसडीएम श्रुति शर्मा, एसडीएम रुद्रपुर हरिशंकर लाल, एसडीएम सलेमपुर दिशा श्रीवास्तव, एसडीएम भाटपाररानी रत्नेश तिवारी सहित विभिन्न अधिकारी एवं धर्मिक गुरु व गणमान्यजन उपस्थित थे।

### बकरीद त्योहार पर 47 मजिस्ट्रेटों की होगी तैनाती

देवरिया 3 जून। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने ईदुज्जुहा बकरीद के अवसर पर जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जनपद के 47 संवेदनशील स्थलों पर मजिस्ट्रेटों की तैनाती होगी। किसी भी नई परंपरा अथवा नए कुर्बानी स्थल की अनुमति किसी भी स्थिति में नहीं दी जाएगी।

### सीओ डुमरियागंज से लगाई न्याय की गुहार

**सिद्धार्थनगर।** त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के महतिनिया खुर्द गांव निवासी रामगोपाल पुत्र बलई ने सीओ डुमरियागंज को शिकायती पत्र देकर त्रिलोकपुर पुलिस पर कार्यवाही न करने का आरोप लगाया है। रामगोपाल ने अपने पत्र के माध्यम से कहा है कि 21 मई को मेरे इकलौते पुत्र सिध्दिविनायक को शोभित सोनी नाम के व्यक्ति ने मोटरसाइकिल से दुर्घटना कर दिया था जिसके कारण मेरे पुत्र की मौत हो गई थी ,जिसमें त्रिलोकपुर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज है मेरे बेटे का पोस्टमार्टम हुआ था। बावजूद इसके उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई है। उन्होंने अपने पत्र के माध्यम से क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज से मांग की है कि उचित कार्यवाही कर पीड़ित को न्याय दिलाने की मांग की है। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी बृजेश वर्मा ने कहा कि शिकायती पत्र मिला है लेकिन पोस्टमार्टम बस्ती में हुआ है उसको आने में समय लगेगा और आने के बाद विवेचना होगा फिर आगे की कार्यवाही होगी।

# नगर पालिका अध्यक्ष नेहा वर्मा ने मुख्यमंत्री से किया पालिका क्षेत्र के परियोजनाओं के स्वीकृति की मांग

**●-सीमा विस्तार पर शीघ्र दिशा निर्देश का मिला आश्वासन**



स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नेहा वर्मा और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अंकुर वर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट किया। अध्यक्ष नेहा वर्मा ने मुख्यमंत्री से नगर पालिका क्षेत्र के विकास के लिये विभिन्न परियोजनाओ को स्वीकृत कराने की आग्रह किया। नेहा वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री ने पूरा समय देकर नगर पालिका क्षेत्र की समस्याओं को सुना और आश्वासन दिया कि अति शीघ्र परियोजनाओ को स्वीकृति के लिये सन्दर्भित करा दिया जायेगा। अध्यक्ष नेहा वर्मा ने बताया कि उन्होने मुख्यमंत्री से नगर पालिका क्षेत्र के सीमा विस्तार कराये जाने की मांग किया। इस पर मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि बस्ती नगर पालिका क्षेत्र के सीमा विस्तार प्रक्रिया पर तेजी से काम चल रहा है और शीघ्र दिशा निर्देश जारी होगा। पालिका का विस्तार होना जिले का मान सम्मान बढ़ेगा तथा लोगों को सुविधाओं मिलेगी सड़के अच्छी होगी स्ट्रीट लाइट लगेगी विकास की परिभाषा लिखेगी नगर पालिका बस्ती मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए शासन पर पालिका अध्यक्ष नेहा वर्मा ने धन्यवाद दिया का मुख्यमंत्री बस्ती की नगर पालिका क्षेत्र का विस्तार करने के लिए कटिबद्ध हैंभारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अंकुर वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से विकास के कई सन्दर्भो पर विस्तार से वार्ता हुई और उन्होने हर स्तर पर विकास हेतु सहयोग का आश्वासन दिया है।

### तालाब में डूबने से बालक की मौत





**सिद्धार्थनगर ।** जिले के त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मदवा में 6बर्षीय बालक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया। मदवा गांव के शिवपत यादव का 6 वर्षीय पुत्र राजन यादव सोमवार की शाम गांव के पूरब तालाब में शौच करने गया था ,उसका पैर फिसल जाने से वह गहरे पानी में चला गया जिससे डूबकर उसकी मौत हो गई। घर वालों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी, सुचना पर थानाध्यक्ष मृत्युंजय पाठक मौके पर पहुंच कर पंचनामा कराकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# ज्येष्ठ मास के चौथे बड़े मंगलवार पर जगह-जगह पर आयोजित हुए भंडारे

**●इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन चेयरमैन हेमंत विक्रम सिंह द्वारा, रामकुमार स्मारक इंटर कॉलेज के प्रबंधक द्वारा, दशरथ देवी महाविद्यालय के प्रबंधक द्वारा,संत प्रसाद सुरजनदीन के प्रबंधक द्वारा, सर्वेश फैमिली शाप व अशोक टेलर द्वारा कराया गया विशाल भंडारा**

स्वतंत्र प्रभात

**सुकून बाजार अमेठी।** ज्येष्ठ मास का हिंदू धर्म में सनातन धर्म में विशेष महत्व है, कहते हैं कलयुग में सूर्य भगवान और बजरंगबली ही साक्षात पृथ्वी पर विराजमान है। ऐसे में लोगों का बजरंगबली के प्रति विशेष आस्था है और ज्येष्ठ मास के सभी मंगलवारों को बड़े मंगलवार के नाम से जाना जाता है, जिसमें विध विधान पूर्वक भक्तगण पूजन करते हैं तथा महाप्रसाद वितरण का कार्यक्रम करते हैं। इसी कड़ी में औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर में इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन चेयरमैन तथा मशहूर उद्योगपति हेमंत विक्रम सिंह द्वारा विशाल भंडारा कराया गया। जिसमें हजारों की संख्या में भक्तगणों ने प्रसाद ग्रहण किया भंडारे में डॉक्टर ,उद्योगपति एवं राजनेता सहित हजारों भक्तगण शामिल हुए। वहीं दशरथ देवी महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ बृजेश



तिवारी द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जहां आदर्श इंटर कॉलेज के प्रबंधक जयसिंह चंदेल तथा पूर्व प्रमुख दद्दन सिंह तथा जय सिंह सहित हजारों भक्तगणों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं रामकुमार स्मारक इंटर कॉलेज एवं अन्य कई कॉलेजों व महाविद्यालय के प्रबंधक तथा वरिष्ठ भाजपा नेता एवं शुकुल बाजार व्यापार मंडल के अध्यक्ष पंडित राम उंजेरे शुक्ल द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के प्रथम नागरिक एवं देश के अग्रणी उद्योगपति राजेश मसाला पूर्व जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अमेठी दयाशंकर यादव ,वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ल तथा मीडिया विभाग के जिला सहसंयोजक सुशील कुमार मिश्रा सहित हजारों की संख्या में भक्तगणों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं संत प्रसाद सुरजनदीन महाविद्यालय के प्रबंधक पप्पी तिवारी द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें ठेकेदार समर बहादुर सिंह सहित हजारों की संख्या में भक्तगणों ने प्रसाद ग्रहण किया। रेडीमेड कपड़ों के व्यापारी सर्वेश फैमिली शाप द्वारा शुकुल बाजार के कटरा चौराहे पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में भक्तगणों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं अंबेडकर चौराहे पर अशोक शर्मा जो कि अशोक टेलर के नाम से मशहूर हैं विशाल भंडारे का आयोजन किया जिसमें मास्टर सुधीर शुक्ला, बाबा रमेश गिरी, रामजी तिवारी सहित हजारों भक्तगणों ने प्रसाद ग्रहण किया, सर्वप्रथम सुंदरकांड का पाठ हुआ उसके बाद महाप्रसाद वितरण का कार्यक्रम हुआ। इसी के साथ-साथ क्षेत्र में जगह-जगह पर भंडारा हुए, सुबह से लेकर शाम तक हनुमान मंदिरों पर भक्तों का तांता लगा रहा भक्तों ने विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन किया।

# संक्षिप्त खबरें

## मनकामेश्वर मंदिर पर चतुर्थ विशाल भंडारे का आयोजन

**सुंदर काण्ड के बाद हुआ भंडारा, हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद चखा**



**निगोहा, लखनऊ।** ज्येष्ठ मास के चौथे बड़े मंगल पर निगोहा क्षेत्र में जगह-जगह पर पूजा अर्चना कर भंडारों का आयोजन किया गया। क्षेत्र के भैरमपुर गांव स्थित मनकामेश्वर मंदिर पर जेष्ठ के चौथे बड़े मंगल पर सुंदर काण्ड के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भैरमपुर के मनकामेश्वर मंदिर पर बालाजी महाराज भी विराजमान हैं, वहीं चौथे मंगलवार को चतुर्थ विशाल भंडारे का आयोजन भारद्वाज परिवार की ओर से किया गया, जिसके मुख्य यजमान पंडित दिवाकर शर्मा रहे। भंडारे में छोला चावल और बूंदी का प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर पंडित केपी शर्मा, पंडित सुबोध शर्मा, पत्रकार पंडित उमेश शर्मा, पत्रकार पंडित दिवाकर शर्मा, जितेन्द्र भारद्वाज, अमित शर्मा, शिवम भारद्वाज, सोमनाथ, अंकित, मन्टू, आयुष भारद्वाज, पीयुष, आकाश, हिमाचल शामिल रहे। इसी क्रम में भैरमपुर पुलिया पर अनन्त वर्मा द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया।

## गुम हुए मोबाइल लौटाकर नगराम पुलिस ने फिर जीता जनता का विश्वास.......

**नगराम। लखनऊ,** नगराम पुलिस ने एक बार फिर अपने कर्तव्यनिष्ठ आचरण और तकनीकी दक्षता का परिचय देते हुए गुम हुए दो मोबाइल फोन उनके असली मालिकों को लौटाकर जनमानस का दिल जीत लिया है। मामला नगराम क्षेत्र का है, जहां दो अलग-अलग व्यक्तियों के मोबाइल फोन हाल ही में गुम हो गए थे। दोनों व्यक्तियों ने अपने गुमशुदा मोबाइल की सूचना सीईआईआर पोर्टल पर पंजीकृत की थी। सूचना मिलते ही नगराम पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पोर्टल की मदद से दोनों मोबाइल फोन को ट्रैक किया और बरामद कर लिया।पुलिस द्वारा सत्यापन उपरांत दोनों मोबाइल उनके वास्तविक धारकों को सुपुर्द कर दिए गए। मोबाइल प्राप्त करने वाले लोगों ने फोन वापस पाकर खुशी जताई और नगराम पुलिस की त्वरित व प्रभावी कार्यप्रणाली की सराहना की। थाना प्रभारी सुनील चौधरी नगराम ने बताया कि सीईआईआर पोर्टल तकनीक के माध्यम से गुमशुदा मोबाइल की लोकेशन ट्रेस कर उसे आसानी से बरामद किया जा सकता है। हमारा उद्देश्य है कि जनता की समस्याओं का समाधान शीघ्रता से हो।मोबाइल वापसी की इस प्रक्रिया में जो ईमानदारी और तत्परता पुलिस टीम ने दिखाई, उसने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि उत्तर प्रदेश पुलिस नागरिकों की सेवा और सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है।

## सरकारी अस्पताल में इलाज कराने आई महिला के बैग से 46 हजार रुपये चोरी

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को इलाज के लिए आई एक महिला के बैग से अज्ञात चोरों ने 46 हजार रुपये उड़ा लिए। पीड़िता ने इस घटना की शिकायत पुलिस से की है। कस्बे के वार्ड नंबर 9 कोरिहई मोहल्ला निवासी नाजरीन बानो अपनी बहू शारन्नुनिशा को इलाज के लिए ई-रिक्शा से सीएचसी लेकर पहुंची थीं। अस्पताल परिसर में पहुंचने के बाद वह पहले पर्चा बनवाने गईं, फिर डॉक्टर की ओपीडी के बाहर खड़ी होकर अपनी बारी का इंतजार करने लगीं। इसी दौरान जब उन्होंने अपने साइड बैग की चेन खुली देखी, तो उन्हें चोरी का शक हुआ। बैग की तलाशी लेने पर पता चला कि उसमें रखे 46 हजार रुपये गायब थे। नाजरीन ने बताया कि ये पैसे उन्होंने पति सद्दाम के कहने पर घर की निर्माण सामग्री खरीदने के लिए रखे थे। वह अस्पताल से लौटकर रकम दुकानदार को देने जा रही थी, लेकिन पहले ही घटना घट गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर प्रमोद सिंह ने बताया कि अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की जा रही है।

## सड़क के किनारे ग्रामीण का शव मिलने से मचा हडकम्प

**शाहाबाद (हरदोई)।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत ग्राम रनुआपुर मे सड़क के किनारे एक ग्रामीण का शव मिलने से आसपास के क्षेत्र मे हड़कंप मच गया जिसे एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां पर चिकित्सको ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को सीलकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान शीशराम (45) पुत्र चतुरी निवासी ग्राम तडेर थाना शाहाबाद जनपद हरदोई के रूप मे हुयी। बताया जाता है कि शीशराम को कुत्ते ने काट लिया था जिसके उपचार के लिए वह ग्राम नस्योली मे तथाकथित चमत्कारिक पानी पीने जा रहा था लेकिन रास्ते मे ही उसकी मौत हो गयी। मौत की खबर लगते ही मृतक के परिजनो मे कोहराम मच गया।

# विकास कार्य में लगाई जा रही भ्रष्टाचार की ईंट

**● दौलतपुर गांव में 145 मीटर इंटरलॉकिंग में पीली ईंट और डस्ट से की जा रही बॉक्सिंग**

स्वतंत्र प्रभात



**बीकेटी।** स्थानीय विकासखंड के अंतर्गत दौलतपुर गांव में रुक्मिणी देवी कालेज के गेट तक लगभग दस लाख रुपये की लागत से 145 मीटर बनाई जा रही इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य में धड़ल्ले से दोयम दर्जे की पीली ईट और घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है।गांव के लोगों ने ठेकेदार और क्षेत्र पंचायत के अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए है। मुख्यमंत्री योगी भ्रष्टाचारियों पर नकेल लगाने की पूरी तरह से कोशिश कर रहे हैं, लेकिन ठेकेदार है कि सड़क और नाली निर्माण में भ्रष्टाचार की ईट लगाने से बाज नहीं आते।दौलतपुर से रुक्मिणी देवी गर्ल्स डिग्री कालेज तक बनाई जा रही इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य में पीली ईट का प्रयोग किया जा रहा है। विकास के नाम पर इस भ्रष्टाचार के खेल में अधिकारी भी मौन बैठे हैं। किन्तु विकास के नाम पर क्षेत्र पंचायत में कुछ नया नहीं हुआ। दौलतपुर गांव के लोगों ने बताया कि खुलेआम पीले ईट एवं घटिया निर्माण सामग्री से इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। पक्की जोड़ाई में रेत व सीमेंट भी मानक के अनुसार नहीं मिलाया जा रहा है। इससे सड़क चंद दिनों में आने वाली बारिश में ही जगह-जगह धंस जाएगी। करीब दस लाख रुपये की कीमत से हो रही 145 मीटर इंटरलॉकिंग में पीली ईटों से बॉक्सिंग की जा रही है। जबकि मजबूती के लिए अव्वल ईटों से बॉक्सिंग का निर्माण कार्य होने की बात बताई जा रही है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि इस तरह की ईटों से हुई इंटरलॉकिंग चंद महीनों में ही ढेर हो जाएगी और सरकार का लाखों रुपया बर्बाद हो जाएगा।सूत्रों के मुताबिक क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में आम जनता के लिए सरकार द्वारा चलायी जाने वाली करोड़ों रुपये की योजनाओं पर जिम्मेदारों के द्वारा भ्रष्टाचार का पलीता लगाया जा रहा है, इन योजनाओं को जिम्मेदारों ने अपनी कमाई का जरिया बना लिया है। इसे लेकर लोगों में नाराजगी है और कुछ मामलों में अधिकारी दिखावे के लिए कार्रवाई करके अपनी कमी छिपाने में जुटे हैं।जिससे शासन को विकास कार्यो के नाम पर लाखों रूपए का चूना लग रहा है।

# मामूली बात पर मारपीट, कुल्हाड़ी से हमला कर युवक को किया घायल

**● .......पीड़ित की तहरीर पर नगराम थाने में मुकदमा दर्ज, आरोपी पक्ष के चार लोगों पर गंभीर आरोप......**

स्वतंत्र प्रभात

क्राइम

**नगराम।** लखनऊ,नगराम थाना क्षेत्र के छंगा खेड़ा गाँव में रविवार शाम एक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। विवाद की शुरुआत शराब के नशे में गाली-गलौच से हुई, जो बाद में मारपीट और कुल्हाड़ी से हमले में बदल गई। इस हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगराम थाना क्षेत्र के छंगा खेड़ा गाँव के सहजराम के पुत्र ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि रविवार की शाम करीब सात बजे रामसजीवन पुत्र स्व. द्वारिका शराब के नशे में धुत होकर उसके पुत्र राहुल को गालियां देने लगे। जब पीड़ित पक्ष ने इसका विरोध किया, तो रामसजीवन ने अपने दामाद दीपक, पुत्र रोहित और पत्नी सुनीता को मौके पर बुला लिया।

आरोप है कि इन चारों ने मिलकर पहले गाली- गलौच की और फिर लात-घूंसों से पीड़ित को बुरी तरह मारा। इतना ही नहीं, आरोपियों ने कुल्हाड़ी से हमला कर पीड़ित के सिर पर वार कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। हमलावरों ने जान से मारने की धमकी भी दी।घटना की सूचना पीड़ित ने तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम 112 पर दी, जिसके बाद उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। पीड़ित के पुत्र राहुल को भी मारपीट में चोटें आई हैं।घटना के संबंध में सहजराम ने नगराम थाने में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# लायर्स एसोसिएशन बिसवां द्वारा बड़े मंगलवार के पावन अवसर पर भंडारे का किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



**बिसवां (सीतापुर)।** बिसवां तहसील परिसर स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर मंगलवार को बिसवां लॉयर्स एसोसिएशन की ओर से बड़े मंगलवार के पावन अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीराम, बालाजी महाराज एवं नीम करौरी बाबा के चित्र पर माल्यार्पण व पूजन-अर्चन के साथ हुई। इसके उपरांत सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सिविल जज कुंवर दिव्यदर्शी, उप जिलाधिकारी मनीष कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी सतीश चंद्र शुक्ला, तहसीलदार उमाशंकर त्रिपाठी और नायब तहसीलदार विनोद शर्मा ने भाग लिया। अतिथियों ने पूजन के बाद प्रसाद ग्रहण किया।भंडारे का आयोजन संघ अध्यक्ष कमलेंद्र कुमार बाजपेई व सचिव सत्य प्रकाश सिंह की अगुवाई में संपन्न हुआ। इस अवसर पर संघ के वरिष्ठ अधिवक्ताओं में लालजी वर्मा, बृजेश नारायण गुप्ता, मन्नालाल बाजपेई, सुरेश चंद्र मौर्य, प्रमोद कुमार मिश्रा, ओम प्रकाश वर्मा, सर्वेश मोहन श्रीवास्तव, रविंद्र नाथ सिंह, दिनेश श्रीवास्तव, राजेश सिंह, रजनीश कुमार मिश्रा, ललित प्रकाश शर्मा, संतोष कठेरिया, संकटा प्रसाद शुक्ला, वीरेंद्र शुक्ला, आनंद मेहरोत्रा, ओम जी मिश्रा और ओंकार नाथ तिवारी सहित अनेक अधिवक्ता, न्यायिक व राजस्व कर्मचारी, वादकारी और आमजन उपस्थित रहे। सभी ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। आयोजन में श्रद्धा, समर्पण और सौहार्द का वातावरण देखने को मिला।

# पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी चोरी की 9 बाइक बरामद, खीरी के तीन शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

**● एक दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज**

स्वतंत्र प्रभात




**सीतापुर** जनपद सीतापुर पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में बड़ी कामयाबी हासिल की है थाना लहरपुर और स्वाट/सर्विलांस टीम ने संयुक्त अभियान में तीन अंतर्जनपदीय वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है आरोपियों के पास से 9 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद हुई हैं। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में चल रहे अभियान के दौरान टीम ने पोंगलीपुर पुल के पास से आरोपियों को पकड़ा पकड़े गए आरोपी जमी अहमद, जिशान और जुबेर खान जनपद खीरी के रहने वाले हैं इन तीनों पर विभिन्न जनपदों में एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे अलग-अलग जगहों से मोटरसाइकिलें चुराते हैं चोरी के बाद वाहनों के नंबर प्लेट बदल देते हैं कुछ दिन इस्तेमाल करने के बाद ग्राहक ढूंढकर बेच देते हैं। चोरी से मिली रकम आपस में बांट लेते हैं आरोपियों की निशानदेही पर नवीनगर के जंगलों से 7 और मौके से 2 मोटरसाइकिलें बरामद की गई बरामद वाहनों में अपाचे, स्प्लेंडर, एचएफ डीलक्स और प्लेटिना शामिल हैं पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है!!

# भाजपा नेता राजेश निर्मल की नेतृत्व में आयोजित हुआ विशाल भंडारा

**● ज्येष्ठ माह के चौथे मंगलवार को श्रद्धा की गूँज**

स्वतंत्र प्रभात

संदीप कुमार-फिजा





**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बा समेत आसपास के क्षेत्रों में ज्येष्ठ माह के चौथे मंगलवार को आस्था और भक्ति का माहौल देखने को मिला। अलग अलग स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पंडाल लगाकर भंडारे आयोजित किए और प्रसाद वितरण किया।

पंडालों में बज रहे हनुमान चालीसा और भक्ति गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कृष्णा नगर बाईपास निवासी भाजपा नेता राजेश कुमार निर्मल ने भंडारे का आयोजन कराया। इस मौके पर जयशंकर, अमित मिश्रा, रिंकु गुप्ता मोहित, आशीष कुमार, अंकित, सुजीत, नीरज, सचिन, अक्षत, अनय, तन्मय, तनिशी आदि मौजूद रहे। कस्बे के बेहटा चौराहा स्थित हनुमान मंदिर, मलपुरा स्थित मां विंध्यवासिनी बालाजी मंदिर, आलमपुर कापंचमुखी हनुमान मंदिर और सब्जी मंडी का बालाजी मंदिर श्रद्धालुओं से खचाखच भरे रहे। सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें पूजा-अर्चना के लिए उमड़ीं। श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा कर भगवान बजरंगबली से सुख-समृद्धि की कामना की। जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठे।नगर के तेजगांव परिसर में पूर्व विधायक सुरेंद्र बहादुर सिंह के संरक्षण में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। दोपहर में शुरू हुआ प्रसाद वितरण देर शाम तक चला। इसमें श्रद्धालुओं को पूरी-सब्जी और अन्य प्रसाद वितरित किया गया।

प्रशाद वितरण कार्य में सुखेंद्र बहादुर सिंह, जेपी सिंह, सनी सिंह, शुभम, संजय तिवारी, संतोष तिवारी, बबलू, कौशलेश, रमाशंकर वैद्य आदि ने सहयोग किया। नई बाजार मोहल्ला में व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा व मयंक त्रिवेदी की अगुवाई में प्रसाद वितरण किया गया। लखनऊ रोड पर इंद्रेश सिंह और मदन शर्मा ने पंडाल लगाकर भक्तों को प्रसाद वितरित किया।

वहीं, निराला नगर हनुमान मंदिर परिसर में कमलाकांत मिश्रा, शिवभूषण द्विवेदी, अजय पाल, रोहित, राहुल, हरि, शिवोम, हरिओम, शिवम् शुक्ला, अधिराज द्विवेदी ने भंडारे का आयोजन किया। दोपहर से लेकर देर शाम तक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# कपूरथला में भक्ति और सेवा का संगम, बड़े मंगल पर भव्य भंडारे का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात







**लखनऊ, कपूरथला।** लखनऊ में आस्था और परंपरा का अनूठा संगम तब देखने को मिला जब बड़े मंगल के पावन अवसर पर मंगलवार को कपूरथला स्थित साई प्लाज़ा में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्वतंत्र प्रभात ब्यूरो कार्यालय द्वारा अमेरिकन कोचिंग संस्थान के सामने किया गया, जिसकी संपूर्ण व्यवस्था ब्यूरो चीफ़ मनीष राघव और उनकी समर्पित टीम ने स्वयं संभाली।

कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत हनुमान जी की पूजा-अर्चना से हुई। पूजन के उपरांत बजरंगबली को भोग अर्पित किया गया और फिर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण प्रारंभ हुआ। श्रद्धा और सेवा भाव से परिपूर्ण इस आयोजन में पूड़ी, सब्जी, बूंदी और शरबत का प्रसाद वितरित किया गया, जिसे हज़ारों श्रद्धालुओं ने प्रेमपूर्वक ग्रहण किया। सुबह से ही भंडारे स्थल पर भक्तों की लंबी कतारें लग गई, जो देर शाम तक जारी रहीं। हर आयु वर्ग के श्रद्धालु इस धार्मिक आयोजन में शामिल हुए और बजरंगबली का स्मरण करते हुए प्रसाद प्राप्त किया। स्थानीय लोगों ने आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल आस्था को सुदृढ़ करते हैं, बल्कि समाज में सेवा, एकता और भाईचारे की मिसाल भी पेश करते हैं। बड़े मंगल पर हर वर्ष की तरह इस बार भी आयोजित यह आयोजन एक बार फिर यह सिद्ध कर गया कि जब इरादे नेक हों, तो आयोजन केवल आयोजन नहीं, बल्कि जनसेवा का पर्व बन जाते हैं।

# जल्द ही उपभोक्ताओं मिलेगी बिजली की कटौती से राहत

**● ........डबल ट्रांसमिशन लाइन से विद्युत उपकेंद्र को मिलेगी बिजली**

स्वतंत्र प्रभात



**निगोहां।** निगोहा विद्युत उपकेंद्र से संबंधित हजारों उपभोक्ताओं को जल्द ही बिजली की समस्या से निजात मिलने वाली है। लगभग एक दशक से सिंगल सोर्स के सहारे हो रही विद्युत आपूर्ति के दिन बहुरेंगे और जल्द ही सिंगल के बजाए डबल सोर्स से लोगों को बिजली मिलेंगी। दूसरी ट्रांसमिशन लाइन के चालू होने से एक मे फॉल्ट होने की स्थिति में दूसरी लाइन से आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी और लोगों को बिजली की किल्लत से राहत मिल जाएगी।

ध्यान रहे कि, निगोहा विद्युत सबस्टेशन को 132 केवी लाइन बछरावां (रायबरेली) से मिलती है। दूरी अधिक होने के कारण अक्सर ये लाइन फाल्ट हो जाती है। रायबरेली जिले मे फाल्ट होने पर राजधानी का निगोहां इलाका पूरी तरह अंधेरे में डूब जाता है। फॉल्ट पकड़ने और दुरस्त करने में घण्टो का समय भी लग जाता है। उपभोक्ताओ की इस समस्या को दूर करने के लिए अब बिजली विभाग समेसी विद्युत उपकेंद्र को जाने वाली ट्रांसमिशन लाइन (33केवी) को उदयपुर गाँव के पास इंटरलिकिंग बनाया जाएगा। ताकि समेसी को निगोहां से और निगोहां को समेसी से जोड़ा जा सके। वही, निगोहां में बछरावा,रायबरेली से भी एक ट्रांसमिशन लाइन (132केवी) से आपूर्ति वर्तमान में चल रही है। अभी तक जो सिंगल सोर्स से बिजली आपूर्ति हो रही है, वह डबल हो जाएगी। एक लाइन खराब होने की दूसरी लाइन से आपूर्ति शुरू हो जाएगी और लोगों को अघोषित विद्युत कटौती से राहत मिल जाएगी।

वहीं अधिशासी अभियंता श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि वर्तमान में 33 केवी लाइन के लिए पेड़ो की डालों की छंटाई सहित अन्य मरम्मत कार्य जारी है।



इन गाँवो को मिलेगी राहत.... निगोहां उपकेंद्र से सम्बन्धित निगोहां कस्बा, निगोहां गांव, टोल प्लाजा, मस्तीपुर, भावाखेडा, दयालपुर। रघुनाथ खेड़ा, पटसा, मदाखेड़ा, उदयपुर, लालपुर, पुरहिया, शेरपुर लवल, मदारी, खेड़ा, अहिनिवार राती, भगवानपुर, नयाखेड़ा, बिरसिंहपुर, अघाइया, शिर्ष, मदाखेड़ा, टिकरा सहित कई दर्जन गाँवो के हजारों उपभोक्ताओ को राहत मिलेगी।

# फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में एक और कदम जनपद में नाइट ब्लड सर्वे शुरू

**● सर्वे के पहले दिन 1352 लोगों के लिए गए रक्त के नमूने**

स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई** फाइलेरिया उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 19 ब्लाक और एक शहरी इकाई में दो से सात जून तक नाईट ब्लड सर्वे(एन.बी.एस) चल रहा है। यह सर्वे रात 10 बजे से 12 बजे तक आयोजित किया जा रहा है और सर्वे के पहले दिन ही 1352 लोगों के रक्त के नमूने लिए गए। प्रत्येक ब्लॉक और अर्बन आरआई यूनिट में दो स्थल चुने गए हैं। एक रैंडम आधार पर और दूसरा ऐसा क्षेत्र जहाँ पहले फाइलेरिया के सर्वाधिक मामले सामने आए हों या फिर संक्रमण के लिए अनुकूल पर्यावरण वाले गाँव या मोहल्ले को प्राथमिकता दी गई है। कार्यकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि सर्वे केवल 20 वर्ष और उससे अधिक आयु के पुरुषों एवं महिलाओं के बीच किया जा रहा है। पहले दिन नाइट ब्लड सर्वे जनपद के 19 ब्लाक और एक शहरी इकाई में किया गया और कुल 1352 लोगों के नमूने लिए गए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सर्वेक्षण के दौरान राज्य स्तरीय एवं मंडलीय टीमें भी निरीक्षण करेंगी। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। अतः सर्वे से जुड़े सभी स्वास्थ्यकर्मियों से अपेक्षा की गई है कि वे पूरी गंभीरता व जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2027 तक प्रदेश को फाइलेरिया मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके तहत जनपद में स्वास्थ्य विभाग की टीमें सक्रियता एवं सजगता के साथ काम कर रही हैं। जिला मलेरिया अधिकारी जीतेंद्र कुमार ने बताया कि फाइलेरिया की पहचान शुरुआत में ठंड के साथ बुखार आ सकता है। हाथ, पैर, पुरुषों के अंडकोष या महिलाओं के स्तनों में असामान्य सूजन। सूजन आमतौर पर एक ही अंग में होती है, दोनों में समान नहीं। मूत्र मार्ग से सफेद रंग का द्रव आना (ग्रामीण क्षेत्रों में धातु रोग) जिसे चिकित्सा भाषा में काइलूरिया कहते हैं। लंबे समय तक रहने वाली सूखी खांसी भी फाइलेरिया का लक्षण हो सकती है (ट्रॉपिकल इस्नोफीलिया)। बचाव के लिए पूरी बांह के



कपड़े पहनें घर की छत और आसपास पानी जमा न होने दें। कूलरऔर पक्षियों के पानी के पात्र नियमित रूप से साफ करें। कूड़ेदान को हमेशा ढककर रखें। फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन ज़रूरी सरकार द्वारा चलाए जा रहे सर्वजन दवा सेवन अभियान के तहत साल में एक बार फ़ाइलेरियारोधी दवा का सेवन अवश्य करें। फ़ाइलेरिया रोधी दवा गर्भवती, गंभीर रोगियों और एक वर्ष से कम आयु के बच्चों को छोड़कर सभी को खिलाई जाती है। दवा खाने से न सिर्फ व्यक्ति सुरक्षित रहता है, बल्कि वह दूसरों में भी संक्रमण नहीं फैलाता। इस बीमारी के लक्षण संक्रमण के 10 से 15 साल बाद दिखते हैं इस दौरान संक्रमित व्यक्ति अनजाने में दूसरों को भी संक्रमित कर सकता है।

# मुख्य सचिव ने संडीला में बर्जर पेंट्स यूनिट व पावर हॉउस का किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात



**हरदोई-** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने आज जिले के संडीला में विद्युत वितरण खण्ड कार्यालय संडीला व बर्जर पेंट्स यूनिट का निरीक्षण किया। सबसे पहले वे संडीला के बिजली विभाग के कार्यालय पहुँचे। यहाँ जिलाधिकारी अनुनय झा व पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया तथा उन्हें सलामी दी गयी। समीक्षा के दौरान उन्होंने विभिन्न सेक्टरों को विद्युत आपूर्ति आदि की जानकारी ली। यहाँ से निकलकर वह सोम तिराहे के पास सांवरिया ग्रुप द्वारा आयोजित भंडारे में हिस्सा लिया। इसके बाद वह बर्जर पेंट की यूनिट पहुँचे। उन्होंने बर्जर के अधिकारियों से उत्पादन प्रक्रिया व कच्चे माल आदि की जानकारी ली। यहाँ पर उनको वन ट्रिलियन इकोनॉमी पर आधारित वीडियो दिखायी गयी।

उन्होंने मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के चेयरमैन आशीष कुमार गोयल, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की प्रबंध निदेशक रिया केजरीवाल, जिलाधिकारी अनुनय झा व पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन के साथ फैक्ट्री के परिसर में पौधरोपण किया। उन्होंने अन्य अधिकारियों के साथ फैक्ट्री के कालरेंट ब्लॉक, वाटर बेस ब्लॉक व वेयर हाउस का भी निरीक्षण किया तथा यूनिट की कार्य प्रणाली जानी। इस अवसर पर सभी सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जगह-जगह चौथे बड़े मंगल पर श्रद्धालुओं द्वारा भंडारे का आयोजन किया

स्वतंत्र प्रभात

**बेनीगंज/हरदोई-** भीषण गर्मी और तेज तपिश के बावजूद जेठ के चौथे बड़े मंगल पर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा गया। मंगलवार को अपने-अपने घरों में लोगों ने सुबह स्नान कर हनुमंत लाल पूजा अर्चना की। बजरंगबली के जयकारे का उद्घोष गूंजता रहा। जगह जगह चौथे बड़े मंगल पर श्रद्धालुओं द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। हनुमान चालीसा व हनुमान भजनों से भंडारे के पंडाल गूंजते रहे। बेनीगंज कस्बा कोठवा प्रताप नगर चौराहा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में

भीषण गर्मी के बावजूद आयोजकों में उत्साह की कमी कहीं से नजर नहीं आ रही थी। भंडारे के प्रसाद के रूप में पूड़ी, सब्जी, शरबत, हलवा आदि श्रद्धालुओं के द्वारा बांटे गए। इसी कड़ी में प्रताप नगर चौराहा पर समाजसेवी नीरज गुप्ता आशीष गुप्ता ने सब्जी पूड़ी का प्रसाद वितरित किया जो देर शाम तक चलता रहा। पास में ही मनोज शुक्ला के वहां भी प्रसाद वितरित किया गया। बेनीगंज कस्बे के नटवीर बाबा ब्रह्मदेव स्थान पर समाजसेवी पुनीत मिश्रा ने सब्जी पूरी का प्रसाद भंडारे का आयोजन किया जिसमें भक्तों ने बड़ी तादात में प्रसाद पाया। वही दूरघटिया मोड़ पर श्रीकांत शुक्ला ने हनुमान जी का बूंदी का भोग लगाकर भक्तों को बूंदी का प्रसाद वितरित किया। बस स्टॉप पर श्री राम भगवान हनुमान महाराज के चित्र पर भाजपा नेता अरविंद शुक्ला ने पूजा



अर्चना कर भंडारे की शुरुआत की। भंडारे में मंडल अध्यक्ष रोहित वेश्य सहित कई लोगों ने प्रसाद बाटा। संडीला रोड पर गणेश गुप्ता ने सब्जी पूड़ी का प्रसाद वितरित किया। इसी कड़ी में भक्तों ने अपनी आस्था दिखाते हुए कस्बे सहित कोथावां आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में शरबत सब्जी पूड़ी हलवा का प्रसाद बांटा गया।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता

**नेपथ्य में देश के लोकतंत्र की आस्था पर विस्वास और गर्व**
**भारत की दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक व्यवस्था पर हमें गर्व होना चाहिए**

हमें स्वतंत्रता अथक मेहनत एवं खून पसीना बहाने के बाद प्राप्त हुई है। स्वाधीनता के बाद हमारे संवैधानिक इतिहास में लोकतंत्र की संरचना को सर्वाधिक महत्व दिया गया है। इस महान लोकतंत्र की आस्था और विश्वास के कारण ही देश का मनोबल बहुत ऊंचा एवं गगनचुम्बी है हमें इस पर गर्व होना चाहिए और यही कारण है कि भारत में लोकतंत्र की आस्था तथा विस्वास के चलते ही ऑपरेशन सिंदूर चला कर पाकिस्तान के अंदर घुसकर हमला किया और आतंकवादियों तथा उसके पोषक पालकों के छक्के छुड़ा दिए और भारत ने युद्ध में बड़ी सफलता पाई। भारतीय फौज के शौर्य और शक्ति का लोहा पूरी दुनिया में स्वीकार किया है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के पीछे भारत में लोकतांत्रिक आस्था और गर्व पर विश्वास करने वाली 141 करोड़ जनता का बड़ा समर्थन है। देश की जागरूक जनता ने ऑपरेशन सिंदूर के संचालन में भारत सरकार और भारतीय तीनों सेना के अंगों का भरपूर समर्थन किया है, भारत के नागरिकों को भारतीय सेना के अदम्य साहस और वीरता पर गर्व है। हमें इन गौरवशाली पलों को अनंत काल तक बनाए रखना होगा और इसके साथ ही स्वाधीनता को भी चिरकाल तक अस्मिता की तरह संजोए रखने की आवश्यकता है। जातिभेद, रंगभेद और सामाजिक कुरीतियों को नजरअंदाज कर लोकतंत्र की अंतर्निहित शक्ति को और ताकतवर बनाना है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से ही भारत की सरकारें वर्ष 2025 तक यह प्रयास करती रही कि एक नवीन, मजबूत भारत का उदय हो, जहां अमीरी, गरीबी, जाति, संप्रदाय और सामान्य और दलित वर्ग भेद पूर्णता समाप्त हो जाए,पर भरसक प्रयास के बाद भी ऐसा हो नहीं पाया हैद्य वर्तमान में भारत की सामाजिक आर्थिक विभिन्नता एवं विषमता देश के आर्थिक तथा वैश्विक छवि के लिए अवरोध साबित हो सकते हैं। देश में विभिन्न नीतियों के विरुद्ध राष्ट्रीय संपत्ति की तोड़फोड़, आपसी असहमति में हत्याये देश के सर्वांगीण विकास के लिए अच्छे संकेत नहीं है। भारत को एक सशक्त आंतरिक नीति एवं सामाजिक सौहार्द्र की आवश्यकता है तब ही हम विकास के पथ पर आगे प्रशस्त हो सकते हैं। भारत की सफल विदेश नीति एक अच्छी नीति की शुरुआत है और विदेशों में भारत की एक अलग पहचान भी महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, पर केवल विदेश नीति से ही देश की 131 करोड़ जनता का पेट भरना और उसे विकास की राह में ले जाना मुमकिन नहीं है। देश की आवाम को सशक्त योजनाओं और आर्थिक तंत्र के मजबूत होने के साथ-साथ उत्पादन में आत्मनिर्भरता से ही मजबूत बनाया जा सकता है, तब जाकर देश की गरीबी एवं भूखमरी पर निजात पाई जा सकती है। धर्मनिरपेक्षता के मजबूत कंधों के सहारे देश को सांप्रदायिक सद्भाव के मार्ग पर ले जाने के साथ-साथ शांति और सौहार्द्र का वातावरण तैयार किया जा सकता है। देश में शांति सौहार्द और उत्पादन में आत्मनिर्भरता ही विकास के सच्चे पैमाने हैं। पंचवर्षीय योजनाओं में लगातार गरीबी उन्मूलन, कृषि विकास की योजनाएं, विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी, स्कूली एवं कॉलेज की शिक्षा, स्वास्थ्य की तमाम परेशानियों को दूर करने के लिए बड़ी-बड़ी आर्थिक योजनाएं बनती रही हैं,पर न तो पूरी तरह योजनाओं में अमल हो पाया और ना ही भरपूर वित्तीय संसाधनों का सही-सही समुचित दोहन ही हो पायाद्य वैसे तो यह कल्पना की गई थी कि स्वतंत्रता के पश्चात भारत की सरकारें ग्रामीण विकास को प्राथमिकता देकर शहर तथा गांव की सरहदों को मिटाने का प्रयास करेगी, हमारा लोकतांत्रिक ढांचा इतना समावेशी और मजबूत नहीं हो पाया कि हम देश के संपूर्ण विकास के लिए कटिबद्ध हो पाएद्य संसद, विधायिका और कार्यपालिका में तालमेल की कमी के कारण भारत में विकास कल्पना के अनुरूप मूर्त रूप नहीं ले पायाद्य हमें नवीन भारत की संकल्पना के साथ-साथ गरीबी उन्मूलन प्रयास को बहुत सशक्त एवं दमदार बनाना होगाद्य केवल गरीबों को मुफ्त में अनाज देकर उनकी गरीबी दूर नहीं की जा सकती हैद्य गरीबों को अनाज देने के साथ-साथ उनके हाथों को काम और आजीविका के साधन भी देने होंगे, तब जाकर देश की स्थिति सुधर सकती हैद्य हमें गरीबी के अनेक स्वरूपों को जड़ से खत्म करना होगा। इसके लिए हमें पिछड़ी जाति, दलित, दिव्यांग,महिलाएं, गरीब बच्चे के लिए सर्वाधिक योजनाओं को महत्व देकर निशुल्क शिक्षा,रोजगार गारंटी तथा कौशल विकास तथा पारदर्शी स्वास्थ्य योजनाओं को हर पंचवर्षीय योजना में लागू किया जाना होगा, पर अब हर वर्ष नई नई योजनाएं बनाकर उस पर प्रभावी क्रियान्वयन कर गरीबी उन्मूलन को प्राथमिकता के तौर पर सफल बनाना होगाद्य यह सर्वविदित है कि सरकार द्वारा बनाई गई योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से ही नवीन भारत का मार्ग प्रस्तुत हो सकता हैद्य भारतीय समाज में जातिवाद एक बड़े नासूर की तरह हम सबके समक्ष खड़ा हैद्य जात पात को खत्म करने के लिए स्वतंत्रता के प्राप्ति के पश्चात कई महान पुरुषों ने अपना जीवन लगा दिया था, जिनमें प्रमुख ज्योतिबा फुले, महात्मा गांधी, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के नाम उल्लेखनीय हैद्य इनके समुचित प्रयास के बाद भी जातिवाद को आज भी भारत में खत्म नहीं किया जा सका है,बल्कि यह बड़े रूप में सामने आए हैं एवं राजनीतिक समीकरण के कारण यह और उभर कर सामने आया हैद्य जिसका फायदा राजनीतिज्ञ अपने चुनाव के समय वोटर को अपने पक्ष में करने के लिए उठाते हैंद्य 1947 के बाद स्वतंत्रता प्राप्ति के समय 1955 में सिविल अधिकार एक्ट लागू किया इसके बावजूद हालात जस के तस हैंद्य हमारा देश एक बहू धार्मिक सांस्कृतिक एवं विविधता वाला देश है द्य भारत पूरे विश्व में सबसे बड़ा प्रजातांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में माना जाता है। सांप्रदायिकता को रोकने के लिए संसद में अनेक संशोधन हुए हैं इसके बावजूद देश में धार्मिक सौहार्द बनाने में बहुत असफलताएं सामने आई है। यहां सांप्रदायिक दंगे भी हुए हैं, जिसे सरकार रोकने का भरसक प्रयास करती रही लेकिन सदैव उन्हें असफलता ही हाथ लगी हैद्य संप्रदाय, जाति प्रथा, मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे तथा चर्च के विवाद के कारण ही सांप्रदायिकता सदैव खतरे में रही हैद्य सांप्रदायिक सौहार्द्र बढ़ाने के कई पहलुओं पर गहन चिंतन मनन भी किया गया पर इसमें बहुत बड़ी सफलता हाथ नहीं लगी है, सांप्रदायिकता के साथ जुड़ी हुई आतंकवाद की घटनाएं हुई इस संदर्भ में जोड़ी जाती रही हैद्य आतंकवाद, नक्सली समस्या केवल भारत देश की नहीं है यह अंतरराष्ट्रीय स्वरूप ले चुकी हैद्य भारत आतंकवाद से स्वतंत्रता के बाद से लगभग 73 वर्ष से इस समस्या से जूझ रहा है कश्मीर में आतंकवाद, झारखंड, बिहार,बस्तर, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश,तेलंगाना में नक्सली समस्या अपना सिर उठा चुकी हैद्य हमारे परंपरागत दुश्मन वैसे तो पाकिस्तान और चीन है पर पाकिस्तान और तालिबान एक साथ मिलकर कश्मीर में आतंकवाद का तांडव मचाकर भारत में अशांति फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। भारत ने पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उजागर भी किया हैद्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल से भारत को स्वच्छ निर्मल और स्वस्थ रखने की नई योजनाओं को लागू कर उस पर अमल करना शुरू किया है। स्वच्छ भारत भी एक अभियान की तरह भारत में प्रचलित हैद्य महात्मा गांधी की सदैव कल्पना रही है कि भारत स्वच्छ रहे और इसी कार्यक्रम में सरकार ने सभी शहरों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालय बनाने की योजना को तीव्र स्तर पर लागू भी किया हैद्य पर यह शत-प्रतिशत अनुपालन में नहीं आई हैद्य इसके अलावा भारत कई योजनाओं में एक साथ काम कर रहा है, जैसे चुनाव में संशोधन,श्रम कानूनों में सुधार, पंचायती राज में संशोधन, आर्थिक सशक्तिकरण तथा कार्यपालिका न्यायपालिका तथा विधायिका में सामंजस्य बनाने का प्रयास भी किया गयाद्य भारत में हर वर्ष बाढ़, सूखा तथा भूकंप के झटके भी महसूस किए जाते रहे और इस पर प्रभावी नियंत्रण लाने का प्रयास भी किया गया है। इसके लिए भी अनेक योजनाएं बनाई गई हैं। कुल मिलाकर नवीन भारत की संकल्पना के साथ भारत में तमाम पहलुओं पर विचार करते हुए अपनी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन किया जाना चाहिए, तब जाकर भारत एक नवीन भारत की कल्पना को साकार रूप दे सकता है एवं विश्व स्तर पर अपनी अलग पहचान बना सकता है।

**संजीव ठाकुर**

# पर्यावरणीय समस्याएं- प्राकृतिक संकट से स्वास्थ्य आपदा की ओर

प्रकृति और मानव स्वास्थ्य के बीच सदा से एक गहरा और जीवंत संबंध रहा है। जब पर्यावरण संतुलित और शुद्ध होता है, तब जीवन सुरक्षित, रोगमुक्त और समृद्ध होता है। किंतु वर्तमान में तथाकथित विकास की अंधी दौड़, अंधाधुंध शहरीकरण, औद्योगीकरण, जैविक और रासायनिक हथियारों की होड़ और उपभोक्तावाद की प्रवृत्तियों ने प्रकृति को संकट की कगार पर पहुँचा दिया है।विश्व स्वास्थ्य संगठन ने स्पष्ट रूप से चेताया है कि 21वीं सदी की पर्यावरणीय समस्याएं अब केवल "प्राकृतिक संकट" नहीं रहीं – वे एक "वैश्विक स्वास्थ्य आपदा"का रूप ले चुकी हैं। पर्यावरण की उपेक्षा अब सीधे हमारे स्वास्थ्य, जीवन प्रत्याशा और आने वाली पीढ़ियों की स्थिरता को चुनौती दे रही है। आज विश्व वायु, जल, मृदा, आकाश एवं ध्वनि प्रदूषण, जैवविविधता का क्षरण, वनों की अंधाधुंध कटाई, जलवायु परिवर्तन और कचरा प्रबंधन (प्लास्टिक, ई-वेस्ट, चिकित्सा व औद्योगिक अपशिष्ट) जैसी गहन पर्यावरणीय समस्याओं से जूझ रहा है। ये संकट न केवल पारिस्थितिक असंतुलन को जन्म दे रहे हैं, बल्कि प्राकृतिक आपदाओं की आवृत्ति और तीव्रता में भी अप्रत्याशित वृद्धि कर रहे हैं, जिसका प्रत्यक्ष असर मानव स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। शहरी क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता के निम्न स्तर ने पीएम 2.5 और पीएम 10 जैसे सूक्ष्म कणों की उपस्थिति के कारण दमा, ब्रोंकाइटिस, एलर्जी, हृदय- घात और कैंसर जैसे रोगों को बढ़ावा दिया है। वही जलस्रोतों के प्रदूषण से हैजा, टाइफाइड, हेपेटाइटिस, डायरिया और पथरी जैसे जलजनित रोगों के मामलों में लगातार वृद्धि देखी जा रही है।कृषि में रासायनिक कीटनाशकों, उर्वरकों और संरक्षक रसायनों के अत्यधिक प्रयोग से अब केवल मिट्टी ही नहीं, बल्कि संपूर्ण खाद्य श्रृंखला विषाक्त हो गई है, जिसके दुष्परिणाम कैंसर, हार्मोनल असंतुलन, मानसिक विकार और प्रजनन समस्याओं के रूप में सामने आ रहे हैं। जलवायु में हो रहे परिवर्तन के कारण वैश्विक तापमान में वृद्धि ने रोगाणुओं में उत्परिवर्तन की गति को तीव्र कर दिया है, जिससे वे और अधिक संक्रामक और घातक होते जा रहे हैं। पहले जिन क्षेत्रों में मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया और जूनोटिक रोग नहीं मिलते थे, वहां भी अब इनके मामले सामने आ रहे हैं। जैविक हथियारों के विकास के लिए किये जा रहे शोध ने कोरोना जैसी महामारी और उससे उत्पन्न वैश्विक स्वास्थ्य संकट को जीवन्त बनायें रखा है।

शहरी जीवनशैली, तेजी से फैलता शहरीकरण, हरियाली की कमी, विविध प्रदूषण और तापमान में असामान्यता ने मानसिक स्वास्थ्य पर भी गहरा आघात किया है। तनाव, अवसाद, अनिद्रा, एकाकीपन जैसी समस्याएं दिन-प्रतिदिन बढ़ रही हैं। साथ ही, युद्ध और सैन्य संघर्षों से समुद्री तेल रिसाव, विस्फोट, आगजनी, रेडियोधर्मी प्रभाव और विस्थापन जैसी समस्याएं जन्म ले रही हैं, जो मानवता और पर्यावरण दोनों के लिए विध्वंसकारी सिद्ध हो रही हैं। चेतना, तकनीक और संयम की त्रिवेणी में ही इन जटिल चुनौतियों का समाधान निहित है। हमें विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन स्थापित करने के लिए ग्रीन टेक्नोलॉजी, नवीकरणीय ऊर्जा और सतत कचरा प्रबंधन को प्राथमिकता देनी होगी। 'पाँच-आर' की नीति को व्यवहार में उतारना और जनसामान्य में पर्यावरणीय चेतना जाग्रत करना आज की महती आवश्यकता है।सरकारों को चाहिए कि वे पर्यावरणीय कानूनों को कठोर बनाएं और उनके क्रियान्वयन में इच्छाशक्ति दर्शाएं। लेकिन केवल नीतियां पर्याप्त नहीं हैं – जब तक हर नागरिक अपने आचरण और उपभोग की प्रवृत्तियों में बदलाव नहीं लाएगा, तब तक समाधान अधूरा रहेगा।संवेदनशीलता और विवेक से ही भविष्य सुरक्षित रह सकता है। भगवान बुद्ध ने प्रकृति से संसाधन लेते समय मधुमक्खी के व्यवहार को आदर्श बताया था – जो फूल से पराग लेते हुए उसके रंग, रूप या सुगंध को क्षति नहीं पहुँचाती। महात्मा गांधी ने भी यही बात कही थी "प्रकृति हर व्यक्ति की आवश्यकता की पूर्ति कर सकती है, लेकिन किसी एक के लालच की नहीं।"


इसलिए प्रकृति के दोहन में संयम, विवेक और मितव्ययिता अनिवार्य है। जब तक हमारी जीवनशैली प्रकृति के अनुकूल नहीं होगी,जैविक आहार, सार्वजनिक परिवहन, वृक्षारोपण, जल संरक्षण और पारिस्थितिकी के साथ सह-अस्तित्व जैसे कार्यों को हम अपने जीवन का हिस्सा नहीं बनाएंगे – तब तक कोई भी प्रयास अधूरा रहेगा। यह भी उतना ही सत्य है कि पर्यावरणीय समस्याओं का समाधान किसी एक देश, संस्था या व्यक्ति से नहीं हो सकता। इसके लिए वैश्विक सहयोग, नीति समन्वय, जन-जागरूकता और सतत स्वास्थ्य ढांचे की आवश्यकता है। प्रत्येक राष्ट्र – चाहे वह विकसित हो या विकासशील – को स्वच्छ ऊर्जा, पर्यावरणीय अनुकूलता और भावनात्मक उत्तरदायित्व को अपने विकास मॉडल में सम्मिलित करना होगा।प्रकृति को केवल भोग की वस्तु नहीं, बल्कि एक जीवंत सत्ता तथा देवत्व के रूप में सम्मान देने का समय आ गया है। प्रकृति की रक्षा में ही मानवता की रक्षा निहित है।

**डॉ मनमोहन प्रकाश**

# दैनिक राशिफल



ज्योतिष सेवा केन्द्र लखनऊ
डॉ.कौशलेन्द्र पाण्डेय जी




**मेष**–नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। परीक्षा आदि में सफलता मिलेगी। पारिवारिक कष्ट एवं समस्याओं का अंत संभव है। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। आय से अधिक व्यय न करें। परोपकार में रुचि बढ़ेगी।

**वृष**– व्यवसाय ठीक चलेगा। अर्थ प्राप्ति के योग बनेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। राजकीय बाधा दूर होगी। बेचैनी रहेगी। विवादों से दूर रहना चाहिए। पिता से व्यापार में सहयोग मिल सकेगा। सरकारी मसले सुलझेंगे। सकारात्मक सोच बनेगी।

**मिथुन**– जोखिम व जमानत के कार्य टालें, बाकी सामान्य रहेगा। प्रयास अधिक करने पर भी उचित सफलता मिलने में संदेह है। कार्य में विलंब के भी योग हैं। आर्थिक हानि हो सकती है। पारिवारिक जीवन तनावपूर्ण रहेगा। चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है।

**कर्क**– यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। रुके धन के लिए प्रयत्न जरूर करें। कार्य का विस्तार होगा। दूसरे के कार्यों में हस्तक्षेप से बचें। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। विलासिता के प्रति रुझान बढ़ेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। अध्यात्म में रुचि रहेगी।

**सिंह**–संपत्ति की खरीद-फरोख्त हो सकती है। आय बढ़ेगी। मन में उत्साहपूर्ण विचारों के कारण समय सुखद व्यतीत होगा। मकान व जमीन संबंधी कार्य बनेंगे। अनायास धन लाभ के योग हैं। व्यापार में वांछित उन्नति होगी। बेरोजगारी दूर होगी। विवाद न करें।

**कन्या**– कार्यस्थल पर परिवर्तन लाभ में वृद्धि करेगा। योजना फलीभूत होगी। नए अनुबंध होंगे। कष्ट होगा। पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ने से व्यस्तता बढ़ेगी। कार्य में नवीनता के भी योग हैं। संतान के व्यवहार से समाज में सम्मान बढ़ेगा। स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**तुला**– रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी बड़े कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे। प्रसन्नता बनी रहेगी। नए कार्यों से जुड़ने का योग बनेगा। पारिवारिक जीवन सुखद नहीं रहेगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा। इच्छित लाभ होगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा हो सकती है।

**वृश्चिक**–शत्रु सक्रिय रहेंगे। कुसंगति से हानि होगी। व्ययवृद्धि होगी। लेन-देन में सावधानी रखें, जोखिम न लें। किसी शुभचिंतक से मेल-मुलाकात का हर्ष होगा। संतान की आजीविका संबंधी समस्या का हल निकलेगा। लापरवाही से काम न करें।

**धनु**– किसी कार्य में प्रतिस्पर्धात्मक तरीके से जुड़ने की प्रवृत्ति आपके लिए शुभ रहेगी। राज्यपक्ष से लाभ होगा। अपने काम से काम रखें। दांपत्य सुख प्राप्त होगा। बुरी खबर मिल सकती है। विवाद को बढ़ावा न दें। भागदौड़ रहेगी। आय में कमी होगी।

**मकर**–यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। डूबी हुई रकम प्राप्त होगी। आय में वृद्धि होगी। प्रमाद न करें। आकस्मिक लाभ व निकटजनों की प्रगति से मन में प्रसन्नाता रहेगी। परिश्रम से स्वयं के कार्यों में भी शुभ परिणाम आएँगे। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें।

**कुंभ**–मान-सम्मान मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा। दूर रहने वाले व्यक्तियों से संपर्क के कारण लाभ हो सकता है। नई योजनाओं का सूत्रपात होने के योग हैं। कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। व्यर्थ संदेह न करें। मेहनत का फल पूरा-पूरा मिलेगा।

**मीन**–मेहमानों का आवागमन होगा। व्यय होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। अपने प्रयासों से उन्नति पथ प्रशस्त करेंगे। बुद्धि चातुर्य से कठिन कार्य भी आसानी से बनेंगे। व्यापार अच्छा चलेगा। व्यर्थ समय नष्ट न करें। रुका पैसा मिलेगा।

# संपादकीय

## मासूमियत की चीखें और हमारी चुप्पी- कब टूटेगा ये सन्नाटा?

**[ हर लापता बच्चा हमारी मानवता पर एक सवाल है ]**

दुनिया तब तक निर्दोष नहीं कहलाएगी, जब तक किसी मासूम बच्चे की चीखें अंधेरे में गूंजती रहें और समाज चुपचाप आंखें फेर ले। बाल यातना और अवैध तस्करी हमारे समय का सबसे घृणित अपराध है, जो मानवता के माथे पर काले धब्बे की तरह उभरता है। क्या हम उस दुनिया का हिस्सा बनना चाहते हैं, जहां बच्चों की मासूम हंसी डर की सिसकियों में बदल जाए? जहां उनके सपनों के नन्हें कदमों को जंजीरों में जकड़ दिया जाए? 4 जून, बाल यातना एवं अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस, हमें यही सवाल पूछता है और एक जवाब की मांग करता है – न केवल शब्दों में, बल्कि कर्मों में। आज विश्व भर में लाखों बच्चे शोषण, दमन और यातना का शिकार हो रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के 2020 के अनुमान के अनुसार, विश्व में लगभग 16 करोड़ बच्चे बाल श्रम में फंसे हैं, और लाखों बच्चे तस्करी का शिकार होकर यौन शोषण, जबरन मजदूरी, सशस्त्र संघर्षों में सैनिक बनने, या घरेलू दासता जैसे अमानवीय हालातों में जीने को मजबूर हैं। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट बताती है कि हर साल करीब 12 लाख बच्चे मानव तस्करी का शिकार बनते हैं, जिनमें से अधिकांश लड़कियां यौन शोषण के लिए तस्करी की जाती हैं। ये आंकड़े केवल संख्या नहीं, बल्कि उन मासूमों की चीखें हैं, जिनका बचपन छीन लिया गया है। ये बच्चे न केवल अपने अधिकारों से वंचित हैं, बल्कि उनकी पहचान, स्वतंत्रता और भविष्य भी कुचल दिए गए हैं।

यह अपराध इतना कपटपूर्ण है कि यह अक्सर 'अदृश्य' रहता है। तस्कर संगठित गिरोहों के रूप में काम करते हैं, जो गरीबी, अशिक्षा और सामाजिक उदासीनता का फायदा उठाते हैं। भारत जैसे देश में, जहां सामाजिक-आर्थिक असमानता और जागरूकता की कमी व्यापक है, यह समस्या और भी गहरी है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के 2022 के आंकड़ों के अनुसार, भारत में हर साल हजारों बच्चे लापता हो जाते हैं, जिनमें से कई तस्करी के शिकार बनते हैं। कई बार माता-पिता, बेहतर भविष्य के वादे में धोखा खाकर, अपने बच्चों को दलालों के हवाले कर देते हैं। फिर वे बच्चे कभी वापस नहीं लौटते – सिवाय किसी अखबार के छोटे से कॉलम या पुलिस रिकॉर्ड की ठंडी फाइलों में। बाल तस्करी और यातना का यह घिनौना धंधा केवल कुछ अपराधियों तक सीमित नहीं है; यह एक वैश्विक तंत्र है, जो सीमाओं, संस्कृतियों और समाजों को लांघता है। यह अपराध हमारे आसपास, हमारे शहरों, गांवों और गलियों में पनपता है। गरीबी और बेरोजगारी इसकी जड़ें मजबूत करते हैं, जबकि अज्ञानता और उदासीनता इसे पनपने का मौका देती हैं। फिर भी, समाज का एक बड़ा हिस्सा इसे 'दूर की समस्या' मानकर चुप रहता है। लेकिन सच यह है कि जब तक हम इस सच को स्वीकार नहीं करते कि यह हमारी साझा जिम्मेदारी है, तब तक यह अंधेरा हमारी सभ्यता को निगलता रहेगा।

इसके खिलाफ लड़ाई केवल कानूनों तक सीमित नहीं हो सकती। भारत में प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंसेस (पॉक्सो) एक्ट, जुवेनाइल जस्टिस एक्ट, और मानव तस्करी निवारण अधिनियम जैसे कानून मौजूद हैं, लेकिन इनका प्रभावी कार्यान्वयन अभी भी एक चुनौती है। कानून तभी सार्थक होते हैं, जब समाज उनकी भावना को अपनाए। इसके लिए हमें एक जागरूक, संवेदनशील और सक्रिय समाज की जरूरत है। हर स्कूल, हर पंचायत, हर मोहल्ले में यह संदेश गूंजना चाहिए कि कोई भी बच्चा बिकाऊ नहीं है। शिक्षा और जागरूकता इस लड़ाई का सबसे मजबूत हथियार हैं। जब हर व्यक्ति यह समझ लेगा कि बच्चों का शोषण केवल एक अपराध नहीं, बल्कि मानवता के खिलाफ जंग है, तभी इसकी जड़ें कमजोर होंगी। आज के डिजिटल युग में बाल तस्करी ने नए रूप ले लिए हैं। इंटरनेट और सोशल मीडिया बच्चों को फंसाने का बड़ा जरिया बन गए हैं। साइबर अपराधी मासूमों को झूठे वादों, दोस्ती के जाल, या डराने-धमकाने के जरिए फंसाते हैं। यूनाइटेड नेशंस की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, ऑनलाइन बाल शोषण की घटनाएं पिछले एक दशक में दोगुनी हो गई हैं। ऐसे में साइबर निगरानी को मजबूत करना और अभिभावकों को अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर रखने के लिए शिक्षित करना जरूरी है। साथ ही, तकनीक का सकारात्मक उपयोग, जैसे कि लापता बच्चों की तलाश में डेटाबेस और ट्रैकिंग सिस्टम, इस लड़ाई में मददगार हो सकता है। इसके अलावा, जो बच्चे तस्करी और यातना का शिकार हो चुके हैं, उन्हें समाज में दोबारा स्थापित करने की जरूरत है। गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) और सामाजिक संस्थाओं को मनोवैज्ञानिक सहायता, शिक्षा और पुनर्वास के अवसर प्रदान करने चाहिए। भारत में 'बचपन बचाओ आंदोलन' जैसे संगठन इस दिशा में सराहनीय कार्य कर रहे हैं, लेकिन उनकी पहुंच सीमित है। सरकार, समाज और निजी क्षेत्र को मिलकर एक ऐसा तंत्र बनाना होगा, जो हर पीड़ित बच्चे तक पहुंच सके।

लेकिन सबसे बड़ा सवाल यही है – क्या हम बस चुपचाप पढ़कर आगे बढ़ जाएंगे, या सच में कुछ बदलने की हिम्मत करेंगे? जब कोई मासूम बच्चा दर्द से कराहता है और हम आंखें फेर लेते हैं, तब दोषी सिर्फ वह दरिंदा नहीं होता – हम भी उसके भागीदार बन जाते हैं। अब वक्त सिर्फ बातों का नहीं, बल्कि निर्णायक कार्रवाई का है। हमें उन मासूम आंखों में फिर से सपनों की चमक लानी है, जिनसे बचपन छीन लिया गया। हमें उन नन्हें पैरों को आज़ादी की ज़मीन पर चलने देना है, जिन्हें अब तक बर्बरता ने बेड़ियों में जकड़ा हुआ था। हर वह हाथ जो एक मासूम को शोषण से बचाता है, हर वह आवाज जो अन्याय के खिलाफ गूंजती है – वही असली इंसानियत का प्रहरी है। एक बच्चे को बचाना सिर्फ एक जान बचाना नहीं, बल्कि पूरी मानवता के भविष्य को सुरक्षित करना है। जब इस धरती का आख़िरी बच्चा भी निडर होकर मुस्कुरा सके, जब हर बालक को उसका बचपन, उसकी शिक्षा, और अपने सपनों को उड़ान देने की आज़ादी मिल सके – तभी हम खुद को एक सभ्य समाज कहने का हक़दार होंगे। इस 4 जून, आइए एक वादा करें – हम मूक दर्शक नहीं बनेंगे, हम बदलाव की आग बनकर उठेंगे। क्योंकि किसी एक बच्चे की मुस्कान में ही वो उजाला छिपा है, जो इस दुनिया के सबसे गहरे अंधेरे को भी रोशन कर सकता है।

**प्रो. आरके जैन**

# चुनावी रेवड़ी या गरीबों की सच्ची मदद



चुनावी रेवड़ी या गरीबों की मदद यह विषय हमारे लोकतंत्र की बुनियादी संवेदनशीलताओं को छूता है। हर बार चुनाव आते ही नेताओं द्वारा गरीबों और आम जनता को मुफ्त वस्तुएं, सुविधाएं और योजनाएं दी जाती हैं। यह हमारे चुनावी परिदृश्य का एक अनिवार्य हिस्सा बन चुका है। बिजली के बिल माफ करना, मुफ्त राशन बांटना, स्कूटी या मोबाइल वितरण, वृद्धों को पेंशन, बेरोजगारी भत्ता जैसी घोषणाएं इतनी आम हो गई हैं कि वे चुनावी रेवड़ी के तौर पर पहचानी जाती हैं। लेकिन क्या सचमुच ये रेवड़ी हैं, या फिर गरीबों की सच्ची मदद? इसके पीछे छुपी जटिलताओं, राजनीति और सामाजिक असमानताओं को समझना जरूरी है। सबसे पहले, हमें चुनावी रेवड़ी शब्द के अर्थ को समझना होगा। यह शब्द अक्सर नकारात्मक संदर्भ में इस्तेमाल होता है, जो नेताओं के उस व्यवहार पर कटाक्ष करता है जहाँ वे वोट पाने के लिए जनता को तात्कालिक और छोटे-मोटे लाभ देते हैं। इन लाभों का उद्देश्य जनता की दीर्घकालिक भलाई नहीं बल्कि सिर्फ चुनाव जीतना होता है। इस नजरिए से देखा जाए तो 'रेवड़ी' का मतलब होता है वोट बैंक की राजनीति, जो असल विकास के रास्ते में बाधा बनती है। लेकिन क्या हर मुफ्त या सब्सिडी वाली योजना को रेवड़ी कहना सही होगा? हमारे देश में करोड़ों लोग आज भी मूलभूत आवश्यकताओं से वंचित हैं खाना, साफ पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं। जब कोई सरकार उन्हें मुफ्त राशन या स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करती है, तो इसे केवल चुनावी चाल कह कर नजरअंदाज करना न्यायसंगत नहीं होगा। उदाहरण के लिए, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, जनधन योजना जैसी योजनाएं गरीबों की जीवनशैली में सुधार के लिए हैं। कोविड महामारी के दौरान मुफ्त राशन और टीकाकरण ने लाखों गरीबों को बचाया। ऐसी योजनाओं को चुनावी रेवड़ी कह कर तुच्छ ठहराना उनके सामाजिक और आर्थिक महत्व को कम आंकना होगा। यहां पर एक महत्वपूर्ण अंतर समझना आवश्यक है जब कोई योजना स्थायी, समर्पित और पारदर्शी होती है, जिसका उद्देश्य गरीबों को सशक्त बनाना होता है, तब वह 'रेवड़ी' नहीं बल्कि 'कल्याणकारी नीति' कहलाती है। दूसरी ओर, यदि योजनाएं बिना किसी दीर्घकालिक योजना के केवल चुनाव तक सीमित रह जाती हैं और सरकार का वित्तीय बजट बिगाड़ती हैं, तो वह निश्चित रूप से लोकतंत्र के लिए हानिकारक हैं। राजनीतिक परिप्रेक्ष्य से देखें तो चुनावी रेवड़ी एक रणनीतिक हथियार बन चुकी है। यह वोट बैंक को लुभाने का त्वरित तरीका है। खासकर उन इलाकों में जहां गरीबी ज्यादा है, शिक्षा और रोजगार के अवसर कम हैं, वहां चुनावी रेवड़ी का प्रभाव सीधे वोटों में बदल जाता है।

नेताओं के लिए यह एक बहुमूल्य निवेश है, लेकिन इसके दुष्परिणामों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। आर्थिक दृष्टि से देखा जाए तो, इस तरह की योजनाएं राज्य और केंद्र के खजाने पर भारी पड़ती हैं। बजट घाटा बढ़ता है, विकास के लिए जरूरी निवेश कम हो जाता है और अंततः आम जनता को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। सामाजिक रूप से भी चुनावी रेवड़ी का एक और नकारात्मक पक्ष है। यह जनता को स्वावलंबन की ओर बढ़ने से रोकता है। लोग मुफ्त पर निर्भर हो जाते हैं और विकास के लिए आवश्यक सामूहिक प्रयास कमजोर पड़ जाते हैं। यही वजह है कि कई बार मुफ्त योजनाओं का लाभ सही लोगों तक नहीं पहुंचता और भ्रष्टाचार का जन्म होता है। इसके अलावा, यह गरीब और अमीर के बीच असमानता को बढ़ाता है, क्योंकि अमीर वर्ग को तो नीतिगत छूट और सब्सिडी मिलती रहती है, लेकिन गरीबों को मिलने वाली सुविधाओं को चुनावी रेवड़ी के रूप में देखा जाता है। फिर भी, हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हर मुफ्त योजना या सहायता को नकारना उचित नहीं है। गरीबों को जब तक शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और रोजगार के अवसर उपलब्ध नहीं कराए जाएंगे, तब तक वे समाज के विकास में पूर्ण रूप से भागीदार नहीं बन पाएंगे। इसीलिए नीतियां ऐसी होनी चाहिए जो केवल चुनावी गणित की साधना न हों, बल्कि जनकल्याण और समाज के कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण का माध्यम बनें। योजनाओं को दीर्घकालिक, वित्तीय रूप से टिकाऊ, पारदर्शी और जवाबदेह बनाना होगा ताकि वे वास्तविक बदलाव ला सकें।

इस दिशा में जरूरी है कि सरकारें जनता को सिर्फ तात्कालिक लाभ देने के बजाय उन्हें स्थायी अवसर प्रदान करें। गरीबों को मुफ्त वस्तुएं बांटने के बजाय उनकी योग्यता और कौशल को बढ़ावा दें, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। रोजगार सृजन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा में सुधार, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सुरक्षा को प्राथमिकता देना होगा। तभी चुनावी रेवड़ी का दायरा कम होगा और गरीबों की सच्ची मदद होगी। लोकतंत्र का असली उद्देश्य केवल चुनाव जीतना नहीं बल्कि आम जनता के जीवन को बेहतर बनाना है। गरीबों की मदद तब सफल होगी जब उसे केवल वोट बैंक की राजनीति की रेवड़ी न समझा जाए, बल्कि एक संवेदनशील और सशक्त समाज बनाने के प्रयास के रूप में लिया जाए। तभी हम एक ऐसे भारत का निर्माण कर पाएंगे जहां हर व्यक्ति को समान अवसर मिले, जहां विकास की छाया सब तक पहुंचे, और जहां लोकतंत्र की गूंज केवल चुनाव के समय नहीं बल्कि हर दिन सुनाई दे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## एमएलसी ने परिवहन निगम के अफसरों के साथ किया बस अड्डे का निरीक्षण



**55 लाख से होना है परिसर का उच्चीकरण**

**रुद्रपुर,देवरिया।** वर्षों से जर्जर स्थिति में पड़े रुद्रपुर बस स्टेशन के उच्चीकरण और सौंदर्यीकरण की दिशा में अब ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। सोमवार को विधान परिषद सदस्य डॉ. रतन पाल सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि व भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष छट्ठे लाल निगम के साथ एआरएम रोडवेज कपिलदेव प्रसाद, जेई राम अमिल चौधरी और अरविंद कुमार बाबू ने बस स्टेशन का निरीक्षण कर उच्चीकरण के लिए आगणन प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। डॉ. रतन पाल सिंह ने बताया कि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से हुई मुलाकातों के बाद शासन ने बस स्टेशन के जीर्णोद्धार के लिए 55 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। परिवहन विभाग के विशेष सचिव लुटावन राम ने प्रबंध निदेशक को पत्र जारी कर उच्चीकरण और निर्मित भवन के जीर्णोद्धार के निर्देश दिए हैं। उम्मीद है कि बरसात से पहले कार्य शुरू हो जाय अन्यथा फिर मामला लटका सकता है।

## पुलिस ने दो वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



**महराजगंज।** परसामलिक पुलिस ने मारपीट के मामले में वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कागजी कार्यवाही के बाद न्यायालय भेज दिया। जानकारी के मुताबिक परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत परसामलिक टोला पाटनडीह निवासी विरेन्द्र पुत्र छोटेलाल व सुन्नर पुत्र बलिराज दोनों अभियुक्त धारा 323,504 आदि सम्बंधित धाराओं में वांछित चल रहे थे कि मंगलवार को उपनिरीक्षक आदर्श सिंह, हेड कांस्टेबल सुनील कुमार ने दोनों अभियुक्तों को थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर थाने लाई। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को कागजी कार्यवाही के बाद अग्रिम कार्यवाही के लिए न्यायालय भेज दिया। इस सम्बन्ध में उपनिरीक्षक आदर्श सिंह ने बताया कि मारपीट के मामले में वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

## चली गोली, घायल मेडिकल कालेज गोरखपुर में भर्ती

**देवरिया।** जनपद के कोतवाली थाना क्षेत्र के खोराराम में गोली चलने से एक व्यक्ति घायल हो गया। घायलावस्था में उसे मेडिकल कालेज पहुँचाया गया। चिकित्सकों ने इलाज हेतु गोरखपुर मेडिकल कालेज भेजा गया जहां उसका इलाज चल रहा है। इस सम्बन्ध में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अरविन्द वर्मा ने बताया कि 112 पर सूचना मिली कि जनपद के कोतवाली थाना क्षेत्र के खोराराम गांव में विजय कुमार नाम के एक व्यक्ति पर कुछ लोग हमलावर हो गये जिनमें बजरंगी विश्वकर्मा व उनके साथी शामिल हैं, उन्होंने उन पर गोली चलाई जिससे उनके हाथ और रिब्स के पास गोली लगी है। बेहतर उपचार के लिए उन्हें गोरखपुर भेजा गया है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें गठित की गयी हैं। पत्नी ने तहरीर दी है जिस आधार पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है। फील्ड यूनिट की टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर लिया है। आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## सलेमपुर-लार बाईपास मार्ग पर 4 जून से 20 जून तक यातायात प्रतिबंधित

**देवरिया ।** अधिशासी अभियंता, निर्माण खंड, लोक निर्माण विभाग, देवरिया अनिल कुमार ने बताया कि सलेमपुर-लार मार्ग एवं लार बाईपास मार्ग के चैनेज 7.300 से 9.300 तक के हिस्से में सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य स्वीकृत किया गया है। निर्धारित खंड में निर्माण कार्य प्रगति पर है। इस खंड में मार्ग को डिस्मेंटल कर उच्चीकरण कराया जाना प्रस्तावित है। इस कार्य के सुचारु संचालन हेतु उक्त खंड पर 4 जून से 20 जून तक यातायात पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। यातायात प्रभावित अवधि के दौरान वाहनों के सुगम आवागमन हेतु वैकल्पिक मार्ग के रूप में रामजानकी मार्ग, लार टाउन मार्ग तथा शहीद कैप्टन आयुष्मान सिंह मार्ग का उपयोग किया जा सकेगा।

# गोरखपुर रेंज के नए डीआईजी शिवा शिम्पी चन्नप्पा ने संभाला कार्यभार, नेपाल बॉर्डर पर कड़ी निगरानी पर प्राथमिकता

स्वतंत्र प्रभात



**गोरखपुर।** 2009 बैच के तेज-तर्रार आईपीएस अधिकारी शिवा शिम्पी चन्नप्पा ने सोमवार को गोरखपुर रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) का कार्यभार संभाल लिया। कार्यभार ग्रहण करने से पहले उन्हें एनेक्सी भवन में गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। इसके बाद डीआईजी ने गोरखनाथ मंदिर पहुंचकर बाबा गोरखनाथ का आशीर्वाद लिया।

**कानून-व्यवस्था और जन सहयोग पर जोर**

डाइनामाइट न्यूज संवादाता रिपोर्ट अनुसार कार्यभार संभालने के बाद डीआईजी चन्नप्पा ने अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कीं। उन्होंने कहा कि गोरखपुर रेंज में कानून-व्यवस्था को मजबूत करना, जन सहयोग के साथ पुलिसिंग को बढ़ावा देना और सरकार की प्राथमिकताओं को गति देना उनका पहला लक्ष्य है। खास तौर पर नेपाल और बिहार से सटी सीमाओं पर कड़ी चौकसी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाएगी और गौवंश तस्करी व शराब तस्करी जैसे अपराधों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**जमीनी विवादों का त्वरित समाधान**

डीआईजी ने बताया कि गोरखपुर रेंज में जमीनी विवादों की संख्या अधिक है। इसे नियंत्रित करने के लिए पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर राजस्व विभाग के साथ मिलकर विवादों का त्वरित समाधान कराया जाए। इससे बड़ी घटनाओं को रोकने में मदद मिलेगी। साथ ही, फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण को भी प्राथमिकता दी जाएगी।

**महिला उत्पीड़न पर जीरो टॉलरेंस**

महिला उत्पीड़न के मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डीआईजी ने साफ कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप कार्य किया जाएगा और महिला सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरती जाएगी।

**कौन हैं शिवा शिम्पी चन्नप्पा?**

शिवा शिम्पी चन्नप्पा एक अनुभवी और विद्वान अधिकारी हैं। उन्होंने एम.एस.सी. और नेमाटोलॉजी (सूत्रकृमि विज्ञान) में पीएचडी की है। 2009 बैच के इस आईपीएस अधिकारी का गोरखपुर से पुराना नाता है। वे वर्ष 2013-14 में गोरखपुर में एसपी (ग्रामीण) के पद पर तैनात रह चुके हैं और देवरिया जिले में भी पुलिस अधीक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। कार्यभार ग्रहण करने से पहले वे वाराणसी कमिश्नरेट में अपर पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था) के पद पर तैनात थे।

# माफिया सुधीर सिंह की तलाश में ख़जनी पुलिस की ताबड़तोड़ छापेमारी, रिश्तेदारों के घरों पर भी दबिश



**ख़जनी ।** गोरखपुर जिले के खजनी क्षेत्र में 27 मई 2025 की रात एक निजी पार्टी के दौरान हुए विवाद ने जिले में हड़कंप मचा दिया है। इस घटना में उत्तर प्रदेश के 68 माफियाओं की सूची में शामिल और गोरखपुर के टॉप-10 माफियाओं में शुमार सुधीर सिंह ने अपने साथियों के साथ बेलीपार के कुसमौल निवासी अंकुर शाही पर जानलेवा हमला किया। हमले के बाद से फरार माफिया सुधीर सिंह की तलाश में खजनी पुलिस, क्राइम ब्रांच और एसटीएफ की टीमें दिन-रात जुटी हुई हैं। सोमवार और मंगलवार की मध्यरात्रि में सीओ उदय प्रताप सिंह के नेतृत्व में एसएसओ अर्चना सिंह के साथ भारी पुलिस बल ने सुधीर के ठिकानों और रिश्तेदारों के घरों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की।

# ओवर बोल्टेज के कारण नहीं चल पा रहा नलकूप, किसान हो रहे है परेशान

स्वतंत्र प्रभात



**गोलाबाज़ार गोरखपुर।** गोला क्षेत्र के ग्राम सभा ककरही में स्थित 79 बीजी सरकारी नलकूप में स्टाटर नही है। कटआउट के सहारे नलकूप का संचालन चालू था।। इन दिनों नलकूप को ओवर बोल्टेज विद्युत मिलने के कारण नलकूप नही चल पा रहा है। जिसके चलते किसानों के धान की नर्सरी पानी के अभाव में पड़ नही पाई है।और जिनका नर्सरी पड़ गया है वह सुखने के कगार पर है। प्राप्त बिबरण के अनुसार ककरही निवासी, विनय शुक्ल, देवेश शुक्ल, सुरेश राम त्रिपाठी, छंगे लाल, सुभम् मणि त्रिपाठी आदि का कहना है कि हमारे गांव में 79 बीजी ट्यूबेल का पिछले वर्ष स्टाटर मरम्मत कराने के लिए ले जाया गया था जो आज तक नही लग पाया। है। मई माह में अंतिम सप्ताह से हमारे गांव के किसान धान की नर्सरी की तैयारी कर नलकूप के पास कुछ लोग नर्सरी डाल दिए हैं और कुछ लोग डालने की तैयारी में है। सरकारी नलकूप कटआउट के सहारे चल रहा है। ज्यो ही कटआउट लगता है फ्युज उड़ जा रहा है। जब इसकी शिकायत किया गया तो मिस्त्री आ कर देखा और बताया कि मोटर को विद्युत सप्लाई ज्यादा मिल रही है जिसके चलते यह दिक्कत है। यदि विभाग द्वारा नलकूप में स्टाटर और एन सी बी लग जाता तो हम किसानों को धान की नर्सरी में पानी चलाने व जो किसान पिछड़े हुए है उन्हें नर्सरी डालने की सहुलियत मिल जाता ।और इसके साथ साथ किसान नर्सरी तैयार होने पर अपने खेतों में समय से रोपाई भी कर लेते। यदि समय रहते नलकूप का स्टाटर और एन सी बी नही लगा तो हम किसानों के धान की नर्सरी सुख जाएगी और हम धान की रोपाई से बंचित भी रह जाएंगे। जब इस विषय में नलकूप विभाग के जेई से बात करने पर उन्होंने कहा कि मिस्त्री गया था। विद्युत आपुर्ति अधिक होने के कारण वहां समस्या है। आपरेटर से कह कर कमप्लेन करा दिया है। जल्द ही समस्या का निराकरण हो जाएगा।

## रिश्वत मामले में लेखपाल निलंबित




**देवरिया ।** एसडीएम बरहज विपिन द्विवेदी ने बताया कि राजस्व निरीक्षक की जांच आख्या के आधार पर तहसील बरहज में तैनात लेखपाल सूरज कुमार सिन्हा को निलंबित कर दिया गया है। निलंबित लेखपाल सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में कथित रूप से एक व्यक्ति से कार्य के बदले रिश्वत लेते हुए दिखाई दे रहे हैं। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए तहसील प्रशासन ने लेखपाल सूरज कुमार सिन्हा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही उनके विरुद्ध विभागीय जांच की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। एसडीएम ने बताया है कि भ्रष्टाचार के मामलों में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी, दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# एग्रीकान जैविक खाद- रसायन मुक्त खेती के साथ पोषणीय उत्पादकता

**● जहर से बचें, प्राकृतिक खेती अपनायें -उदय प्रताप**

स्वतंत्र प्रभात



**रूद्रपुर, देवरिया।** आधुनिक जीवन में अधिक से अधिक उत्पादन लेने और अच्छी कमाई की लालच में किसान अंधाधुंध तरीके से रसायनिक खादों का इस्तेमाल कर रहा है जिससे लोगों को जहरीले खाद्य पदार्थ खाने की मजबूरी है। अनाज हो, फल हों या सब्जियां सारी जहरीली हैं। शुद्ध भोजन से स्वस्थ तन बनता है। उक्त बातें एग्रीकान के सीनियर रीजनल मैनेजर डॉ उदय प्रताप सिंह ने द्वाबा के नारायणपुर में एक भेंटवार्ता में बताया। उन्होंने कहा कि खेती को रीजनरेट करने की जरूरत है। जब हमारे खेतों में गोबर की कंपोस्ट खाद पड़ती थी और शुद्ध, स्वस्थ उपज होती थी। लोग बीमार कम पड़ते थे। आज के समय में जहरीला खाद्य पदार्थ खाकर लोग डाक्टरों के चक्कर में अपना पैसा बर्बाद कर रहे हैं और असमय काल के गाल में समा रहे हैं। वर्तमान रसायनिक उत्पाद कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी का कारण बन रहे हैं। अब समय आ गया है जब हम जैविक खेती की पद्धति को अपनाएं और दूसरे किसानों को प्रोत्साहित भी करें। खेती एक आधारभूत उद्योग है जो हर समय फलता फूलता रहता है। जरूरत है खेती में वैज्ञानिक तरीकों और प्राकृतिक विधियों के अनुप्रयोग की। जिससे हमें भरपूर उत्पादकता मिलेगी। हमारा खेत भी सुरक्षित होगा और हमारा जीवन भी बीमारी रहित होगा। इस अवसर पर प्रगतिशील किसान डा वीरेंद्र बहादुर राव, विरेन्द्र सिंह, रविन्द्र राव, सुशील सिंह, अमित चंद आदि लोग मौजूद रहे।

# गोरखपुर में सनसनीखेज चोरी- 12 लाख के जेवरात और नकदी पर अज्ञात चोरों ने किया हाथ साफ

स्वतंत्र प्रभात



**गोरखपुर-** जनपद गोरखपुर के सिकरीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम नकोजी, पोस्ट अलावलपुर में एक सनसनीखेज चोरी की घटना ने स्थानीय लोगों में दहशत फैला दी है। मुम्बई में रोजगार के लिए रह रहे सत्यपाल सिंह, पुत्र स्व. भगवान सिंह, के पैतृक निवास पर 31 मई 2025 की रात अज्ञात चोरों ने खिड़की का ग्रील तोड़कर घर में घुसपैठ की और लगभग 10-12 लाख रुपये कीमत के जेवरात और 17,000-18,000 रुपये नकद चुरा लिए। प्राप्त जानकारी अनुसार सत्यपाल सिंह की पत्नी और तीन बच्चों के साथ रहने वाले इस घर में चोरों ने एक कमरे को निशाना बनाया, जहां परिवार के सभी कीमती सामान रखे थे। चोरी गए जेवरात में 3 किलोग्राम सोने के आभूषण शामिल हैं, जिनमें एक नथुनी, दो आम लॉकेट, दो बाली, एक झुमका, एक झाला, एक सुई-धागा, दो हार, तीन चेन, दो मंगलसूत्र, और सात अंगूठियां शामिल हैं। इसके अलावा, चांदी के आभूषणों में दो पायल, एक पायजेब, चौदह जोड़ी बिंदिया, एक चांदी का सिक्का, दो चांदी के कलश, एक चांदी की अंगूठी और दो चांदी के चूड़े भी चोरों ने चुरा लिए। घटना की जानकारी सत्यपाल सिंह को 1 जून 2025 की सुबह 5 बजे दी गई, जिसके बाद वे 2 जून को मुम्बई से अपने गांव पहुंचे। परिवार से मिलने और स्थिति का जायजा लेने के बाद, उन्होंने सिकरीगंज थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई और पुलिस से उचित कार्रवाई की मांग की।

**पुलिस ने शुरू की जांच**

सिकरीगंज थाना प्रभारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल जांच शुरू करने का आश्वासन दिया है। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू की है। साथ ही, संदिग्धों की तलाश में सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों की जांच की जा रही है।स्थानीय लोगों में दहशत इस घटना ने नकोजी और आसपास के गांवों में हड़कंप मचा दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, और पुलिस को और सतर्कता बरतने की जरूरत है। सत्यपाल सिंह ने पुलिस से जल्द से जल्द चोरों को पकड़ने और उनके परिवार को न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।पुलिस ने जनता से अपील की है कि यदि किसी को इस मामले में कोई जानकारी हो, तो वे तुरंत नजदीकी थाने में संपर्क करें। इस घटना ने एक बार फिर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# ख़जनी में अवैध खनन का कहर- खजनी क्षेत्र में मिट्टी माफिया बेलगाम, उपजाऊ भूमि बंजर, सड़क हादसों का खतरा बढ़ा, मिट्टियो का बना रहे किला

स्वतंत्र प्रभात



**ख़जनी ।** उत्तर प्रदेश उत्तर प्रदेश सरकार भले ही अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए तमाम दावे कर रही हो, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। खजनी थाना क्षेत्र के नैपुरा, सतुआभार, केवली, और कलवारी जैसे इलाकों में मिट्टी माफिया बेखौफ होकर अवैध खनन कर रहे हैं। खनन विभाग के अधिकारियों द्वारा भट्ठों से खनन यंत्र पकड़े जाने के बावजूद, माफिया का हौसला कम नहीं हुआ है। सूत्रों के मुताबिक, नैपुरा और सतुआभार में बड़े पैमाने पर मिट्टी का खनन हो रहा है, जहां लगभग 10 स्थानों पर मिट्टी के विशाल टीले और किले जैसे ढेर जमा किए गए हैं।

**उपजाऊ भूमि का विनाश, मिट्टी की भूख बढ़ी**

मिट्टी माफिया की लालच ने क्षेत्र की उपजाऊ भूमि को बंजर करने का काम शुरू कर दिया है। जेसीबी और भारी मशीनों के जरिए दिन-रात मिट्टी की खुदाई हो रही है, जिससे खेतों की उर्वरता नष्ट हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि माफिया बिना किसी अनुमति के खनन कर रहे हैं, और प्रशासन की निष्क्रियता ने उनकी हिम्मत को और बढ़ा दिया है।

**धूल और सड़क हादसों का खतरा**

खनन से उड़ने वाली धूल और सड़कों पर मिट्टी का ढेर न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहा है, बल्कि सड़क हादसों का बड़ा कारण बन रहा है। नैपुरा और सतुआभार के रास्तों पर मिट्टी लदे बिना नम्बर के डम्फर तेज रफ्तार में दौड़ रही हैं, जिससे हर वक्त दुर्घटना का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि धूल के गुबार से बच्चों और बुजुर्गों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है, और सड़कों पर मिट्टी के ढेर हादसों को न्योता दे रहे हैं।

**प्रशासन की चुप्पी, माफिया बेलगाम**

स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया है कि खनन माफिया के खिलाफ कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है। कुछ समय पहले खनन यंत्र पकड़े गए थे, लेकिन इसके बाद भी अवैध खनन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। ग्रामीणों का कहना है कि माफिया को प्रशासनिक संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते वे बिना डर के खनन कर रहे हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर भी खजनी क्षेत्र में अवैध खनन की शिकायतें उठी हैं, जहां लोगों ने अधिकारियों की निष्क्रियता पर सवाल खड़े किए हैं।

**क्या कहते हैं विशेषज्ञ?**

पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि अनियंत्रित खनन से न केवल उपजाऊ भूमि नष्ट हो रही है, बल्कि क्षेत्र का जलस्तर भी प्रभावित हो रहा है। मिट्टी की अवैध खुदाई से बारिश की कमी और बंजरपन का खतरा बढ़ सकता है, जो दीर्घकाल में किसानों और पर्यावरण के लिए घातक साबित होगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने 2017 में नई खनन नीति लागू की थी, जिसमें भ्रष्टाचार और अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए कई उपाय किए गए थे।

# मोबाइल के अधिक प्रयोग से बच्चे हो रहे मायोपिया के शिकार- डॉ बीएन वर्मा

**● हर 20 मिनट स्क्रीन पर काम करने के बाद 20 फीट की दूरी पर किसी वस्तु को 20 सेकेंड तक देखने से आंखों को नुकसान होने से बचाया जा सकता है!**

स्वतंत्र प्रभात



**महराजगंज।** मोबाइल के अधिक इस्तेमाल से बच्चे मायोपिया (निकट दृष्टि दोष) के शिकार हो रहे हैं। जिसमें बच्चा पास की चीजें तो साफ देख सकता है लेकिन दूर की चीजें धुधली नजर आती है। यह समस्या पहले की तुलना में अब बच्चों में तेजी से बढ़ रही है। उक्त जानकारी सृजन आई हॉस्पिटल के वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ बी एन वर्मा ने दी है। उन्होंने कहा कि मोबाइल या टेबलेट का अधिक प्रयोग करने वाले बच्चो में मायोपिया की शिकायत तेजी से बढ़ रही है। स्क्रीन पर घंटों समय बिताना (जैसे आनलाईन क्लासेज, गेम्स, वीडियो देखना) स्क्रीन से निकलने वाली ब्लू लाइट (नीली रोशनी) आखों पर बुरा प्रभाव डाल सकती है, और लंबे समय में दृष्टि को नुकसान पहुंचा सकती है। उन्होंने कहा कि आउटडोर गतिविधियां आंखों की सेहत के लिए फायदेमंद होती है। हर 20 मिनट स्क्रीन पर काम करने के बाद 20 फीट की दूरी पर किसी वस्तु को 20 सेकेंड तक देखें। हर छह माह से 12 माह में एक बार बच्चों की आखों की जांच जरूर कराएं। संतुलित आहार जैसे हरी सब्जियां, गाजर, पपीता, अंडा, मछली, बादाम आदि आहार का सेवन करें।

# स्वच्छता के आभाव में बजबजा रहा सेखुआनी का सामुदायिक शौचालय

**● स्वयं सहायता समूह की महिलाएं नहीं कर रही शौचालय की नियमित सफाई**

स्वतंत्र प्रभात



**महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेखुआनी स्थित सामुदायिक शौचालय स्वच्छता के आभाव में गंदगी से बजबजा रहा है। बाहर से चकाचक दिखने वाले सामुदायिक शौचालय के भीतर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। इस शौचालय में फैली गंदगी घर-घर शौचालय बनवाने की जिम्मेदारी लेकर घूम रहे अफसरों को नहीं दिखाई दे रही है। वहीं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं बिना सफाई किए ही अधिकारियों को गुमराह करते हुए मानदेय ले रही हैं। सरकार द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत गांव में सामुदायिक शौचालय का निर्माण करवाया गया तथा इनके संचालन व रखरखाव के लिए सरकार के तरफ से स्वयं सहायता समूह को जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही उन्हें प्रतिमाह सफाई व मानदेय समेत 9 हजार का भुगतान भी किये जाने लगा। बावजूद इसके सामुदायिक शौचालय में सफाई के लाले पड़े हुए हैं। स्वयं सहायता समूह की महिलाएं नियमित सफाई नहीं कर रही हैं जिससे शौचालय के फर्श व शीट पर कीचड़ व गंदगी का अंबार लगा हुआ है।

इस संबंध में एडिओ पंचायत रामकृष्ण प्रसाद ने कहा कि नियमित सफाई को लेकर समूह की महिलाओं को निर्देशित किया गया है बाबजूद इसके अगर सफाई नहीं हो रही है तो जांच कर सम्बंधित के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

# ख़जनी भरोहिया गोलीकांड में बड़ा खुलासा- शातिर शूटर राहुल चौधरी गिरफ्तार, गांव में लौटी राहत की सांस

**कानून का संदेश सांफ अपराधी चाहे जितना चालक हो पकड़ में जरुर**

स्वतंत्र प्रभात

**गोरखपुर।** खजनी थाना क्षेत्र के भरोहिया गांव में हुए सनसनीखेज गोलीकांड के बाद पूरे इलाके में फैले खौफ और बेचैनी के बीच अब एक बड़ी राहत की खबर सामने आई है। जमीनी विवाद से उपजे इस खूनी खेल के मुख्य किरदार और शातिर शूटर राहुल चौधरी को पुलिस ने आखिरकार दबोच लिया है। लंबे समय तक पुलिस को चकमा देने वाले इस कुख्यात अपराधी की गिरफ्तारी से न सिर्फ पुलिस की कार्यशैली पर मुहर लगी है, बल्कि पीड़ित परिवारों में भी राहत की लहर दौड़ गई है।

**सीसीटीवी बना सबसे बड़ा गवाह, पुलिस ने जोड़े सुराग**

घटना के बाद से ही पुलिस की कई टीमें दिन-रात जांच में जुटी थीं। भरोहिया में लगे सीसीटीवी कैमरों में संदिग्ध की हरकतें कैद हो गई, जिसने मामले की दिशा बदल दी। सुरागों की कड़ियां जोड़ते हुए पुलिस ने सिकरिगंज थाना क्षेत्र के अहरौली खुर्द गांव से मुख्य आरोपी राहुल चौधरी, पुत्र बिनोद चौधरी, को गिरफ़्तार कर लिया। चालाकी और फरारी में माहिर यह अपराधी अब सलाखों के पीछे है।

**गांव में दहशत से राहत तक का सफर**

भरोहिया गांव की गलियों में जब गोलियों की आवाज गूंजी थी, तो न सिर्फ खून बहा था, बल्कि गांव की रग-रग में डर समा गया था। बच्चों की हंसी, बुजुर्गों की बातें, खेत-खलिहानों की रौनक सब थम सी गई थी। लेकिन राहुल की गिरफ्तारी के साथ ही अब गांव में एक नई सुबह की उम्मीद जगी है।

**जमीनी विवाद- गांवों में बारूद की तरह सुलगता सवाल**

यह मामला एक बार फिर दिखाता है कि



जमीनी विवाद किस तरह हिंसा की शक्ल ले सकता है। यह सिर्फ भरोहिया की नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश की एक पुरानी और खतरनाक सच्चाई है। सवाल यह है कि क्या राहुल की गिरफ्तारी से ये विवाद थमेंगे? क्या सिर्फ अपराधियों को पकड़ लेने से गांवों में स्थायी शांति आएगी?

**कानून का संदेश साफ- अपराधी चाहे जितना चालाक हो, पकड़ में जरूर आता है**

राहुल चौधरी की गिरफ्तारी ने ये साफ कर दिया है कि कानून की आंख से कोई नहीं बच सकता। यह पुलिस की जीत है, लेकिन साथ ही यह चेतावनी भी कि अपराधियों के लिए कोई पनाहगाह अब सुरक्षित नहीं।

**जांच जारी, निगाहें पुलिस के अगले कदम पर**

हालांकि मुख्य आरोपी गिरफ्त में है, लेकिन पुलिस की जांच अभी थमी नहीं है। इस केस के और भी पहलुओं पर काम चल रहा है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि इस कार्रवाई के बाद गांव में एक बार फिर अमन-चैन लौटेगा।

**अब अगली चुनौती- शांति बनाए रखना**

भरोहिया गोलीकांड में इंसाफ की पहली सीढ़ी पार हो चुकी है, लेकिन असली इम्तिहान अब शुरू होता है—गांव को फिर से भरोसे और भाईचारे की राह पर लौटाना। पुलिस की छत्रपति उठाने होंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### छोटी काशी मे चतुर्थ बडे मंगल के अवसर पर श्रृध्धालुओ ने कराया विशाल भंडारा



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** गोला लखीमपुर हाइवे के भूतनाथ मोड पर दो श्रृध्धालुओ द्वारा आयोजित किए गए विशाल भंडारा मे हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मालूम हो कि रिद्धि इंटर प्राइजेज सुनील कश्यप व बाजपेई पान भंडारा द्वारा लखीमपुर रोड भूतनाथ रोड पर विशाल भंडारे का आयोजन कराया गया। जिसमें प्रातः 10ः00 बजे पूजन के पश्चात दोनो लोगो ने अलग अलग भंडारे का आयोजन किया। इस मे श्रृध्धालुओ ने पूडी सब्जी हलबा व बूदी के प्रसाद को ग्रहण किया। इस दौरान वीरेश वाजपेई, आकाश ज्योति कश्यप इलियास मंसूरी रितेश कुमार मनोज शुक्ला, विकास बाजपेई,अंकित सोनी, राहुल कश्यप के सहित तमाम सहयोगी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नवीन ऑफिस के उद्घाटन में पूर्व पालिका अध्यक्ष ने दी शुभकामनाएं



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** नगर के बाईपास पर स्थित शिवम ट्रेडर्स के नवीन ऑफिस के उद्घाटन के अवसर पर नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने पूजन अर्चन कार्यक्रम में भाग लेते हुए शिवम ट्रेडर्स के प्रोपराइटर गौरव मिश्रा को बधाई दी और भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना की कि व्यवसाय में दिन प्रतिदिन प्रगति हो। उद्घाटन के अवसर पर नगर के प्रमुख समाजसेवी अरविंद पांडे, राजीव जायसवाल, मयंक दीक्षित, शिवम सिंह, खालिद रियाज, असलम खान, शिवम बाजपेई, आदित्य वर्मा, रामू वर्मा, सुनील शुक्ला, प्रेम वर्मा, प्रमोद कुमार पांडे, रामकृष्ण शुक्ला, केशु दीक्षित, विपुल मिश्रा, संजय मिश्रा, मंजले रामकुमार वर्मा, नरेश चंद शुक्ला, सेवा सिंह, सुरेंद्र शुक्ला सहित गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे।

### छोटी काशी मे चतुर्थ बडे मंगल के अवसर पर श्रृध्धालुओ ने कराया विशाल भंडारा



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** गोला लखीमपुर हाइवे के भूतनाथ मोड पर दो श्रृध्धालुओ द्वारा आयोजित किए गए विशाल भंडारा मे हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।मालूम हो कि रिद्धि इंटर प्राइजेज सुनील कश्यप व बाजपेई पान भंडारा द्वारा लखीमपुर रोड भूतनाथ रोड पर विशाल भंडारे का आयोजन कराया गया। जिसमें प्रातः 10ः00 बजे पूजन के पश्चात दोनो लोगो ने अलग अलग भंडारे का आयोजन किया। इस मे श्रृध्धालुओ ने पूडी सब्जी हलबा व बूदी के प्रसाद को ग्रहण किया इस दौरान वीरेश वाजपेई, आकाश ज्योति कश्यप इलियास मंसूरी रितेश कुमार मनोज शुक्ला, विकास बाजपेई,अंकित सोनी,राहुल कश्यप के सहित तमाम सहयोगी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### लेखपाल संघ के चुनाव में 25 वोटो से अरविंद कनौजिया की जीत



**शाहजहांपुर-** जनपद में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के जिला कार्यकारिणी का चुनाव अटल ओडिटोरियम शाहजहांपुर में लेखपाल संघ के प्रांतीय संगठन मंत्री नीरज राठौर व प्रांतीय सह सचिव भूषित सक्सेना की देखरेख में सम्पन्न हुआ जिसमें अरविंद कनौजिया को जिलाध्यक्ष , आज़म खान वरिष्ठ उपाध्यक्ष, हेमंत गंगवार कनिष्ठ उपाध्यक्ष, उग्रसेन सिंह जिलामंत्री , नेम कुमार तिवारी उपमंत्री , नरेंद्र कुमार कोषाध्यक्ष एवं विजय बाजपेई को लेखा परीक्षक चुना गया अध्यक्ष पद पर तीन उम्मीदवारों में अरविंद कनौजिया ,उपेंद्र तिवारी एवं राजेश यादव के बीच चुनाव हुआ जिसमें अरविंद कनौजिया ने उपेंद्र तिवारी को 25 वोटों से हराया, एवं जिला मंत्री पद पर उग्रसेन सिंह ने आलोक यादव को हराकर विजय श्री प्राप्त की चुनाव के बाद समस्त लेखपालों ने ढोल नगाड़े बजाकर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर नई कार्यकारिणी को बधाई दी और मिठाइयां वितरित की

# अजान कस्बे में मामूली कहासुनी में बाइक सवार युवक ने कार के तोड़े शीशे

**● बाइक सवार युवक ने बरसाई लाठियां,पंचर की दुकान पर बैठा हवा डलवा रहा था गाड़ी मालिक**

**पुलिस चौकी अजान में पुलिस कर्मियों के न होने से कस्बे में उपद्रव बढ़ा**



**स्वतंत्र प्रभात**

**गोला गोकर्णनाथ- खीरी।** थाना हैदराबाद की अजान चौकी क्षेत्र के स्थानीय कस्बे में सोमवार शाम 6 बजे मामूली कहासुनी के बाद कार के चारों तरफ के शीशे तोड़ दिए गए घटना के बाद कस्बे में अफरातफरी मच गयी। जानकारी के मुताबिक अजान निवासी अखिलेश वर्मा अपनी कार लेकर कहीं बुकिंग में गये हुए थे। वापस आने के दौरान कार के सामने चल रहे बाइक सवार से गाड़ी ओवर टेकिंग को लेकर कुछ कहासुनी हो गई। कार स्वामी अखिलेश वर्मा अपनी कार को अजान कस्बे में पंचर की दुकान के सामने खड़ी कर गाड़ी में हवा डलवाने लगे। इस दौरान बाइक सवार युवक कार के शीशे तोड़ने लगा।जब तक एकत्र हो रहे मार्केट के लोग कुछ समझ पाते तब तक बाइक सवार युवक अपनी बाइक समेत फरार हो गया। कारस्वामी ने घटना की सूचना फोन द्वारा पुलिस को दी लेकिन पुलिस मौके पर नहीं पहुंची ,तब लोगों ने बताया की आज पुलिस चौकी अजान में कोई भी सिपाही नहीं है सभी पुलिसकर्मी कोई विशेष डयूटी में गये हुए हैं। कारस्वामी ने बताया कि गाड़ी के शीशे तोड़ने वाले युवक का नाम विशाल है यह मूड़ा जवाहर का रहने वाला है। इससे मेरी थोड़ी देर पहले थोड़ी कहा-सुनी हो गई थी। इसीलिए विशाल अपनी बाइक से आया और मेरी कार के सारे शीशे तोड़कर मेरी गाड़ी को छतिग्स्त कर दिया है, मैंने पुलिस को सूचना दे दी है लेकिन पुलिस अभी मौके पर नहीं पहुंची है।

## राजस्व कर्मियों ने पीड़ित को बिना जानकारी दिए फर्जी तरीके से विपक्षियों के साथ मिलकर लगा दी गलत आख्या और की गयी धोखाधड़ी....!

**स्वतंत्र प्रभात**

श्रीकान्त सिंह शाक्य




**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** जनपद लखीमपुर खीरी के तहसील गोला गोकर्णनाथ के अंतर्गत ग्राम सुभाषनगर के जसपाल सिंह पुत्र बहादुर सिंह व मंजीत कौर पत्नी कुलविंदर सिंह ने राजस्व कर्मियों पर चल रहे मुकदमे में विपक्षियों के साथ मिलकर जालसाजी व धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है।

**पीड़ित ने जिलाधिकारी को दिया प्रार्थना पत्र...!**

पीड़ित ने अपनी भूमि पर चल रहे वाद पर राजस्व अधिकारियों द्वारा बिना सूचना दिए फर्जी तरीके से पीड़ित के हस्ताक्षर बनाकर फर्जी आख्या लगा दी जिससे आहत होकर पीड़ित ने जिलाधिकारी को राजस्व कर्मियों पर मिथ्या कथानक करने के लिए उनपर कार्यवाही कर के दंडित करने और न्याय पाने हेतु प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई है।

**क्या था पूरा मामला...!**

पीड़ित ने जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में दर्शाया है कि पीड़ित की भूमि जिसकी गाता संख्या 267 है और खाता संख्या 144 है जिस रकवा 3.238 हेक्टेयर है जोकि असरफ नगर ग्रांट परगना मगदापुर तहसील गोला गोकर्णनाथ में स्थित है।जिसमे दिनाक 21.03.2025 को कानूनगो मो सलीम के , क्षेत्रीय लेखपाल शोभित शुक्ला को तहसीलदार सुखबीर सिंह द्वारा एस डी एम कोर्ट में एस डी एम विनोद कुमार गुप्ता को मुकदमा दर्ज करने हेतु भेजी गई थी जिसमे मुकदमा दर्ज हुआ था जिसमे पीड़ित के साथ अमृत सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह व सुरेंद्र सिंह पुत्र बलवंत सिंह निवासी सुभाषनगर के भी मुकदमा शामिल थे। मुकदमे में खतौनी में दर्ज नाम पाल सिंह की जगह पर सही नाम सुखदीप पाल सिंह होना था जिसको राजस्व कर्मियों द्वारा 21 मार्च को एस डी एम विनोद कुमार गुप्ता ने बिना किसी सम्मन कर दिया गया।

**राजस्व कर्मियों द्वारा विपक्षियों से मिलकर की गई धोखाधड़ी....!**

एस डी एम ने गोला के पीठासीन अधिकारी ने विनोद कुमार गुप्ता के समक्ष अमृत सिंह के आवेदन पर संबंधित राजस्वकर्मियों के द्वारा एस डी एम के समक्ष प्रस्तुत की गई थी।जिसमे अधिकारियों द्वारा बिना सहमति और बगैर किसी जांच पड़ताल किए 24 मार्च को 2025 अधिकारियों द्वारा पीड़ित को बिना सम्मन जारी किए और सूचित किए किसी अन्य व्यक्ति से हस्ताक्षर करवा दिए गए और फर्जी आख्या लगा दी गई और विनोद कुमार गुप्ता के समक्ष प्रस्तुत कर दी गई जिसका कोर्ट को कोई अधिकार नही था।

जिसका राजस्व कर्मियों ने सहखाताधारक अमृत सिंह व सुरेंद्र सिंह के साथ मिलकर न्यायालय के समक्ष धोखाधड़ी की गई जिसकी प्रार्थी को 31 मार्च को जब विपक्ष उक्त जमीन पर कब्जा करने का प्रयास करने लगे और आदेश दिखाया तब जाकर पीड़ित को जानकारी हुई और जिलाधिकारी के पास न्याय की गुहार लगाई।अब देखना यह है कि राजस्व कर्मियों पर जांच बैठती है या नही ,और उन पर दंडात्मक कार्यवाही की जाती है नही? जिससे पीड़ित को न्याय मिल सके। सोचनीय विषय...!

## पत्रकार के भाईसमेत सड़क हादसे दो युवकों मौत परिजनों में मचा कोहा राम

**स्वतंत्र प्रभात**





**बरेली/**नवाबगंज थाना क्षेत्र के बरखन रोड स्थित भट्ठे के पास देर रात देर रात दर्दनाक सड़क हादसा हुआ हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक नवाबगंज से अपने गांव चेना लौट रहे थे, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। वाहन चालक मौके से फरार हो गया है। इस घटना पत्रकार का भाई पुष्पेंद्र की मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर।

मृतकों की पहचान कराई गई इस दौरान पत्रकार के भाई पुष्पेंद्र (22 वर्ष) निवासी चेना के रूप में हुई और सुमित (20 वर्ष) निवासी पूरैनिया के रूप में हुई है। दोनों आपस में अच्छे मित्र थे और पढ़ाई कर रहे थे। पुष्पेंद्र तीन भाइयों में सबसे छोटा था। दुर्घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अज्ञात वाहन की तलाश में पुलिस जुटी है।

नवाबगंज इंस्पेक्टर ने बताया कि उन्हें दो बाइक सवार युवकों के रोड पर पड़े होने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । वहीं परिजनों से बातचीत में पता चला कि दोनों युवक किसी शादी समारोह में शामिल होकर अपने घर लौट रहे थे। वहीं स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। जिससे भविष्य में ऐसी घटनाएं रोकी जा सकें। पुष्पेंद्र की अंत्येष्टि में एप्जा तहसील अध्यक्ष अखिलेश उपाध्याय उपाध्यक्ष शैलेंद्र गंगवार यशपाल गंगवार छत्रपाल गंगवार राजेश कश्यप अखलाक अहमद अंसारी समेत भारी संख्या पत्रकार उपस्थित थे।

## जेष्ठ माह के चौथे बड़े मंगल पर जगह जगह पर भंडारे व शरबत का आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात**



**जंग बहादुर गंज खीरी** जनपद लखीमपुर खीरी के पसगवां क्षेत्र में ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगल पर जगह जगह पर भंडारे का आयोजन किया गया भंडारों का शुभारंभ बालाजी महाराज का पूजन अर्चन कर कन्याओं को प्रसाद खिलाकर किया गया इसी तरह से पसगवां में सीश्एचश्सीश के सामने सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर अश्वनी कुमार वर्मा के द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया ,ब्रह्मदेव स्थान पर सुरेन्द्र शुक्ला, विपिन वैश्य, रामनीत वैश्य, राजमंगल वैश्य, मनोज खरे, शशांक मिश्र,के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया,ग्राम बरखेरिया जाट में अतुल मैरिज लॉन के सामने प्रमोद गुप्ता द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया,गौरव रेडीमेड के पास गंगा राम वर्तन वाले के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया,कस्बा जंगबहादुरगंज में पटाखा बाली गली के सामने सुरेंद्र गुप्ता के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, तिराहे पर सरोज इलेक्ट्रॉनिक वाले के द्वारा हलवा और बूंदी का आयोजन किया गया ,ओम स्वीट के सामने रस्तोगी फोटो स्टूडियो एंड ज्वेलर्स बालों के द्वारा विशाल भंडारे व शरबत का आयोजन किया गया, आइ सी आई सी बैंक के सामने बालाजी के भक्तों के द्वारा शरबत व जलजीरा पानी का आयोजन किया गया मस्तीपुर में बालाजी हीरो एजेंसी के मालिक देवेश सिंह के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया भंडारों में भक्तों ने गरमागरम पूड़ी सब्जी, कड़ी चावल, खीर, बूंदी, हलवा, व भयंकर गर्मी में ठंडा ठंडा शरबत पीकर खूब आनंद लिया है।

## शाहजहांपुर जिलाधिकारी ने सुनी जनता की समस्याएं

**स्वतंत्र प्रभात**

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आमजन की समस्याएं सुनीं। जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक नागरिक की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी इस दौरान जिला अधिकारी के कार्यालय पर भारी भीड़ देखी गई और जिलाधिकारी लोगों की जन समस्याएं सुनने के लिए करीब 2ः00 तक अपने कार्यालय पर बैठे रहे



## शराब के नशे में डूबे युवकों ने मचाया तांडव, तीन लोगों पर किया जानलेवा हमला- एक की हालत नाजुक

**स्वतंत्र प्रभात**




**लखीमपुर खीरी** कस्बा खीरी के मोहल्ला हानियां टोला में सोमवार देर रात शराब के नशे में धुत युवकों ने जमकर उत्पात मचाया। रात करीब 11 बजे हुई इस घटना ने पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना दिया। उत्पातियों ने पहले बाजार की एक चूड़ी की दुकान में घुसकर जमकर तोड़फोड़ की और विरोध करने पर दुकानदार पर जानलेवा हमला कर दिया। इसके बाद दो और राहगीरों को भी निशाना बनाया गया, जिनमें एक की हालत गंभीर बनी हुई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मोहल्ले में चल रहे एक शादी समारोह में शामिल आधा दर्जन से अधिक युवक शराब के नशे में थे। नशे की हालत में उन्होंने पहले दुकानों में तोड़फोड़ की, फिर दुकानदार और राहगीरों पर हमला कर दिया। इस हमले में दुकानदार अकिल, राहगीर अरमान और शालू अलवी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इनमें शालू अलवी की हालत चिंताजनक बताई जा रही है, जिनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। मोहल्ले में तनाव की स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

## पुलिया निर्माण की अनियमितता से गांव के लोगों मे नाराजगी, दिया शिकायत पत्र

**स्वतंत्र प्रभात**



**निघासन/बम्हनपुर** दौलतापुर के कोरियाना गांव में हो रहे पुलिया निर्माण कार्य में घटिया सामग्री लगाने को लेकर ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक शशांक वर्मा को प्रार्थना पत्र देकर जांच की मांग की है।मझगई थाना क्षेत्र विकास खंड निघासन की ग्राम पंचायत दौलता पुर के कोरियाना गांव के दक्षिण चल रहे पुलिया निर्माण कार्य में मानक के अनुसार कार्य न होने से ग्रामीणों ने मनोज कुमार मौर्य, रक्षपाल मौर्य, नितिन कुमार,अमित मौर्य, महेश कुमार, शिशपाल आदि लोगो ने क्षेत्रीय विधायक से शिकायत की है। ग्रामीणों का आरोप है कि बाढ़ के समय पुलिया के ध्वस्त होने की आशंकाएं है। वही पुलिया के किनारे खोदे गए गड्ढों को भी नहीं पाटा गया है, जिससे बरसता में लोगों की जान को खतरा बना रहेगा। जिस कारण जनहानि की प्रबल आशंका है तथा शासन द्वारा दिए गए बजट की धनराशि का दुरुपयोग किया जा रहा है, ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिया के आस-पास जो गड्ढे हो गए है, उनकी पटाई का काम भी नहीं किया जा रहा है। जिस कारण बरसात के दिनों में बाढ़ के समय ग्राम वासियों के डूबने से मृत्यु होने की आशंका है। इस प्रकार से उक्त पुलिया निर्माण ठेकेदार के द्वारा घोर अनियमितता बरती जा रही है। तथा सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है।ग्राम प्रधान दीपक जायसवाल ने बताया कि पुलिया निर्माण कार्य मनरेगा के अंतर्गत कराया जा रहा है। कोरियाना व छेदुई गांव के बीच काफी खल्ला होने की वजह से रास्ते की ऊंचाई के लिए कुछ कार्य जेसीबी से कराया गया है। बाकी पुलिया निर्माण कार्य में मानक के अनुसार ही कार्य कराया जा रहा है। जिसे आपत्ति हो वो जांच करा सकता है।

## बुढ़वा मंगल पर भंडारे का आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात**



**मैलानी** के वरिष्ट वकील कृष्ण मुरारी अवस्थी उर्फ गुड्डू भैया ने अपने कार्यालय पर बड़े मंगल पर कढ़ी चावल का भंडारा किया भंडारे में बड़ी संख्या में आने-जाने वाले भक्तों ने कढ़ी चावल का प्रसाद ग्रहण किया और हनुमान मंदिर पर पूड़ी सब्जी का भंडार हुआ वरिष्ट वकील कृष्ण मुरारी अवस्थी ने बताया कि मंगलवार का दिन वैसे तो हनुमान जी की पूजा- व्रत के लिए बेहद शुभ माना जाता है. लेकिन ज्येष्ठ माह में पड़ने वाले मंगलवार का महत्व कई गुना बढ़ जाता है. इस दिन हनुमानजी के भक्त पूजा-आराधना करते हैं. साथ ही इस शुभ अवसर पर कुछ विशेष उपाय कर हनुमान जी को प्रसन्न भी किया जा सकता है. इसलिए जान लें वो कौन से काम है जिससे बजरंगबली होते हैं प्रसन्न बड़ा मंगल पर हनुमान जी को पान का बीड़ा चढ़ाएं. इस उपाय से हनुमान जी प्रसन्न होते हैं. साथ ही बजरंगबली को पान का बीड़ा अर्पित करने से करियर-कारोबार से जुड़ी परेशानियां भी दूर होती हैं मंगलवार के दिन सुंदरकांड का पाठ करना बहुत शुभ होता है. ऐसे में बड़ा मंगल के शुभ अवसर पर व्रत रखें और सुंदरकांड का पाठ जरूर करें.

बड़ा मंगलवार पर घी और गुड़ का दान करना अत्यंत फलदायी होता है. इन चीजों के दान से करियर में मनचाही सफलता मिलती है और कार्य में आने वाली बाधाएं दूर होती हैं रामभक्त हनुमान जी को प्रसन्न करने के लिए बड़ा मंगल पर किसी रामदरबार वाले मंदिर में जाकर 108 बार राम नाम का जप करें. इससे भी बजरंगबली प्रसन्न होंगे भक्तो में सुजल राजपूत,अमित राजपूत, सहज अवस्थी, मानस अवस्थी, दिनेश राठौड़, सत्यम राजपूत,अवधेश बरनवाल, रिषि गुप्ता, अरुण यादव( न्यू मैलानी मेडिकल हाल)मौजूद रहे।

## नगर स्वास्थ्य अधिकारी मनोज कुमार मिश्रा ने लिया सफाई व्यवस्था का जाएगा

**● लापरवाही पाए जाने पर सम्बंधित के विरूद्ध होगी कड़ी कार्यवाही- मनोज मिश्रा**

**स्वतंत्र प्रभात**



**शाहजहांपुर** – नगर स्वास्थ्य अधिकारी मनोज कुमार मिश्रा द्वारा महानगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को दुरूस्त रखने हेतु मंगलवार को प्रातःकाल ही क्षेत्र में निकलकर खिरनीबाग क्षेत्र में सफ़ाई कार्य का निरीक्षण किया इस दौरान उनके साथ पार्षद सोनी मिश्रा भी मौजूद रहीं इस दौरान नगर स्वास्थ्य अधिकारी मनोज मिश्रा अतिरिक्त वार्ड सराय काइयां स्थित ईदगाह, मक्कू बजरिया, वार्ड ककरा में भी सफ़ाई का निरीक्षण करने पहुंचे जहाँ मक्कू बजरिया से ईदगाह रोड तक नालियाँ भरी पायी गयीं, जिस पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा अपनी उपस्थिति में स्वच्छता कर्मियों से नालियों की सफाई कराई गयी। इसके अतिरिक्त नगर स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा सफ़ाई एवं खाद्य निरीक्षक को सख़्त निर्देश दिये गये कि महानगर के प्रत्येक वार्ड में सफाई व्यवस्था बेहतर हो, इस कार्य हेतु सभी स्वच्छता कर्मी अपने ड्यूटी स्थल पर ससमय उपस्थित होकर सफाई से सम्बंधित कार्यो को बड़ी ईमानदारी से करें। निर्देशित किया गया कि सफाई कार्यो में लापरवाही किये जाने पर सम्बंधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान खिरनीबाग से नरेन्द्र मिश्रा उर्फ गुरु, मक्कू बजरिया से पार्षद शिवओम सक्सेना व नगर निगम से मुख्य सफाई एवं खादय निरीक्षक हरवंश दीक्षित, सफाई एवं खादय निरीक्षक चन्द्रवीर सिंह सागर, सुपरवाइजर, सफ़ाई कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## थाना मिर्जापुर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित

**स्वतंत्र प्रभात**



**शाहजहाँपुर-** अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) भँवरे दीक्षा अरुण की अध्यक्षता में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत थाना मिर्जापुर में पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित की गयी। आगामी त्यौहार बकरीद को लेकर बैठक में क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों, गणमान्य नागरिकों तथा पीस कमेटी के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने आगामी त्यौहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने हेतु अपने विचार साझा किए भँवरे दीक्षा अरुण द्वारा उपस्थित सभी गणमान्य नागरिकों को संबोधित करते हुए बताया कि गया कि शाहजहाँपुर पुलिस प्रशासन जनसुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु सतर्क है। उन्होंने त्योहारों के दौरान विशेष सतर्कता बरतने एवं सभी नागरिकों से सहयोग की अपील की। इसके साथ ही, आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने तथा सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने पर जोर दिया गया। पुलिस प्रशासन की ओर से अनुरोध किया त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने में सहयोग करें।

किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें एवं सत्यापन के लिए पुलिस से संपर्क करें। कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। बैठक में उपस्थित पीस कमेटी के सदस्यों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा शाहजहाँपुर पुलिस प्रशासन के प्रयासों की सराहना की एवं समाज में आपसी भाईचारे को बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### भदोही साइकिलिंग क्लब ने मनाया विश्व साइकिल दिवस

**भदोही** साइकिलिंग क्लब के कार्यालय पूरेगुलाब गोपीगंज में विश्व साइकिल दिवस मनाया गया। क्लब के अध्यक्ष अताउल अंसारी ने सभी को मुबारकबाद दिया और कहा कि साइकिल सबसे सरल, सस्ता और वातावरण अनुकूलित सवारी है। छोटी दूरी के लिए मोटर साइकिल या कार ना निकाले। सभी को चाहिए कि अपने आसपास के कार्य साइकिल से करें जिससे आपका काम भी होगा, आपके शरीर का व्यायाम भी होगा और वातावरण भी शुद्ध रहेगा। क्लब के कानूनी सलाहकार एडवोकेट प्रेमधर तिवारी ने कहा कि भदोही साइकलिंग क्लब तत्पर है लोगों को पर्यावरण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए। भविष्य में भी इसी तरह से लोगों को जागरूक करते रहेंगे। इस मौके पर प्रवीण सिंह, नूर आलम, मोहम्मद अकरम, महमूद आलम, शोएब अली, अबरार हाशमी, राजीव जायसवाल, अतुल शुक्ला, फैज आलम आदि रहें।

### कबाड़ और फल के होलसेलर की दुकान में आग लगने से लाखो का नुकसान

#### एक घंटे विलंब से पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी

नगर के लोगो की मेहनत से तीन दुकानों को बचा लिया गया। फायर की गाड़ी 12 बजे के लगभग पहुंची, आने पर पानी की सुविधा एक हॉस्पिटल से मिली फल के थोक व्यापारी भोले जायसवाल फल की सुरक्षा हेतु ए सी प्लांट लगवाए थे फल के साथ प्लांट भी कुल बीस लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। आग कैसे लगी यह अस्पष्ट नही है। कोई के रहा शार्ट सर्किट से या पीछे खाली जगह लोग शौच करते है सिगरेट आदि से लगी हो सुरियावां नगर के अंतर्गत बाईपास रोड पर श्री राम लीला समिति से किराए पर सुनील जायसवाल निवासी नेहरू नगर की बड़ा कबाड़ का धंधा है इनका पूरा कबाड़ करीब दस लाख का नुकसान हुआ है दूसरी दुकान भोले जायसवाल फल के थोक व्यापारी है आम, सेव, केला, मुसम्मी आदि जो सकड़ों कैरेट में था ए सी प्लांट भी जल गया करीब बीस लाख से अधिक की क्षति हुई है उक्त दुकान के बगल तीन चार दुकानों में आग नगर वासियों की कड़ी मेहनत से नही लग सकी। फिर भी आग इतनी तेज थी उनमें सामान गर्मी से खराब हुए है। आग पौने दस बजे लगी। फायर को 11 बजे सूचना दी गई सवा बारह बजे आई थी, आज सुबह तक नगर पंचायत के टैंकर आग बुझाया जा रहा था इस आग की घटना स्थल से पेट्रोल पंप सौ मीटर की दूरी पर है। लोग बताए की नगर के सैकड़ो की संख्या में युवा आग से और दुकानों को जलने से बचा लिया गया। इस घटना स्थल पर पुलिस भी पहुंची फायर को सूचना दिया और नगर के संभ्रांत गण भी सहयोग करते रहे। लोग यही चर्चा कर रहे थे की फायर स्टेशन सुरियावां में होना अत्यंत जरूरी है।

### डा. निरंजन बने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



**चुनार, मीरजापुर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबोधकांत सहाय के अनुमोदन पर राष्ट्रीय महामन्त्री विश्व विमोहन कुलश्रेष्ठ द्वारा डा. निरंजन कुमार श्रीवास्तव को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर लोगों ने हर्ष जताते हुए कहा है कि इस मनोनयन से संगठन को मजबूती मिलेगी। मनोनयन पर कार्यकारी प्रदेश महामन्त्री राकेश श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष जितेंद्र श्रीवास्तव, विनोद श्रीवास्तव बीनू, सौरभ श्रीवास्तव, धीरज श्रीवास्तव, राजू श्रीवास्तव आदि ने हर्ष जताया है।

### ब्लाक मुख्यालय पर दिव्यांग कैम्प का किया गया आयोजन



**सीखड़,, मीरजापुर।** विकास खण्ड मुख्यालय पर दिव्यांग कैम्प का आयोजन खण्ड विकास अधिकारी विमल प्रकाश पांडेय के नेतृत्व में आयोजित किया गया।कैम्प में क्षेत्र के सात लोगों को उपकरण के लिए पंजिकरण किया गया दो लोगों का दिव्यांग प्रमाण पत्र का पंजीकरण किया गया। उक्त अवसर पर एडीओ पंचायत सुधीर दुबे, एडीओ समाज कल्याण विनोद कुमार शुक्ला, एडीओ एस टी अंगद यादव, डॉ अनुराग पटेल, डॉ संजय सिंह, डॉ अरविन्द कुमार सिंह, अन्य स्टाप कमाल अहमद, दिलशाद, राजकुमार अनिल अखिलेश सोनकर, रोहित सोनकर सहित सैकड़ों दिव्यांग लाभार्थी उपस्थित रहे।

## मासिक बैठक गिरधरपुर ज्ञानपुर स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर संपन्न हुई

**स्वतंत्र प्रभात**




जिला कांग्रेस कमेटी भदोही के तत्वाधान में मासिक बैठक गिरधरपुर ज्ञानपुर स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर संपन्न हुई. कार्यक्रम में सर्वप्रथम जनपद भदोही के निवासी दिलीप मिश्रा जी को किसान कांग्रेस सोशल मीडिया का राष्ट्रीय संयोजक बनाए जाने पर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जनपद प्रभारी दयाशंकर पांडेय जी ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के आदेश अनुसार प्रत्येक माह के 3 तारीख को मासिक बैठक का आयोजन किया जाना अति आवश्यक है. इसलिए आज यह बैठक आहूत की गई है. उन्होंने कहा कि संगठन सृजन का कार्य जनपद भदोही में बहुत ही उत्साह के साथ चल रहा है, निश्चित रूप से आने वाले 80 दिनों में हम संगठन सृजन का कार्य पूर्ण कर लेंगे।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे साहब व राहुल गांधी जी का साफ-साफ संदेश है कि जो व्यक्ति जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन के कार्यों में भाग नहीं लेगा भविष्य में उसे कोई भी जिम्मेदारी या भागीदारी नहीं दी जाएगी. उन्होंने कहा कि मैं एक पार्टी का अनुशासित व समर्पित कार्यकर्ता हूं,मेरे रहते हुए अनुशासनहीनता भी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वसीम अंसारी जी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के बांटने वाली राजनीति के समक्ष इस देश में एकमात्र आवाज है उसका नाम है राहुल गांधी।

उन्होंने कहा कि इस देश में किसानों, नौजवानों,छात्रों,महिलाओं शोषितो, वंचितों,पीड़ितों की आवाज बुलंद करने के लिए कन्याकुमारी से कश्मीर व मणिपुर से महाराष्ट्र तक की यात्रा की और देश में मोहब्बत का संदेश दिया.. लोग राहुल गांधी जी से प्रभावित होकर तेजी से कांग्रेस से जुड़ रहे हैं, निश्चित रूप से आने वाले 2027 में उत्तर प्रदेश में एक बड़ा बदलाव होगा और कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष राजेश्वर दुबे जी ने किया। इस अवसर पर पंडित दीनानाथ दुबे त्रिलोकी नाथ बिंद, मुशीर इक़बाल, सुरेश गौतम, सवालेह अंसारी जजलाल राय, लक्ष्मी शंकर चौबे, सत्येंद्र कुमार दुबे मन्ना, रमाशंकर बिंद,महेश चंद्र मिश्रा,राजा राम दुबे, शिव पूजन मिश्रा,नाजिम अली संदीप दुबे विनोद गौतम, अकबर अंसारी,शक्ति मिश्रा, सरफराज अहमद, अनीश शेख, राम सजीवन गौतम, मोनिश अंसारी, आफताब अंसारी, नितिन सिंह, विमलेश पाल,आजाद हुसैन, मोहम्मद अब्दुल, इज़हार अंसारी, अवधेश बिंद, मुन्ना तिवारी, श्लोक मिश्रा,संदीप गौतम, महताब हुसैन, इत्यादि लोग उपस्थित रहें।

## गंगा दशहरा, ईद-उल अजहा बकरीद, योग सप्ताह त्यौहारो को सकुशल व शान्तिपूर्ण ढंग से मनाए जाने हेतु डीएम, एसपी ने जनपद के प्रबुद्धजनो के साथ बैठक कर दिया आवश्यक दिशा निर्देश

- परम्परागत तरीके से मनाएं त्यौहार, नई परम्परा की न की जाए शुरूआत -जिलाधिकारी
- प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी नहीं होगी
- किसी तरह की अशान्ति की स्थिति में पुलिस व प्रशासन को तत्काल करे सूचित,अपने हाथ में न ले कानून व्यवस्था
- सोशल मीडिया पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर, भ्रामक खबर/सूचना/वीडियो फैलाने वालो के विरूद्ध होगी कड़ी कार्यवाही -पुलिस अधीक्षक

**स्वतंत्र प्रभात**

**भदोही** 03 जून 2025- आगामी गंगा दशहरा, ईद-उल अजहा बकरीद पर्व व योग सप्ताह को जनपद में पूरे हर्षोल्लास, शान्तिपूर्ण एवं परम्परागत ढंग से मनाए जाने के दृष्टिगत जिलाधिकरी शैलेष कुमार व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने जनपद के प्रत्येक थानो से आए प्रबुद्धजनो एवं अधिकारियों की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में पीस कमेटी की बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगो से कहा कि आगामी त्यौहार विशेषतौर पर बकरीद व गंगा दशहरा को आपसी सौहार्दपूर्ण एवं कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए मनाया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार से नई परम्परा की शुरूआत न की जाए। बकरीद के दौरान खुले स्थान पर कुर्बानी न दी जाए तथा किसी भी दशा में प्रतिबंधित पशु/जानवरो की कुर्बानी न दी जाए, जिससे त्यौहार शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो सकें। उन्होंने कहा कि कुर्बानी के उपरान्त अवशेष/अपशिष्ट पदार्थो को खुले में न डाला जाए और नही कोई सामाग्री खुला लेकर जाया जाए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी व नगर पालिकाओं/नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्रो में बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। त्यौहार के दिन अनवरत विद्युत आपूर्ति व जलापूर्ति भी बनाए रखा जाए। उन्होंने कहा कि त्यौहार के दिन सफाई कार्मिको सहित लेखपाल, राजस्व निरीक्षक की भी ग्रामीण अंचलो में ड्यूटी लगाई जाए। डीएम ने सभी खंड विकास अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी को सख्त निर्देशित किया कि बकरीद नवाज पढ़ने के समय क्षेत्र तक सभी शुकरबाड़े को ताला लगाकर बंद रखा जाए। ईदगाह एवं मस्जिद क्षेत्र के आसपास पर्याप्त साफ-सफाई सुनिश्चित किया जाए। यदि कहीं भी तार लटके हो या जर्जर हो तो उन्हें विद्युत विभाग त्यौहार के पूर्व ही सही कर ले।

जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में विवाद की स्थिति में तत्काल पुलिस प्रशासन व सम्बन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट व जिलाधिकारी को अवगत कराया जाए ताकि तत्काल उसका निराकरण कराया जा सकें। किसी के द्वारा कानून व्यवस्था को अपने हाथ में लेने का प्रयास न किया जाए ताकि जनपद में शान्ति सुरक्षा और सौहार्द का माहौल बना रहें। उन्होंने यह भी कहा कि कहीं भी सार्वजनिक मार्गो पर यातायात व्यवस्था अवरूद्ध न होने पाए इसके लिए पुलिस व मजिस्ट्रेट के अधिकारी क्षेत्र में भ्रमणशील रहें।

जिलाधिकारी ने गंगा दशहरा त्यौहार के दृष्टिगत जिला पंचायत राज अधिकारी कों ग्रामीण क्षेत्रो में तथा नगर पालिकाओं/नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले गंगा नदी के घाटों रामपुर, सेमराध नाथ धाम, सीतामढ़ी व अन्य नदियो पर स्थित घाटो पर गोताखोर, नाव की व्यवस्था सहित बेहतर साफ सफाई, बैरीकेटिंग आदि की समुचित व्यवस्था कराई जाए ताकि लोग गहरे पानी में जाकर स्नान न करें ,इसकी जागरूकता के लिए घाटो पर जागरूकता बोर्ड भी लगाया जाए। उन्होंने सभी उप जिला मजिस्ट्रेट को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्रो में गंगा नदी व अन्य नदियों कें घाटो पर मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाए जाने के साथ ही लेखपालो की भी तैनाती की जाए। घाटो पर पेयजल व्यवस्था, महिलाओ के वस्त्र बदलने हेतु इनक्लोजर, शौचालय व प्रकाश व्यवस्था को भी सुनिश्चित कराया जाए। ग्रामीण क्षेत्रो में गंगा दशहरा मनाए जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने कहा कि प्रमुख तालाबो, पोखरो पर भी कही-कही लोगो द्वारा स्नान किए जाते है ऐसे स्थलो को चिन्हित करते हुए सम्बन्धित उप जिलाधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी तथा जिला पंचायत राज अधिकारी बेहतर सफाई व्यवस्था प्रकाश, पेयजल व सुरक्षा व्यवस्था हेतु लेखपाल व अन्य ग्रामीण स्तर के अधिकारियों की तैनाती कराई जाए ताकि कही भी किसी प्रकार अप्रिय घटना घटित न हो सकें। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से कहा कि उपरोक्त दोनो त्यौहारो को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में पुलिस अधिकारियों/कार्मिको की तैनाती के साथ ही प्रत्येक थानावार शान्तिपूर्ण त्यौहार सम्पन्न कराने हेतु सर्किल



अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दें।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने सभी क्षेत्राधिकारियों, थानाध्यक्षो को निर्देशित करते हुए कहा कि बकरीद त्यौहार के दृष्टिगत सम्बन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट से समन्वय स्थापित करते हुए अपने क्षेत्रो में भ्रमणशील रहे तथा विगत वर्ष यदि कही त्यौहार के अवसर पर विवाद हुए हो तो विशेष निगरानी रखते हुए समस्या का समाधान सुनिश्चित कराएं ताकि कही भी विवाद की स्थिति उत्पन्न न होने पाए। उन्होंने प्रबुद्ध नागरिको से अपील करते हुए कहा कि उपरोक्त दोनो त्यौहारो को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने में अपना सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि कही भी किसी आपत्तिजनक खबर व अफवाह फैलाने वालो लोगो पर विश्वास न करके उसे पुलिस व जिला प्रशासन के संज्ञान में अवश्य लाए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालो पर कड़ी नजर रखी जा रही है ऐसे लोगो के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु सभी थानाध्यक्ष यह सुनिश्चित करे कि सड़को पर नमाज न पढ़ी जाए, खुले में कुर्बानी न की जाए ताकि जनपद में शान्ति व अमन बना रहें। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के क्रम में योग सप्ताह 15 से 21 जून तक मनाया जाएगा, जिसमें प्रतिदिन योग के विभिन्न आयामों पर अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। योग सप्ताह का शुभारंभ 15 जून को मुंशीलाटपुर स्टेडियम में जन प्रतिनिधियों द्वारा किया जाएगा तथा 21 जून को जनपदीय योग कार्यक्रम बीएन जीआईसी ज्ञानपुर मैदान में होगा, जहां बड़ी संख्या में जन प्रतिनिधिगण व जनपदवासी प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 कुंवर वीरेंद्र मौर्य, मुख्य विकास अधिकारी डॉ शिवाकांत द्विवेदी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संतोष चक, उप जिलाधिकारी ज्ञानपुर शिव प्रकाश यादव, उप जिलाधिकारी भदोही अरुण गिरी, श्याम मणि त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी औराई बरखा सिंह, सभी क्षेत्राधिकारी पुलिस, थानाध्यक्ष, विभिन्न निकायों के चेयरमैन व विभिन्न थानो से आए गणमान्य नागरिक, धर्मगुरु, योग गुरु आदि उपस्थित रहें।

## निगोही पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गौ तस्करों को किया गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात**



**निगोही शाहजहांपुर-** शुक्रवार को पिकअप पर लाद कर ले जा रहे गोवंशों को पुलिस ने छुड़वाया था। जिसके मंगलवार की रात को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया । थाना निगोही मुकदमा पुलिस गौवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम तहत लिखा गया । पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। थाना निगोही क्षेत्र क्षेत्र ग्राम चक्रमली में एक बन्द पड़े मकान के सामने कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गोवंशीय पशुओ का वध करने के उद्देश्य से बोलेरो मैक्स पिक अप गाड़ी पर लादा जा रहा था । इस बात की सूचना जब पुलिस को मिली तो पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची, पुलिस को आता देख रात्रि का फायदा उठाकर अन्नात आरोपी अपनी बोलेरो मैक्स गाड़ी मौके पर छोड़ कर भाग गये । मौके पर बोलेरों मैक्स पिक अप वाहन पर चढ़कर पुलिस द्वारा देखा गया तो पाँच गोवंशीय पशु (नंदी) के मुँह व पैर बुरी तरह से रस्सियों से बंधे हुये थे।

जिनको भागे हुये अज्ञात तस्कर इन गौवंशी पशुओं का वध करके मांस को विक्रय करने के इरादे से आये थे। पुलिस द्वारा गौवंशी पशुओं के पैर व मुँह में बंधी रस्सीयो को चाकू से काटा गया सभी गाँवशी पशु गाड़ी के अन्दर तड़प रहे थे। जिनको पुलिस वालो द्वारा बडी मसक्कत के साथ खड़ा किया। जिसक मुकदमा पशु क्रूरता अधि0 बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। मंगलवार 03 जून को मुखबिर की सूचना के आधार पर मुकदमा मो0 शानू पुत्र रहीस अहमद , अनीश पुत्र लल्लू उर्फ हिरना थाना बीसलपुर जनपद पीलीभीत को ग्राम इनायतपुर वाले रोड पर पुरानी नहर कोठी के पास से पुलिस मुठभेड़ में समय करीब रात 2 बजे गिरफ्तार किया गया। पुलिस मुठभेड़ के दौरान दोनों आरोपियों द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गयी। जिसमें पुलिस आत्मरक्षार्थ फायरिंग की गयी। जिसके आरोपी. मो0 शानू पुत्र रहीस अहमद थाना देवरनिया जनपद बरेली के पैर के घुटने में नीचे पीछे के साइड एक गोली लगी तथा आरोपी अनीश के बाये पैर के घुटने में नीचे के साइड गोली लगी है। निगोही थाना प्रभारी अशोक कुमार सिंह, उप निरीक्षक प्रमोद कुमार ऋषिपाल इरफान अली आदि पुलिस की टीम उपस्थित रही।

## जिलाधिकारी के निर्देश पर मंगलवार को धनैता में चौपाल लगाकर किसानों की सुनी समस्या

**स्वतंत्र प्रभात**



**सीखड़, मीरजापुर।** विकास खंड अन्तर्गत धनैता ग्राम पंचायत के मझरा कला में जमीन के सर्वे में हुई भारी त्रुटियां के संबंध में मझरा कला के किसानों ने चुनार विधायक अनुराग सिंह से सर्वे निरस्त कर कागजात सुधारने की गुहार लगाई थी।जिसे विधायक ने गंभीरता से लेते हुए उप सचिव उत्तर प्रदेश सरकार से किसानों की समस्या दूर कराने की अपील की जिसे उप सचिव घनश्याम चतुर्वेदी ने तत्काल इस संबंध में मीरजापुर जिलाधिकारी से किसानों की जमीन संबंधित समस्या का निराकरण करने को कहा। जिलाधिकारी ने किसानों की जमीन के सर्वे की गई त्रुटियां दुरूस्त करने के लिए उप जिलाधिकारी चुनार के नेतृत्व में एक टीम गठित कर किसानों की समस्या का निस्तारण करने को कहा गया। मंगलवार को जिलाधिकारी द्वारा गठित टीम धनैता में पहुंच कर किसानों की समस्या सुनी। तहसीलदार योगेन्द्र शरण शाह,? ए आरो संजीव यादव, नायव तहसीलदार कल्पना, सहित तहसील कर्मचारी ने किसानों से दो माह में रोस्टर बना कर किसानों से प्रार्थना पत्र लेकर समस्या का निस्तारण करने की बात कही। उक्त अवसर पर नायब तहसीलदार कल्पना राजस्व निरीक्षक ताड़केश्वर मिश्र सहित क्षेत्रीय लेखपाल और सैकड़ों की संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## किशोर की अचानक मौत से परिजनों में मचा कोहराम

**स्वतंत्र प्रभात**

**हलिया,मिर्जापुर।** मंगलवार को ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मुड़ेल गांव निवासी 16 वर्षीय किशोर की सोमवार को ननिहाल पहुंचने पर अचानक तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन में किशोर को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां देर रात मंडलीय चिकित्सालय में किशोर की मौत हो गई।मुड़ेल गांव निवासी स्वर्गीय मैकू का 16 वर्षीय पुत्र अमरेश कुमार सोमवार दोपहर बाइक से अपने ननिहाल प्रयागराज जिले के कोरांव थाना क्षेत्र के महुली गांव के लिए निकला था। जैसे ही दोपहर में अपने ननिहाल पहुंचा तो कुछ देर बाद अचानक तबीयत बिगड़ गई और नाक से खून निकलने लगा। किशोर को उपचार हेतु कोरांव ले गए जहां चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुए रेफर कर दिया। सूचना पाकर अस्पताल पहुंचे किशोर के स्वजन देर शाम किशोर को कोरांव से लेकर मंडलीय चिकित्सालय पहुंचे। उपचार हेतु मंडलीय चिकित्सालय में भर्ती करवाया जहां उपचार के दौरान रात में किशोर की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में मचा कोहराम




ग्रामीणों ने बताया कि मृतक के पिता की एक वर्ष पूर्व ही हो चुका है मौत।

## आई0जी0आर0एस0 जन सुनवाई एवं सी0एम0 हेल्पलाइन पर प्राप्त संदर्भो के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में विन्ध्याचल मण्डल का प्रदेश में प्रथम स्थान

- अधिकारियों की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम- मण्डलायुक्त

**स्वतंत्र प्रभात**



**मीरजापुर।** आई0जी0आर0 जन सुनवाई एवं सी0एम0 हेल्पलाइन में प्राप्त संदर्भो की मार्किंग/अग्रसारण एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में विन्ध्याचल मण्डल को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। आई0जी0आर0एस0 एवं सी0एम0 हेल्पलाइन के संदर्भो का शासन स्तर पर रैकिंग समीक्षा में कुल 120 पूर्णांक में से 100 प्राप्तांक प्राप्त कर 83.33 प्रतिशत प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम रैंक/स्थान प्राप्त हुआ हैं। मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल श्री बालकृष्ण त्रिपाठी ने सभी मण्डलीय/जनपदी अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर में आई0जी0आर0एस0 जनसुनवाई एवं सी0एम0 हेल्पलाईन पोर्टल पर पर प्राप्त संदर्भो के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान/रैंक हासिल की है। यह उपलब्धि हमारे समस्त मण्डलीय अधिकारियों की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने सभी मण्डलीय व इससे जुड़े जपनदीय अधिकारियों को इस अनुपम उपलब्धि के लिए हृदय से बधाई देते हुए कहा कि मुझे आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि भविष्य में भी आपके परिश्रम एवं समर्पण से हमारा मण्डल आगे भी इसी प्रकार सफलता के शिखर को प्राप्त करता रहेगा। उन्होंने पुनः इस उपलब्धी के लिए बहुत बधाई दी तथा कहा कि आपका सभी का परिश्रम एवं प्रयास हमारे मण्डल के लिए हमेशा प्रेरणा का स्त्रोत रहेगा।

## युवराज पांडेय जी को हिंदू सुरक्षा सेवा संघ उत्तर प्रदेश काशी क्षेत्र का अध्यक्ष नियुक्त किया गया

**स्वतंत्र प्रभात**

**मीरजापुर।** हिन्दू सुरक्षा सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष 1008 महंत श्री श्री राजू दास जी सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी अयोध्या धाम उत्तर प्रदेश ने जनपद मीरजापुर विंध्याचाल धाम निवासी आदिशक्ति पीठ माँ विंध्यवासिनी मंदिर प्रधान पुजारी व युवा नेता श्री युवराज पाण्डेय जी को हिंदू सुरक्षा सेवा संघ उत्तर प्रदेश काशी क्षेत्र का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संगठन के कल उपचारिक बैठक में घोषणा होने के बाद काशी क्षेत्र अध्यक्ष का पदभार संभाला व राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत श्री राजू दास जी , प्रदेश प्रभारी सरून जी, प्रदेश अध्यक्ष अरुण जी, प्रदेश संगठन महामंत्री अवधेश शर्मा जी, प्रदेश मंत्री ऋषि त्यागी जी, राष्ट्रीय व प्रदेश कार्यकारिणी को आभार व्यक्त करते हुए काशी क्षेत्र अध्यक्ष युवराज पाण्डेय जी ने कहा की सनातन हिन्दुत्व की आवाज को बुलंद करूंगा और पुरे काशी क्षेत्र में हिंदुत्व और गौ रक्षा के मुद्दों पर किसी प्रकार से समझौता नहीं होने दूंगा। हिंदुओ पर नजर भी उठाया कोई



तो उन पर सूबे की बुलडोजर चढ़ाने का भी कार्य किया जाएगा।

## ऋण पत्रावलियों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाय-जिलाधिकारी

**स्वतंत्र प्रभात**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में सोमवार शाम जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में एलडीएम ने शासकीय योजनाओं के प्रगति की विस्तृत जानकारी दी और बताया कि किसान क्रेडिट कार्ड वित्तीय वर्ष 2024-25 के कुल भौतिक लक्ष्य 114970 निर्धारित किया गया था। वर्तमान वित्तीय वर्ष में फसल के लिये कुल 167447 भौतिक आवेदन स्वीकृत हुये है, जिसमें किसान क्रेडिट कार्ड में पंजाब नेशनल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, सेन्ट्रल बैंक, बैंक ऑफ इण्डिया, यूको बैंकों की लक्ष्य के सापेक्ष प्रतिशत कम पाया गया, जिस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये समस्त सम्बन्धित विभागीय अधिकारी एवं बैंक मैनेजरों को निर्देशित किया गया कि शाखावार विवरण रखा जाय। आवेदन पत्रों को शाखाओं को प्रेषण की सूचना डिस्ट्रिक्ट हेड और एलडीएम को भेजा जाय, इसकी समीक्षा एलडीएम सम्बन्धित ब्रान्च मैनेजर के साथ आयोजित करायें। उन्होने कहा कि बैंकों में जो भी पहले के आवेदन लम्बित पड़े है उनका यथाशीघ्र निस्तारण कराया जाय।जिन बैंकों में सबसे ज्यादा लम्बित प्रकरण है सम्बन्धित अधिकारी बैंक से समन्वय कर आवेदन पत्रों के प्रकरणों की जानकारी लिया जाय।उन्होने कहा कि 15 दिन में जो भी आवेदन आये हुये है उनका निस्तारण करायें। जिनकी पात्रता की शर्ते पूरी नहीं हो ऐसी पत्रावलियों को निरस्त किया जाय। डीएम ने मत्स्य पालन एवं पशुपालन, केसीसी योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, एक जनपद एक उत्पाद, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार



योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना आदि की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि पत्रावलियों के निस्तारण में लापरवाही कदापि न बरती जाय अन्यथा की स्थिति में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति, एलडीएम गोपाल शेखर झा व अन्य सम्बन्धित अधिकारी व बैंकों के समन्वयक/प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## बेल्हा देवी घाट पर 21000 दीपों से काशी के पुरोहित करेंगे महाआरती

**प्रतापगढ़।** श्री गंगा दशहरा महोत्सव मां बेल्हा देवी धाम में तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में 20वां श्री गंगा दशहरा महोत्सव की तैयारी में सभी भक्तगण लगे हुए हैं। गंगा दशहरा महोत्सव 5 जून को मनाया जाएगा। जिसकी सजावट, सफाई आदि मंगलवार से शुरू की गई। 05 जून को पूरे मंदिर परिसर को फूल मालाओं व विद्युत झालरों से पूरे परिसर को सजाया जाएगा। शाम को 21000 दीपों से सभी घाटों और मंदिर को प्रकाशमय करके काशी से पधारे पुरोहितों द्वारा शंख, घंटा, घड़ियाल के साथ भव्य मां सई गंगा की महा आरती होगी। मां गंगा के अवतरण की झांकियो के साथ भजन संध्या की प्रस्तुति होगी एवं प्रसाद का वितरण होगा। मां बेल्हा देवी धाम प्रबंधक प्रमोद कुमार सिंह मुन्ना भैया ने कहा कि सभी भक्तगण इस पावन पर्व पर सहभागिता कर दीपोत्सव व महाआरती में शामिल होकर पुण्य के भागीदार बने। समिति के संयोजक समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इस अवसर पर जगदंबा प्रसाद (जग्गू पंडा),



सुरेश मास्टर, आदर्श कुमार, विवेक कुमार, आलोक, अरविंद, प्रदीप, मनोज पंडा, मनीष, गोलू, राजू, पवन पटवा, बाबा सिंह, मुकेश आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### होलागढ़ पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार



**प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में माननीय न्यायालय जे0एम0 कक्ष सं0-03 प्रयागराज द्वारा निर्गत गिरफ्तारी अधिपत्र सम्बन्धित मु0नं0-231/12 धारा-504/506/427 भा0द0सं0 से सम्बंधित वारण्टी अभियुक्त दीपक कुमार हेला पुत्र प्यारे लाल हेला निवासी दहियावां थाना होलागढ़ कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना होलागढ़ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम दहियांवा के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

### निजी नलकूप कनेक्शन लेने के बाद ट्रांसफार्मर के लिए विभाग के चक्कर काट रहे 260 किसान

**कौशाम्बी।** जनपद के सैकड़ों किसान जिन्होंने निजी नलकूप बिजली कनेक्शन के लिए, बिजली विभाग से अनुमति ले ली है, लेकिन अब उन्हें ट्रांसफार्मर की आपूर्ति के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। महीनों बीत जाने के बावजूद ट्रांसफार्मर नहीं मिलने से किसान अपनी सिंचाई व्यवस्था शुरू नहीं कर पा रहे हैं। इससे खरीफ फसल की बुवाई पर संकट के बादल मण्डरा रहे हैं। जिले के कई किसानों ने बताया, कि नलकूप के लिए तीन महीने पहले कनेक्शन मिला, वहीं पोल भी लग गया है लेकिन अभी तक ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया है। विभाग के चक्कर काटते-काटते अब खेती-बाड़ी की तैयारी बिगड़ रही है।" कई किसानों ने बताया कि विभागीय अधिकारी फाइलें पास करने और बजट न होने का हवाला देकर जिम्मेदारी टाल रहे हैं। वहीं वर्कशॉप में ट्रांसफार्मर की भारी कमी बताई जा रही है।

**क्या कहते है जिम्मेदार**

जिले में लगभग 260किसानों ने निजी नलकूप के हेतु विद्युत कनेक्शन लिये है,स्टोर मे जो सामग्री उपलब्ध थी वह किसानों को उपलब्ध करा दी गई है, ट्रांसफार्मर की आपूर्ति होते ही किसानों को ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा दिया जायेगा। उमेश कुमार- एसडीओ,स्टोर कौशाम्बी।

### जिलाधिकारी ने स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय कादीपुर में सम्बद्ध चिकित्सालय मंझनपुर के पार्ट-ए एवं बी में निर्माणाधीन भवन के निर्माण कार्यों की समीक्षा कर ली जानकारी

**निर्माण/फिनीशिंग कार्य को माह-जून 2025 तक पूर्ण कराये करते हुए सम्बन्धित को हैण्डओवर कराये जाने के दिये निर्देश**



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने सम्बन्धित अधिकारियों के साथ अपने कार्यालय कक्ष में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय कादीपुर में सम्बद्ध चिकित्सालय मंझनपुर के पार्ट-ए एवं बी में निर्माणाधीन भवन के निर्माण कार्यों की समीक्षा कर जानकारी प्राप्त की। बैठक में जिलाधिकारी ने स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय कादीपुर में सम्बद्ध चिकित्सालय मंझनपुर के पार्ट-ए एवं बी में निर्माणाधीन भवन में लिफ्ट, टाइल्स, विद्युत एवं फिनिशिंग आदि सहित अन्य कार्यों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की, जिसकी प्रगति धीमी पाये जाने पर उन्होने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य को माह-जून 2025 तक हर हाल में पूर्ण कराये जाने के साथ ही सम्बन्धित को हैण्डओवर कराये जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर प्रधानाचार्य स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय डॉ0 हरिओम सिंह, एमडी अठावले, काउन्सलर अखिलेश यादव, अधिशासी अभियन्ता पी0 डब्ल्यू डी0 प्रयागराज, ए0 ई0 पी0 डब्ल्यू डी0 प्रयागराज एवं वैस्कॉन की टीम सहित अन्य सम्बन्धित लोग उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट जनता दर्शन में सुनी जन समस्याएं

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने आज प्रातः 10 बजे से कलेक्ट्रेट के जनता दर्शन में आने वाले फरियादियों की जन समस्याओ को सुना तथा उनकी शिकायतो को गम्भीरता से लेते हुए सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध व संतुष्टिपूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कहा कि सभी अधिकारी शासन की मंशानुरूप प्रत्येक जनता की समस्याओ का सम्बन्धित प्राथमिकता के आधार पर करे किसी भी स्तर पर संतुष्टिपरक गुणवत्तापूर्ण न पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट में जुलाई से होगा एडवोकेट चैंबर का आवंटन

**● ऑनलाइन करना होगा आवेदन।**



स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट परिसर में 680 करोड़ से बनी हाईटेक मल्टीलेवल पार्किंग और अधिवक्ता चैंबर का 31 मई को चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया, जस्टिस भूषण राम गवई ने उद्घाटन किया। नवनिर्मित अधिवक्ता चैंबर और पार्किंग का अलॉटमेंट कैसे और कब होगा यह अधिवक्ताओं के बीच सबसे बड़ा सवाल है? सरकार की ओर से कहा गया है कि चैंबर का अलॉटमेंट जुलाई माह से ऑनलाइन माध्यम से होगा।

इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि आवंटन की प्रक्रिया तो जुलाई में शुरू होगी. आवंटन कैसे होगा? उसके क्या मानक होंगे? यह अभी तय नहीं है. हां, इतना जरूर है कि जिस भी अधिवक्ता को चैंबर आवंटन होगा उसका इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है. उन्होंने बताया कि रजिस्ट्रेशन की डेट के आधार पर उसकी सीनियरिटी तय होगी. इसके साथ ही यह भी देखा जाएगा कि अधिवक्ता ने कितने केस किए हैं? नंबर ऑफ केसेज और एफिडेविड के आधार पर भी सीनियरिटी तय होगी।

उन्होंने बताया कि सरकार भी अपने कुछ मानक लाएगी. इस पर अभी हाईकोर्ट के प्रशासनिक और सरकार के स्तर पर मीटिंग चल रही है. जल्द ही बार के साथ भी बैठक होगी. आवंटन के लिए पात्रता, शर्तें और फीस जल्द तय होगी. इसके बाद हाईकोर्ट की वेबसाइट पर इस बारे में नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा. माना जा रहा है कि सीनियर एडवोकेट को चैंबर अलॉट होगा और उनके साथ 3 अन्य अधिवक्ता को उनके साथ चैंबर अलॉट होगा।

इलाहाबाद हाईकोर्ट के सीनियर एडवोकेट एसएफए नकवी ने बताया कि आवंटन की प्रक्रिया से पहले हाईकोर्ट की वेबसाइट पर पात्रता और शर्तें जारी की जाएंगी. इसके बाद हाईकोर्ट में ऑनलाइन आवेदन करना होगा. वेब पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया एडवोकेट्स को खुद पूरी करनी होगी. सभी प्रकार के भुगतान के लिए इंटीग्रेटेड पेमेंट गेटवे की सुविधा दी जाएगी. चैंबर आवंटन की पूरी प्रक्रिया पूर्व निर्धारित मानदंडों के अनुरूप पूरी तरह से स्वचालित होगी और पारदर्शिता का ध्यान रखा जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उद्घाटन अवसर पर बताया था कि इलाहाबाद हाईकोर्ट में चैंबर आवंटन में किसी भी तरह का मानवीय हस्तक्षेप नहीं होगा. सभी आवेदन मिलने के बाद पोर्टल अपने आप मेरिट तैयार करेगा. मेरिट के आधार पर चैंबर आवंटन किया जाएगा. चैंबर आवंटन के लिए सेल्फ केयर पोर्टल लांच किया गया है. इसमें चैंबर से संबंधित सभी जानकारियां दी जाएंगी।

नवनिर्मित भवन में कुशल व प्रभावी पार्किंग प्रबंधन के लिए भवन में वाहनों के प्रवेश की अनुमति, वाहनों की पहचान, नवीनतम ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन (एनपीआर) तकनीकी का प्रयोग करके किया जाएगा. पार्किंग क्षेत्र में केवल रजिस्टर्ड वाहनों के प्रवेश की अनुमति दी जाएगी. इसके अतिरिक्त प्रत्येक पार्किंग तल पर डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड से वास्तविक समय में पार्किंग स्थल पर पार्किंग क्षेत्र की उपलब्धता को प्रदर्शित किया जाएगा. इससे यातायात परिचालन को प्रभावी कर नियंत्रित व सुव्यवस्थित किया जाएगा. अगर पार्किंग के लिए जगह नहीं है तो वाहन अंदर नहीं जा पाएंगे. उन्हें बाहर गेट पर ही रोक दिया जाएगा, ताकि अव्यवस्था न फैले।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट और लखनऊ बेंच में 12 अपर महाधिवक्ताओं की नियुक्ति

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट और इसकी लखनऊ बेंच में 12 अपर महाधिवक्ताओं की नियुक्ति की गई है. यह नियुक्तियां न्यायिक प्रक्रिया को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से की गई हैं. नियुक्त किए गए वरिष्ठ अधिवक्ताओं में कई जाने-माने नाम शामिल हैं, जिन्हें उनकी कानूनी विशेषज्ञता और अनुभव के आधार पर चुना गया है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट के लिए नियुक्त अपर महाधिवक्ताओं में दुर्ग विजय सिंह, अमित सक्सेना, अनूप त्रिवेदी, महेंद्र नारायण सिंह, राहुल अग्रवाल, संजीव सिंह और कार्तिकेय सरन शामिल हैं. इनकी नियुक्ति से हाईकोर्ट में राज्य सरकार के पक्ष को और मजबूती मिलेगी. ये अधिवक्ता विभिन्न महत्वपूर्ण मामलों में सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे और न्यायिक प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करेंगे।

वहीं, हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के लिए पांच अपर महाधिवक्ताओं की नियुक्ति की गई है. इनमें अनुज कुदेसिया, सुदीप कुमार, प्रितीश कुमार, ज्योत्सना पाल और सूर्य मणि सिंह रैकवार शामिल हैं. इन अधिवक्ताओं का चयन उनकी कानूनी दक्षता और पेशेवर अनुभव को ध्यान में रखकर किया गया है. लखनऊ बेंच में इनकी नियुक्ति से क्षेत्रीय स्तर पर कानूनी कार्यवाही को और गति मिलने की उम्मीद है।

इन नियुक्तियों को लेकर कानूनी हलकों में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है।



माना जा रहा है कि ये अधिवक्ता अपनी विशेषज्ञता से न्यायिक प्रक्रिया को और प्रभावी बनाएंगे। यह कदम न केवल कानूनी प्रक्रिया को सुचारू बनाएगा, बल्कि जनहित से जुड़े मामलों में भी तेजी लाएगा. प्रदेश सरकार की विशेष सचिव लोकेश नागर ने इस संबंध में आदेश जारी किया है. जिसकी जानकारी उन्होंने उच्च न्यायालय इलाहाबाद को दी है।

## योगी सरकार पर भड़के शंकराचार्य- अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती

**● बोले-गोरक्षनाथ मंदिर का भी अधिग्रहण करे सरकार।**

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** ज्योतिष पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर के अधिग्रहण के निर्णय का कड़ा विरोध किया है. वाराणसी में एक वीडियो जारी कर वृंदावन के धर्माचार्यों से आह्वान किया है कि वह किसी भी कीमत पर बांके बिहारी मंदिर को अधिग्रहित नहीं होने दें. शंकराचार्य के कहना है कि सरकार यदि मंदिरों का अधिग्रहण कर रही है, तो गोरखनाथ मंदिर भी सरकार अपने कब्जे में ले. वहां आने वाले चढ़ावे को सार्वजनिक करते हुए जनता को ही इसका फायदा मिले। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा है कि एक तरफ सनातन धर्म के धर्म आचार्य पूरे देश में मुहिम चला रहे हैं कि सरकार मंदिरों और धर्म स्थान के अधिग्रहण को वापस करे. सनातन धर्म बोर्ड बनाकर धर्माचार्यों द्वारा इसका संचालन किया जाए. वहीं उनकी इस मुहिम के बाद भी सरकार मंदिरों के अधिग्रहण से नहीं चूक रही है. कहा कि बांके बिहारी मंदिर सेवायत और पुजारियों के हाथों में रहा है, लेकिन सरकार इसे ट्रस्ट बनाकर अधिग्रहित कर रही है और कोई कुछ भी नहीं बोल रहा है. जब सरकार मंदिर को अधिग्रहित करके वहां सरकारी अधिकारी बैठा देगी तो भविष्य में धर्म की व्यवस्था देखने वालों के लिए क्या रह जाएगा।

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा है कि आश्चर्य की बात है की धर्मनिरपेक्ष सरकार को परंपरा के आगे सिर्फ अपना स्वामित्व दिखाई दे रहा है. शंकराचार्य का कहना है कि सरकार को सनातनी मंदिरों को अधिग्रहीत करने का कोई अधिकार नहीं है. बांके बिहारी मंदिर में जो हमारे गोस्वामियों की परंपरा है, उस परंपरा का पोषण होना आवश्यक है. कहा कि



बांके बिहारी मंदिर में कोई कमी है, कोई गड़बड़ी भी हो रही है तब उस पर विचार करके उसको ठीक किया जाना चाहिए, न कि गड़बड़ी के नाम पर धर्म स्थान को धर्मनिरपेक्ष सरकार अधिग्रहित कर ले। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा है कि 1982 में काशी विश्वनाथ मंदिर में हुई चोरी के नाम पर सरकार ने अधिग्रहित करके इस अपने कब्जे में ले लिया। उसके बाद आज तक उस चोरी को कोई साबित नहीं कर पाया है। शंकराचार्य का कहना है कि गोरक्षनाथ मंदिर भी सरकार को अधिग्रहीत करना चाहिए।

## अवध विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. प्रतिभा गोयल ने दिया इस्तीफा

**● एनडी यूनिवर्सिटी के वीसी को मिला कार्यभार।**

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** अवध विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. प्रतिभा गोयल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है. इस्तीफे को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने स्वीकार कर लिया है. इसके साथ ही उनके स्थान पर नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर विजेंद्र सिंह को कार्यवाहक कुलपति के रूप में जिम्मेदारी दी गई है। डॉ. प्रतिभा गोयल ने 22 नवंबर 2022 अवध विश्वविद्यालय की कुलपति का कार्यभार ग्रहण किया था. इसके पूर्व पंजाब विश्वविद्यालय, पटियाला और बाद में पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना में प्रबंधन संकाय में शामिल हुई, जहां उन्होंने 2016 से 2020 तक स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडीज के निदेशक के रूप में भी काम किया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की तीन प्रमुख शोध परियोजनाओं के प्रमुख अन्वेषक के रूप में उन्होंने बाल श्रम, बीपीओ कॉल सेंटर श्रमिकों और संगठित खुदरा क्षेत्र के कर्मचारियों पर शोध किया है। उन्होंने कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सेमिनारों, सम्मेलनों और संगोष्ठियों में भाग लिया और सत्रों की अध्यक्षता की. कई पत्रिकाओं के संपादकीय बोर्ड में होने के अलावा उन्होंने प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में 80 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित किए हैं और सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र पुरस्कार पाया है. उन्होंने 12 पुस्तकों का लेखन और संपादन किया है. उनकी पुस्तक 'स्ट्रेस मैनेजमेंट' के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सराहा था।

डॉ. प्रतिभा गोयल द्वारा कुलपति के पद से इस्तीफा देने के बाद डॉक्टर विजेंद्र सिंह को जिम्मेदारी मिली है, जिससे प्रशासनिक कार्य होते रहें हालांकि, डॉ.प्रतिभा गोयल का इस्तीफा शिक्षकों में चर्चा का विषय बना है। बीते दिन राजभवन की टीम द्वारा विश्वविद्यालय में छापेमारी के दौरान दो शिक्षक शराब पीते हुए भी पाए गए थे. इस दौरान उनका मेडिकल भी कराया गया था। उसके बाद इन शिक्षकों पर कार्रवाई भी हुई. इसी तरह से और भी कई मामले में जांच की बात कही जा रही है।

## इलाज में बालक की मौत के बाद मुआवजा देकर डॉक्टर ने किया रफा दफा

**● मृतक के परिवार से समझौता हुआ बालक की मौत की लगाई गई बोली**



स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर के शांति अस्पताल में इलाज के दौरान कथित डॉक्टरों की लापरवाही से शनि उम्र 10 वर्ष पुत्र राजकुमार निवासी अजरौली थाना धाता की मौत होने के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा काटा यह अस्पताल स्वास्थ्य विभाग में नौकरी करने वाले एक सरकारी स्वास्थ्य कर्मी का है परिजनों द्वारा हंगामा किए जाने के बाद मृतक के परिवार से समझौता हुआ मौत की बोली लगाई गई और उसके बाद मृतक के परिजनों के मुंह में नोट की गड्डी लेकर उनका मुंह बंद कर दिया गया सवाल उठता है कि कब तक डॉक्टरों की लापरवाही से इलाज में मौत होती रहेगी इसके पहले भी कथित नर्सिंग होम में इलाज के दौरान कई मरीजों की मौत हो चुकी है जनपद मुख्यालय के ही कई ऐसे नर्सिंग होम है जहां इलाज में लापरवाही के चलते लगातार मौत हो रही है लेकिन उसके बाद भी गलत तरीके से चलने वाले अस्पतालों को बंद नहीं कराया गया है संचालकों पर मुकदमा नहीं लिखाया गया है उनकी गिरफ्तारी नहीं कराई गई है जिससे पूरे स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गये है।

हाई कोर्ट के निर्देश के बाद सरकारी चिकित्सको ने इस बात का शपथ पत्र दिया था कि उनके निजी अस्पताल का संचालन नहीं होता है लेकिन हाईकोर्ट में शपथ पत्र देने के बाद भी सरकारी डॉक्टर के कई निजी अस्पताल जनपद मुख्यालय में संचालित हो रहे हैं जिला अस्पताल के कई डॉक्टरों का अस्पताल प्रयागराज में संचालित हो रहा है जबकि उन्होंने हाईकोर्ट में शपथ पत्र दिया है कि उनका निजी अस्पताल नहीं संचालित हो रहा है आखिर झूठे शपथ पत्र पर कब तक सरकारी डॉक्टर इलाज करते रहेंगे और कथित चिकित्सकों की लापरवाही से कब तक मौत होती रहेगी।

## जिलाधिकारी ने की जिला स्वच्छता समिति, पर्यावरण समिति एवं गंगा समिति की बैठक

**● आर0आर0सी0 सेन्टरों के शेष निर्माण कार्य को माह जून तक पूर्ण कराने के निर्देश**

**गॉवों एवं शहर की गलियों में साफ-सफाई न किये जाने की शिकायतें बार-बार प्राप्त होने पर सभी खण्ड विकास अधिकारियों को शो-काज नोटिस जारी करने के निर्देश**

**जिन-जिन जहगों पर साफ-सफाई न पाये जाने की शिकायत प्राप्त हुई है, वहॉ के एडीओ पंचायत को प्रतिकूल प्रविष्टि दिये जाने के निर्देश**



स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा उदयन सभागार में जिला स्वच्छता समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक की गई बैठक में जिलाधिकारी ने जिला पंचायतराज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में चिन्हित स्थानों पर हो रहे आर0आर0सी0 सेन्टरों के शेष बचे निर्माण कार्य को माह जून तक अवश्यक पूर्ण करा लिया जाय। उन्होंने वनाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि गॉवों में वेटलैण्ड (आर्द्र भूमि) का चिन्हांकन करते हुए साफ पानी के स्टोरेज के सम्बन्ध में कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। इसके साथ ही वृक्षारोपण दिवस में अधिक से अधिक पौधों का रोपण किया जाय। उन्होंने ससुर खदेरी नदी के किनारे बृहद वृक्षारोपण कराये जाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही अमृत सरोवरों एवं अन्य तालाबों के किनारों पर बृहद वृक्षारोपण का कार्य भी कराने के निर्देश वनाधिकारी को दिये। उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि तालाबों के आस-पास सहित जनपद में साफ-सफाई की व्यवस्था निरन्तर सुनिश्चित रहे। उन्होंने कहा कि गॉवों एवं शहर की गलियों में साफ-सफाई न किये जाने की शिकायतें बार-बार प्राप्त हो रही हैं जिस पर सभी खण्ड विकास अधिकारियों को शो-काज नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन-जिन जहगों पर साफ-सफाई न पाये जाने की शिकायत प्राप्त हुई है, वहॉ के एडीओ पंचायत को प्रतिकूल प्रविष्टि दिया जाय।

बैठक में जिलाधिकारी ने गंगा दशहरा (05 जून) के अवसर पर कहा कि गंगा के किनारे जो भी कार्यक्रम किये जायें उसका प्रचार-प्रसार अवश्य हो। उन्होंने सभी बीडीओ एवं ई0ओ0 को निर्देशित करते हुए कहा कि गंगा एवं यमुना नदी के किनारे जहॉ कहीं पर घाट बने है या बनाये जाने हैं, उनका निर्माण एवं साफ-सफाई कराकर वहॉ पर प्रतिदिन भव्य रूप से आरती करायी जाय। आरती में गॉव के आम लोगों, प्रधानों एवं सम्भ्रान्त लोगों को भी बुलाया जाय। बीडीओ एवं ई0ओ0 को आरती का नोडल बनाया जाता है, आरती में स्वयं मौजूद रहेंगे। उन्होंने गंगा दशहरा के दिन कड़ाधाम में स्वास्थ्य कैम्प लगाने के निर्देश दिये मुख्य चिकित्साधिकारी को दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 संजय कुमार, जिला विकास अधिकारी सुखराज बन्धु, जिला पंचायत राज अधिकारी अनिल सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी रामसिंह यादव एवं सभी विकास खण्डों के खण्ड विकास अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत, गंगा समिति के विनय कुमार पण्डा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जिला कांग्रेस कमेटी कौशाम्बी की मासिक बैठक हुई सम्पन्न



स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जनपद में आज जिला कांग्रेस कमेटी कौशाम्बी की मासिक बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय मंझनपुर में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला कौशाम्बी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने किया। बैठक में मुख्य रूप से संगठन को मजबूत करने पर चर्चा की गयी, बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कि सारे पदाधिकारी कार्यकर्ता अपने- अपने घर घर हर घर झण्डा अभियान के तहत 5 तारीख तक झण्डा लगायें और साथ ही साथ पदाधिकारी प्रत्येक बूथ को मजबूत करने पर कार्य करें, जिलाध्यक्ष ने अपने ब्लाक अध्यक्षों को निर्देश दिया कि वह जिले के पदाधिकारियों के साथ मिलकर बूथ कमेटी बनाए और न्याय पंचायत को मजबूत कर बूथ का गठन करें। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस के प्रभारी राजेश साहनी ने कहा कि संगठन ही पार्टी की नींव होती है और संगठन से ही पार्टी को मजबूती मिलती है उन्होंने पार्टी के पदाधिकारियों से अपील की कि हर बूथ पर कांग्रेस के कार्यकर्ता मजबूती से खड़े हों। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि आज भी घर घर में कांग्रेस है और लोगों की भावनाएं कांग्रेस पार्टी के साथ है आज भी लोगों के दिलों में कांग्रेस है, पुराने बुजुर्गों ने जिन्होंने कांग्रेस का शासन देखा है वह आज भी कांग्रेस का लोहा मानते हैं, बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव बरसाती लाल पंडा ने कहा कि आज केन्द्र में बैठी बीजेपी सरकार धर्म के नाम पर लोगों को लड़ाने का काम कर रही है और समाज में नफरत का बीज बोने का काम कर रहे हैं।

जो कि बेहद निंदनीय है। बैठक को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस नेत्री संगीता सरोज ने कहा कि आज महिलाएं महंगाई से बुरी तरह त्रस्त हैं और रसोई चलाने में नाकों चने चबाने पड़ रहे हैं, कांग्रेस नेत्री ने बताया कि आज जो आपरेशन सिन्दूर के नाम पर बीजेपी सिन्दूर के नाम पर नौटंकी कर रहे है वो बेहद निन्दनीय है और बीजेपी सिन्दूर के नाम पर महिलाओं को अपमानित करने का काम कर रही है। बैठक में संगठन की मजबूती सहित अन्य कई मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राम बहादुर त्रिपाठी, श्याम मूर्ति तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेन्द्र त्रिपाठी, मनोज सिंह पटेल, आशीष मिश्रा पप्पू, राजनरायन पासी, मो0 अकरम, प्रवक्ता कौशलेश द्विवेदी, महासचिव राम सूरत रैदास, बरसाती लाल पंडा, अर्श खुर्शीद, नैयर रिजवी, मो0 आरिज़, मो0 नसीम, सचिव श्याम सिंह भदोरिया, आबिदा बेगम, सुरेन्द्र शुक्ला, सोशल मीडिया प्रभारी सचिन पाण्डेय, शिवलेश मिश्रा, संदीप पाण्डेय एडवोकेट, हेमंत रावत, निक्की पाण्डेय, ब्लाक अध्यक्ष भागीरथी सिंह पटेल, मो0 वसीम, मुश्ताक अंसारी, इंद्रपाल, रामदास, छोटेलाल, अमृत लाल, बिफाई, आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## ग्राम चौपाल 3.0: प्रशासन खुद पहुंचा गांव की चौखट पर- शिकायतें सुनीं, समाधान वहीं दिया गया

**● डीएम की पहल पर ग्राम चौपाल की शुरुआत, शिकायतों की गुणवत्ता से लेकर जवाबदेही तक प्रशासन की प्राथमिकता**





स्वतंत्र प्रभात

**गोंडा।** गांवों की समस्याएं अब फाइलों में नहीं, फील्ड में हल हो रही हैं। मंगलवार को शुरू हुए ग्राम चौपाल 3.0 कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने खुद गांव-गांव जाकर न सिर्फ ग्रामीणों की शिकायतें सुनीं, बल्कि अधिकारियों को साथ लेकर मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया। यह पहल एक परंपरा नहीं, बल्कि प्रशासनिक सोच में बदलाव की दिशा में एक ठोस कदम है।

**शिकायतें केवल गिनी नहीं, समझी और हल की गई**

ग्राम चौपाल 3.0 की शुरुआत पूर्व समीक्षा और रणनीतिक योजना के साथ हुई है। जिलाधिकारी के निर्देश पर आईजीआरएस, समाधान दिवस, जनता दर्शन और अन्य प्लेटफार्म से प्राप्त शिकायतों की सघन पड़ताल की गई। जिन ग्राम पंचायतों से बार-बार समस्याएं आ रही थीं, उन्हें चिन्हित कर प्राथमिकता के आधार पर चौपाल आयोजन के लिए चुना गया। सभी संबंधित अधिकारियों को न केवल सूचना दी गई, बल्कि स्पष्ट निर्देश दिए गए कि शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। शुरुआत झंझरी, रुपईडीह और पण्डरीकृपाल में मंगलवार को इसकी विधिवत शुरुआत करते हुए जिलाधिकारी ने विकासखंड झंझरी, रुपईडीह और पण्डरीकृपाल की पाँच ग्राम पंचायतों-पथवलिया पिपरा पदुम, उमरा, पुरैनिया, और दतनगर विशेन में चौपाल लगाई। ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उन्होंने संपर्क मार्गों की स्थिति, विद्युत आपूर्ति, शौचालय निर्माण, नाली, राशन वितरण, अविवादित विरासत जैसे मुद्दों पर गहन चर्चा की और अधिकारियों को मौके पर ही त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

**समाधान की तत्परता और कड़ी चेतावनी**

ग्राम पंचायत उमरा में सरकारी भूमि पर बने अवैध शौचालयों की शिकायत मिलने पर डीएम ने संबंधित नायब तहसीलदार को तत्काल मौके पर जाकर निर्माण हटवाने का निर्देश दिया। पुरैनिया में वर्षों पुरानी नाली निर्माण की समस्या को मौके पर मौजूद दोनों पक्षों के बीच समाधान कर हल किया गया।

जब ग्रामीणों ने बताया कि गांव में सिर्फ 4 से 5 घंटे बिजली आती है, तो डीएम ने विद्युत विभाग को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि तत्काल सुधार नहीं हुआ, तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई तय है।

**गुणवत्ता पर नज़र-** ग्राम चौपाल 3.0 का लक्ष्य सिर्फ शिकायतों को सुनना नहीं, बल्कि उनके समाधान की गुणवत्ता और स्थायित्व सुनिश्चित करना भी है। जिलाधिकारी स्वयं गांव-गांव जाकर यह देख रही हैं कि जो समाधान दिए गए हैं, वे प्रभावी और दीर्घकालिक हैं या नहीं।

**प्रशासनिक टीम की साझा मौजूदगी**

इस चौपाल में प्रशासनिक मशीनरी की पूरी ताकत झोंकी गई। मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश, परियोजना निदेशक चंद्रशेखर, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, और संबंधित ब्लॉकों के खंड विकास अधिकारी चौपाल में उपस्थित रहे और मौके पर ही निर्णय लिए।

## समस्तीपुर में ससुराल गए युवक की संदिग्ध मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

स्वतंत्र प्रभात

**समस्तीपुर** जिले के सरायरंजन थाना क्षेत्र के बरबट्टा गांव में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान उजियारपुर थाना क्षेत्र के एकसिंहा गांव निवासी चंदन पासवान के तौर पर हुई है। परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। जबकि मृतक की पत्नी का कहना है कि झगड़े के बाद शराब में जहर मिलाकर पीने से मौत हुई है।

मृतक के चचेरे भाई राजेश कुमार ने बताया कि चंदन राज मिस्त्री का काम करता था। वह अपने घर का अकेला कमाने वाला था। उसके घर में कोई नहीं है। वह ज्यादातर ससुराल में ही रहता था। पति-पत्नी के बीच संबंध अच्छे नहीं थे। जिसके कारण दोनों के बीच अक्सर मारपीट और झगड़े होते रहते थे। मौत की खबर मिलने के बाद हमलोग उसके ससुराल पहुंचे थे। उसके शरीर पर मारपीट के जख्म के निशान थे। ससुराल वाले के द्वारा हत्या को आत्महत्या का एंगल दिया जा रहा है।

वहीं चंदन की पत्नी नीता देवी(26) ने कहा कि सोमवार को उसने शराब पीया था, इसको लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था। इस दौरान मारपीट भी हुई थी। झगड़ा करके वह सरायरंजन चला गया था। बाजार से चूहा मारने वाली दवा लेकर आया। मुझे दिखाकर पी रहा था, किसी तरह से मैंने रोका और हाथ मारकर दवा जमीन पर गिरा दी। कुछ देर बाद फिर बाजार चला गया। वहीं शराब में चूहा मारने वाली दवा मिलाकर पी गया। घर लौटने के कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गई।

इस मामले में एसपी संजय पांडे ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद जहर खाने की बात सामने आई है। जबकि परिवार वाले हत्या का आरोप लगा रहे हैं। मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ स्पष्ट हो पाएगा। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर छानबीन कर रही है।



# संक्षिप्त खबरें

## प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बनर्जी ने संचालित सरकारी योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर दिये कई निर्देश



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्ड-** सरकारी योजनाओं के निर्माण में गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण कराने के लिए पाकुड़िया प्रखण्ड के पंचायतों के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में की जा रही आबुआ आबास, बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत वृक्षारोपण हेतु गड्ढा खुदाई, सिंचाई कूपों का निर्माण स्थलों का निरीक्षण 3 जून को बीडीओ सोमनाथ बनर्जी एवं सहायक अभियंता रोहित कुमार गुप्ता ने पाकुड़िया पंचायत के हरिपुर व पाथरडांगा, वहीं प्रखण्ड के बीच पहाड़ी पंचायत के ग्राम बीच पहाड़ी में आबुआ आबास, सिंचाई कूप, पौधा रोपण हेतु गड्ढों का सघन निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश भी दिये। निरीक्षण के क्रम में बीच पहाड़ी ग्राम के प्रभावती देवी, श्रवण ठाकुर का आबुआ आबास, गणेश हेम्बरम का सिंचाई कूप, रमेश हेम्बरम का गड्ढा खुदाई, हरिपुर व पाथरडांगा ग्राम में सिंचाई कूप व आबुआ आबास का निरीक्षण किया गया। स्थलीय निरीक्षण से योजनाओं के निर्माण में तेजी आने की सूचना है।

## रोमी में आयोजित जलयात्रा में मुख्य रूप से भाजपा नेत्री सह ओम आरोहणम् संस्थान के संस्थापिका शेफाली गुप्ता हुई शामिल



### धार्मिक अनुष्ठान से सुख, समृद्धि एवं खुशहाली का संचार होता है, भक्तिभाव का महौल पूरे क्षेत्र में बना रहता है - शेफाली गुप्ता

**हजारीबाग, झारखंड-** कटकमसांडी प्रखण्ड के ग्राम रोमी में आयोजित मां सर्व सिद्धिदात्री देवी मंडप का जीर्णोद्धार सह शिव परिवार एवं हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ के जलयात्रा में मुख्य रूप से भाजपा नेत्री सह ओम आरोहणम् संस्थान के संस्थापिका शेफाली गुप्ता शामिल हुई। यज्ञ समिति एवं कलश यात्रियों ने उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम में सम्मिलित होकर आध्यात्मिकता का एहसास हुआ। कलश यात्रियों के कदम से कदम मिलाकर चलकर हौसला बढाया तथा ईश्वर से उनकी मनोकामना पूर्ण होने की कामना की। उन्होंने सभी की जीवन में सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की मंगलकामना की। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान से सुख, समृद्धि एवं खुशहाली का संचार होता है। साथ ही भक्तिभाव का महौल पूरे क्षेत्र में बना रहता है। मौके पर अध्यक्ष अजय राणा, सचिव सुरज यादव, कोषाध्यक्ष जितेंद्र प्रजापति, बिरू राणा, सुबोध कुमार, सुरेश साव सहित बड़ी संख्या में जलयात्री एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## डीएम ने जनसुनवाई में सुनी समस्याएं




**चित्रकूट-** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने मंगलवार को कलेक्टरेट स्थित अपने चैंबर में जनसुनवाई का आयोजन कर फरियादियों की समस्याओं को सुना। साथ ही निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को एक-एक करके सुना तथा सम्बन्धितों को निस्तारण के लिए निर्देशित किया। डीएम ने कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त होने वाली समस्याओं व प्रार्थना पत्रों को शासन की मंशानुरुप गुणवत्तापूर्ण निस्तारित करें। निर्देशित किया कि जमीन से संबंधित समस्याओं में पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को तत्काल मौके पर भेजकर निष्पक्ष निस्तारण कराएं। कहा कि समस्याओं के निस्तारण से सम्बन्धित समस्याग्रस्त व्यक्ति को संतुष्टि भी मिलनी चाहिए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, अपर उपजिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी का कड़ा संदेश- आयुष्मान कार्ड को एटीएम समझने की भूल न करें

## 192 करोड़ रुपये के लंबित बिलों का जल्द भुगतान, रिम्स-2 निर्माण का ऐलान

स्वतंत्र प्रभात




**रांची, झारखंड-** राजधानी रांची के रेडिसन ब्लू होटल में आज आयोजित AHPI कॉन्क्लेव में राज्य भर के निजी अस्पतालों के प्रबंधकों, चिकित्सकों और स्वास्थ्य प्रतिनिधियों की उपस्थिति में झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने आयुष्मान भारत योजना के लंबित भुगतान और स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था को लेकर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। डॉ. अंसारी ने अस्पतालों को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि गरीबों के आयुष्मान कार्ड को एटीएम समझने की भूल न करें। कुछ अस्पताल कार्ड स्वाइप कर पूरा पैसा निकाल लेते हैं और मरीजों को रिम्स रांची रेफर कर देते हैं, जो पूरी तरह से अस्वीकार्य है। गरीबों को उनके अधिकार का इलाज और योजनाओं का पूरा लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि राज्य सरकार गरीबों की सरकार है और उनकी उम्मीदों को टूटने नहीं दिया जाएगा। हम सरकार की छवि को धूमिल नहीं होने देंगे, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे, मंत्री ने कहा।

### एक दिन में भुगतान के निर्देश

डॉ इरफान अंसारी ने लंबित सरकारी बिलों के भुगतान में हो रही देरी पर कड़ा रुख अपनाते हुए स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया कि एक दिन के भीतर सभी लंबित बकाया बिलों का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। मंत्री ने बताया कि 11 फरवरी 2025 से अब तक 192 करोड़ के करीब भुगतान लंबित हैं, जिन्हें जल्द निपटाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछले सात वर्षों में 2284 करोड़ का कुल भुगतान किया जा चुका है। इनमें सरकारी अस्पतालों के 7.3 लाख मरीजों के लिए 485 करोड़, और निजी अस्पतालों के 14 लाख मरीजों के लिए 2000 करोड़ से अधिक का भुगतान शामिल है।

### 212 अस्पतालों की जांच जारी

स्वास्थ्य मंत्री ने यह भी बताया कि नेशनल एंटी फ्रॉड यूनिट द्वारा चिन्हित 212 अस्पतालों की जांच जारी है, जिसके कारण कुछ भुगतान प्रक्रियाओं में देरी हो रही है। साथ ही, 350 अस्पतालों के मामलों में नए पोर्टल सिस्टम की तकनीकी दिक्कतों को दूर करने के लिए विभाग लगातार नेशनल हेल्थ अथॉरिटी से संपर्क में है। समाधान जल्द निकाला जाएगा।

### रिम्स-2 का होगा निर्माण

कॉन्क्लेव के दौरान मंत्री डॉ. अंसारी ने राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि रिम्स-2 का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। अगले दो वर्षों में यह सपना साकार होगा और झारखंड की जनता को आधुनिक, उन्नत और समग्र स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। डॉ. अंसारी ने अपनी बात को दोहराते हुए कहा कि मैं पहले एक डॉक्टर हूं, फिर मंत्री। हमारा पहला कर्तव्य है सेवा। स्वास्थ्य व्यवस्था को व्यवसाय बनने नहीं दूंगा। जो सही दिशा में काम करेगा, उसे सरकार का पूरा समर्थन मिलेगा, लेकिन किसी भी लापरवाही या गड़बड़ी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण बैठक में स्वास्थ्य विभाग के सचिव अजय कुमार सिंह, अभियान निदेशक आबू इमरान, डॉ. गिरधर ज्ञानी, डॉ. योगेश गंभीर, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. सतीश ठाकुर, डॉ. अनंत सिन्हा, डॉ. अजय सिंह, डॉ. शंभू, डॉ. प्रदीप सिंह, सैयद अहमद अंसारी, मंजूर अंसारी, अनवर अहमद अंसारी समेत राज्य के वरिष्ठ चिकित्सक और अस्पताल प्रबंधक उपस्थित रहे।

## अवैध शराब बरामद, पांच आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट -** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने पांच आरोपियों को 91 क्वार्टर देशी शराब व 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। अभियान के तहत थाना राजापुर के उपनिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह व उनकी टीम आरक्षी रोहित आर्य, मुकेश कुमार, शिवधनी द्वारा आरोपी बबलू सोनकर निवासी कुसेली थाना राजापुर को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ, चौकी प्रभारी गनीवां यदुवीर सिंह व उनकी टीम आरक्षी रामकेश, वीरेन्द्र सिंह द्वारा आरोपी राजेन्द्र रैदास निवासी गोहानी कला थाना राजापुर को 25 क्वार्टर देशी शराब के साथ, थाना राजापुर के उपनिरीक्षक सुरेन्द्र कुमार व उनके हमराही आरक्षी पवन राजपूत द्वारा आरोपी अमृतलाल गुप्ता निवासी भटरी थाना राजापुर को 23 क्वार्टर देशी के साथ, उपनिरीक्षक कन्हैयालाल बक्श व उनके हमराही आरक्षी शाकिर अली द्वारा आरोपी कमलेश निषाद निवासी कलवलिया थाना राजापुर को 23 क्वार्टर देशी शराब के साथ तथा चौकी प्रभारी सीतापुर अनिल गुप्ता व उनकी टीम आरक्षी शिवम मिश्रा, नागेश द्वारा आरोपी रामखिलावन केवट निवासी डिलौरा चौकी सीतापुर को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में सभी आरोपियों के विरुद्ध सम्बन्धित थानों में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किए गए।

# गौतम बुद्धा वन्यप्राणी आश्रयणी क्षेत्र में अवैध बालू लदा तीन ट्रैक्टर जप्त

●वन विभाग और चौपारण पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात




**चौपारण, झारखंड-** गौतम बुद्धा वन्यप्राणी आश्रयणी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मुड़िया जंगल में अवैध बालू खनन की सूचना पर वन विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में मंगलवार को तीन बालू लदे ट्रैक्टरों को जब्त किया गया।इस संबंध मे वनरक्षी जैनेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि डीएफओ को गुप्त सूचना मिली कि मुड़िया जंगल क्षेत्र से बालू लदे तीन ट्रैक्टर निकलने वाले हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग ने चौपारण पुलिस की मदद से तत्काल एक विशेष छापामारी दल गठित किया और मुड़िया जंगल क्षेत्र में त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों ट्रैक्टरों को मौके पर ही पकड़ लिया।हालांकि गिरफ्तारी किसी की नही हुई क्योंकि बालू तस्कर और ट्रैक्टर चालक छापामारी दल को देखते ही फरार हो गया।जप्त किए गए ट्रैक्टरों को चौपारण कार्यालय लाया गया है, जहां वन अधिनियम की धाराओं के तहत वनवाद दर्ज करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस कार्रवाई में वनरक्षी जैनेंद्र कुमार,कुलदीप कुमार,अयूब अंसारी,चौपारण थाना पुलिसकर्मी एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी शामिल थे।गौरतलब है कि गौतम बुद्धा वन्यप्राणी आश्रयणी क्षेत्र एक संरक्षित वन क्षेत्र है, जिसे 1976 में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 18 के अंतर्गत अधिसूचित किया गया था। यह क्षेत्र न केवल जैव विविधता से समृद्ध है,बल्कि यहां वन्यजीवों को प्राकृतिक आवास उपलब्ध कराने की दृष्टि से कोई भी खनन,वनोपज संग्रह,या यांत्रिक गतिविधि पूर्णतः प्रतिबंधित है।वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 29 के तहत,आश्रयणी क्षेत्र में किसी भी प्रकार की भूमि के उपयोग में परिवर्तन,खनन कार्य,वृक्षों की कटाई या खनिज पदार्थों का निष्कर्षण बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के अवैध माना जाता है और इसके लिए कठोर दंड का प्रावधान है। इसमें वाहन जप्ती के साथ-साथ दोषियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कर जेल तक की सजा का प्रावधान है।

# डीएलएसए ने दिया कानूनी ज्ञान, लोगों को किया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात




**हजारीबाग, झारखंड-** जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए), हजारीबाग की ओर से सिंदूर में एक विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पी.एल.वी. (अधिकार मित्र) विकास कुमार पांडेय और दीपक कुमार ने स्थानीय लोगों को कानूनी अधिकारों और मौजूदा सामाजिक कुप्रथाओं के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने महिला उत्पीड़न, दहेज प्रथा और भ्रूण हत्या जैसी गंभीर सामाजिक समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि ये कुप्रथाएं समाज को खोखला कर रही हैं और इनसे निपटने के लिए कानूनी सहायता कैसे ली जा सकती है।

साथ ही, लोगों को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि तंबाकू व अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से केवल कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां ही नहीं होतीं, बल्कि इससे शरीर की प्रजनन क्षमता और प्रतिरक्षा प्रणाली भी प्रभावित होती है, जिससे कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। वक्ताओं ने लोगों से अपील की कि वे नशे से दूर रहें और अपने परिवार व समाज को स्वस्थ रखें। इसके अलावा, जिला विधिक सेवा प्राधिकार की कार्यप्रणाली और सेवाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। बताया गया कि यहां केवल एक आवेदन के माध्यम से आपसी विवादों का समाधान कराया जा सकता है और आवश्यकता पड़ने पर निःशुल्क अधिवक्ता की भी व्यवस्था की जाती है।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में भी जानकारी दी गई, जिसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति घर बैठे मुफ्त कानूनी सलाह प्राप्त कर सकता है। इस जागरूकता अभियान में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और इसे सराहा।

# साप्ताहिक टीकाकरण सुदृढ़ीकरण बैठक का आयोजन, समय पर उपस्थिति और ड्यू लिस्ट तैयार करने पर विशेष जोर

स्वतंत्र प्रभात

**बरही, झारखंड-** बरही अनुमंडलीय अस्पताल में चिकित्सा पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य कर्मियों के साथ एक साप्ताहिक टीकाकरण सुदृढ़ीकरण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी ने की। बैठक में टीकाकरण कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी व सुव्यवस्थित बनाने पर विशेष बल दिया गया। बैठक में उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी ने निर्देशित किया कि सभी एएनएम और सीएचओ निर्धारित टीकाकरण स्थल पर समय पर पहुंचें ताकि टीकाकरण कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके। साथ ही, टीकाकरण से पूर्व ड्यू लिस्ट जो बच्चों को टीका लगना है, उनकी सूची तैयार करने पर विशेष जोर दिया गया, ताकि किसी भी बच्चे का टीकाकरण छूट न पाए। उपाधीक्षक ने सभी चिकित्सा पदाधिकारियों एवं सुपरवाइजरों को नियमित रूप से फील्ड विजिट करने के निर्देश दिए, जिससे जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को बेहतर बनाया जा सके। बैठक का उद्देश्य टीकाकरण अभियान को अधिक सुदृढ़ एवं व्यापक बनाना था, जिससे समुदाय में स्वास्थ्य सुरक्षा को और मजबूत किया जा सके। बैठक में डॉ मयंक प्रताप सिंह, डॉ. प्रवीण कुमार, लिपिक पंकज आजाद, बीपीएम नारायण राम, बैम प्रमोद श्रीवास्तव, बीडीएम मोज़ाहिर अहसन, एचएम सुधांशु शिखर, एमपीडब्लू संतोष एवं उपेंद्र कुमार दास शामिल थे।

# अमित ने रक्त दान कर समाज को दिया संदेश

●- रक्तदान महादान इससे बड़ा नहीं है कोई भी दान

**बांदा।** सेवर्स ऑफ लाइफ संस्था के मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना ने जानकारी दी कि अमित कुमार गुप्ता जो कुमार बुक डिपो, शुभ संस्कृति किड्स जोन, संत तुलसी स्कूल के व्यवस्थापक हैं वह अपने पिता संत कुमार गुप्ता एवं श्रीमती मीना गुप्ता की वैवाहिक गोल्डन जुबली 50वीं वर्षगांठ पर स्वैच्छिक रक्तदान किया और समाज को एक संदेश दिया की रक्तदान महादान है यह बहुत ही पुण्य का कार्य है कृपया प्रत्येक व्यक्ति इसको अपने माता-पिता की वर्षगांठ स्वयं के बच्चों के जन्मदिन के अवसर पर मानवहित में रक्तदान कर पुन्य कमा सकता है आपके रक्तदान से किसी की जान बच सकती है इससे बड़ा मानव धर्म का कोई कार्य नहीं है क्योंकि नर सेवा ही नारायण सेवा है संस्था के अध्यक्ष सलमान खान, सलाहकार मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना ने उनके इस कार्य की सहराना की और माता पिता को शादी की वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# तरंग ग्रुप द्वारा झार उत्सव 2025 का हुआ भव्य समापन समारोह

स्वतंत्र प्रभात



**हजारीबाग, झारखंड-** सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, झारखंड सरकार के सौजन्य एवं तरंग ग्रुप हजारीबाग के द्वारा आयोजित सात दिवसीय निःशुल्क लोकनृत्य, लोकनाट्य, लोकगीत और लोककला कार्यशाला सह प्रदर्शन झार उत्सव 2025 का समापन कल देर रात बड़े ही भव्य तरीके स्थानीय नगर भवन, हजारीबाग से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस आयोजन के माध्यम से झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने का एक अद्भुत अवसर मिला। जहां सात दिनों तक चले प्रशिक्षण कार्यशाला में तैयार विभिन्न प्रकार के नागपुरी एवं खोरठा लोकनृत्य के साथ खोरठा में रूपांतरित नाटक कल्पनापुर ,समूह गान एवं सोहराय कोहबर चित्रकला आदि की विभिन्न प्रस्तुतियों ने दर्शकों को झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर से रूबरू कराया। इस आयोजन का उद्देश्य झारखंड की कला और संस्कृति को बढ़ावा देना और युवाओं को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना था। तरंग ग्रुप हजारीबाग के निदेशक अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य झारखंड की सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करना और युवाओं को अपनी संस्कृति से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से झारखंड की कला और संस्कृति को एक नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया और सभी कलाकारों को बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाते हुए शहीदों को भी याद करते हुए हाल में देश के लिए शहीद हुए शहीद करमजीत सिंह के माता जी को भी मंच से सम्मानित किया गया। इस कार्यशाला में जहां सोहराई कोहबर में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चित्रकला कलाकार रुक्मिणी देवी,लोकनृत्य में सुनील कुमार सोनी,लोकनाट्य में अमित कुमार कुशवाहा ,लोकगीत मे राजकुमार वर्मा ने मुख्य प्रशिक्षक की भूमिका निभाई वही कुमारी रेनू, कृष्णा दांगी, संतोष प्रजापति, दीपक झा, रोहित वर्मा, रूबी राणा, चंदन कुमार,सीमा घोष ने सहायक प्रशिक्षक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान सोहराय निर्मित परिधानों का फैशन शो की तैयारी अपराजिता तिवारी ने करवाया वहीं मिस ग्लोबल ट्राइबल क्वीन 2025 की विजेता पूजा लकड़ा एवं सामूहिक कराटे की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। मंच संचालन मनस्वी पाठक ने किया ।कार्यक्रम के दौरान तरंग ग्रुप के कोषाध्यक्ष मनोज पूरी के साथ प्रसिद्ध वरिष्ठ रंगकर्मी राकेश गौतम, हंसराज लोहारा,सुबोध आकाश,प्रदीप पाठक, अमिताभ, डॉक्टर प्रहलाद सिंह, संजय तिवारी, दीपक घोष, समाज सेवी भैया अभिमन्यु, हजारीबाग सांसद मीडिया प्रभारी रंजन चौधरी, राकेश गुप्ता, डॉक्टर भैया आशिम, करतार सिंह, कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव, लायंस क्लब के जोनल अधिकारी राजीव आनंद, प्रसिद्ध कराटेकार उदय कुमार, संस्कार भारती जिलाध्यक्ष कुमार केशव, सचिव विनीत जैन, राजपाल नारायण, गुरुकुल कोचिंग के संस्थापक जेपी जैन, कवियत्री मोना बग्गा, पूजा राय के साथ संस्था के सदस्य आकांक्षा राज, ओम शंकर, रिषि सिंह, अगस्त्या, हेमंत, इंद्रजीत एवं मानसी सिन्हा उपस्थित थी।

# उपायुक्त के जनता दरबार में लगभग एक दर्जन फरियादियों ने किया आवेदन

●समस्याओं के त्वरित समाधान होतु अधिकारियों को दिए गए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात



**हजारीबाग, झारखंड-** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजनों की समस्याएं सुनीं तथा उनके शीघ्र समाधान हेतु सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर लगभग एक दर्जन फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर उपायुक्त के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किए। प्रस्तुत समस्याओं में शिक्षकों की पुनः नियुक्ति, फर्जी प्रमाण-पत्रों की जांच, भूमि पर अवैध अतिक्रमण, विद्यालय में नामांकरण, भूमि पर्चा (एलपीसी) निर्गत करना, रंगदारी मांगने, भूमि हड़पने, भू-मुआवजा, नियुक्ति, रसीद निर्गत करना, बीपीएल सूची में नामांकन, मारपीट, चिकित्सा अनुदान तथा रोजगार दिलाने जैसी शिकायतें शामिल रहीं। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने प्रत्येक आवेदक से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनकी समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक मामले की शीघ्र जांच कर त्वरित एवं न्यायसंगत कार्रवाई सुनिश्चित करें।

# ग्राम कटर्रा में हुआ जलसे का आयोजन

●- जलसे बताई गई नमाज की अहमियत

स्वतंत्र प्रभात





**बांदा।** बीती रात नरैनी तहसील क्षेत्र के ग्राम कटर्रा में एक अज़ीमुश्शान जलसा ए सीरतुन्नबी सल्लल्लाहु अलैहि व आलिही वसल्लम का आयोजन किया गया। जिसमे मौलाना सैय्यद आ़मिर मसूदी साहब ने फ़रमाया कि पहले के मुसलमान 313 थे और नमाज़ी थे, तो ज़माने के हाकिम थे। और आज करोड़ों मुसलमान हैं और नमाज़ से दूर हैं! तो ज़लील और रुस्वा हो रहे हैं। ऐ लोगों अपनी मस्जिदों को आबाद करो और नमाज़ की पाबंदी करो। सैय्यद ग़ुफ़रान रब्बानी साहब ने फ़रमाया कि अल्लाह का हम पर ये फ़ज़्ल है कि हमको अपने महबूब की उम्मत में पैदा फ़रमाया। और हमको अपना महबूब भी अता फ़रमाया। कहा कि हमारे नबी की ये शान है कि जब हमारे आक़ा नरम मिट्टी में चलते थे। तो निशाने क़दम नहीं पड़ते थे। लेकिन जब पत्थरों में चलते थे। तो क़दम के निशान पड़ जाया करते थे। वहीं इस मौके पर सैय्यद फ़ैज़ान रब्बानी व सैय्यद आ़दिल मसूदी ने अपने मख़्सूस अंदाज़ में खूबसूरत नातो मनक़बत पेश किए। प्रोग्राम में आए सभी लोगों ने जलसे को खूब पसन्द किया। शोबा ए तबलीग और इत्तेहाद कमेटी के लोगों ने जलसे को सजाया। जलसे में खुसूसी तौर पर कमाल अहमद रब्बानी, हाफ़िज़ शाकिर रब्बानी, हाफ़िज़ इस्माईल, अब्दुल अज़ीज़, इरफ़ान,हनीफ़ आदि शामिल रहे। जलसे में लगभग 350 लोगों की शिरकत रही। गाँव व कमेटी के लोगों ने जलसे में आए हुए सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया।

## संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेस की मासिक बैठक संपन्न

देवरिया। जिला कांग्रेस कार्यालय पर जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल की अध्यक्षता में मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में आगामी कार्यशैली, रणनीति निर्धारण और पार्टी से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। इस दौरान जिलाध्यक्ष श्री मल्ल ने बताया कि संगठन की मजबूती को लेकर सुझाव लेने का काम भी करेंगे जिससे कांग्रेस संगठन जिला स्तर से बूथ स्तर तक आमजन से जुड़ सके और संगठन को मजबूती मिले। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेसियों ने भी अपने -अपने विचारों को व्यक्त किया। इसी क्रम में हिन्दु युवा वाहिनी के पूर्व जिलाध्यक्ष पंडित हरिहर त्रिपाठी ने सैकड़ों समर्थकों के साथ प्रदेश नेतृत्व के समक्ष सदस्यता ग्रहण किया जिनका कार्यालय पर भव्य स्वागत किया गया। शशि चंद्र यादव, आदित्य मिश्रा, शशिकांत त्रिपाठी,राज दुबे, भरत त्रिपाठी, अंकुश मिश्रा, अनिल उपाध्याय, एजाज अहमद, हरिओम त्रिपाठी, समीर अहमद, अभिषेक त्रिपाठी, ऋषिकेश यादव, विजय वर्मा, अंकित ठाकुर,छोटू कुमार सहित दर्जनों लोगों ने कांग्रेस के दामन को थामते हुए कांग्रेस कार्यालय पर सदस्यता ग्रहण किया। बैठक में जयदीप त्रिपाठी, विजय प्रताप सिंह, नागेंद्र शुक्ला, अरविन्द शाही, नौशाद अहमद खान एपी, सुभाष राय,संजीव कुमार मिश्रा, भरत मणि त्रिपाठी, शिव शंकर सिंह, विजय शंकर मिश्रा, रत्नेश मल्ल पिंटू, मनोज मणि, महेंद्र अंबेडकर,आलोक त्रिपाठी राजन, चंदू वर्मा,जुलेखा खातून, रामप्रवेश सिंह,सुनील कुमार तिवारी, धर्मेंद्र पाण्डेय,सच्चिदानंद मिश्रा, जयप्रकाश पाल,दीनदयाल यादव, सत्य प्रकाश मणि आदि मौजूद रहे।

### नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने व दुष्कर्म के अभियुक्त को बीस वर्ष की सजा

**- कठोर कारावास के साथ 10 हजार रुपये का लगाया जुर्माना**

बांदा। थाना बबेरु क्षेत्र अन्तर्गत नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को 20 वर्ष के कठोर कारावास व जुर्माने से दण्डित कराया गया । गौरतलब हो कि 16 नवंबर 2020 को जनपद फतेहपुर के गाजीपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले सनी निषाद पुत्र कृष्णा केवट द्वारा थाना बबेरु क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया था । इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर पर थाना बबेरु पर धारा 363/366/376/506 भादवि व 3/4 पाक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया था जिसकी विवेचना उ0नि0 चन्द्रपाल द्वारा सम्पादित की गयी । विवेचना के क्रम में विवेचक द्वारा प्रभावी विवेचना करते हुए आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया था । लोक अभियोजक शिवपूजन सिंह द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई साथ ही कोर्ट मोहर्रिर महिला आरक्षी अर्चना रानी व आरक्षी अमित राजपूत तथा पैरोकार आरक्षी चक्रधारी के अथक प्रयासों से अभियुक्त को न्यायालय बांदा द्वारा 20 वर्ष के कठोर कारावास व 10 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया । अभियुक्त का नाम सनी निषाद पुत्र कृष्णा केवट निवासी लमहेटा थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर ।

### बाल भिक्षावृत्ति के विरुद्ध चलाया गया विशेष चेकिंग व जागरुकता अभियान



बांदा। पुलिस अधीक्षक जनपद पलाश बंसल निर्देशन आज थाना मानव तस्करी निरोधी इकाई विशेष किशोर पुलिस इकाई चाइल्ड हेल्पलाइन, साथी संस्था, ग्रामीण परम्परा विकास संस्थान आदि की संयुक्त टीम द्वारा शहर क्षेत्र में बाल भिक्षावृत्ति के विरुद्ध सघन चेकिंग एवं जागरुकता अभियान चलाया गया । अभियान के दौरान शहर क्षेत्र के संकट मोचन मन्दिर, बस स्टैण्ड, बाबूलाल चौराहा इत्यादि भीड़-भाड़ व सार्वजनिक स्थानों पर चेकिंग की गई । चेकिंग अभियान के दौरान 01 बालिका बाबूलाल चौराहे पर भीख मांगती हुई पाई गई, टीम द्वारा बालिका का जिला अस्पताल बांदा में मेडिकल परीक्षण कराकर बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश कर उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया तथा भविष्य में बाल भिक्षावृत्ति कराने हेतु उनको कड़ी चेतावनी दी गई । अभियान के दौरान लोगों को बाल भिक्षावृत्ति रोकने हेतु जागरुक किया गया एवं लोगों से अपील की गई कि यदि कोई बच्चा भीख मांगते हुए पाया जाता है तो इसकी सूचना तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098, डायल यूपी-112, या मानव तस्करी निरोधी इकाई के सीयूजी नम्बर 7839862477 पर दें ।

# समाजसेवी मुरली वाले हौसला की हालत नाजुक, किंग कोबरा रेस्क्यू करते समय सांप ने काटा

स्वतंत्र प्रभात

जौनपुर- जिले के प्रसिद्ध समाजसेवी और पशु संरक्षण के लिए समर्पित मुरली वाले हौसला आज सुबह एक किंग कोबरा के रेस्क्यू के दौरान गंभीर हादसे का शिकार हो गए। यह घटना जलालपुर क्षेत्र के एक गांव में हुई, जहां उन्हें एक किंग कोबरा को सुरक्षित पकड़ने के लिए बुलाया गया था।जानकारी के अनुसार, रेस्क्यू के दौरान सांप ने अचानक उनके हाथ पर बुरी तरह काट लिया। इस घटना के बाद स्थिति अत्यंत गंभीर हो गई क्योंकि उन्हें तुरंत इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचने में करीब 40 मिनट का समय लग गया। इस देरी के कारण



उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। अस्पताल पहुंचने के बाद डॉक्टरों की टीम ने तुरंत उन्हें चिकित्सा प्रदान की। अब तक उन्हें 12 एंटी-वेनम इंजेक्शन लगाए जा चुके हैं। डॉक्टरों का कहना है कि उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। मुरली वाले हौसला पशु संरक्षण और रेस्क्यू कार्यों में अपनी निस्वार्थ सेवाओं के लिए पूरे जिले में प्रसिद्ध हैं। उन्होंने अब तक सैकड़ों जंगली और जहरीले जानवरों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर छोड़ा है। उनकी इस घटना से उनके प्रशंसकों और स्थानीय लोगों में गहरा दुख और चिंता व्याप्त है।

**स्थानीय लोगों का सहयोग**

घटना की खबर मिलते ही स्थानीय लोग और उनके सहयोगी बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंच गए। सभी ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुरली वाले हौसला का यह साहसिक कार्य और उनके प्रति समर्पण उन्हें न केवल जौनपुर बल्कि पूरे क्षेत्र में एक प्रेरणा का स्रोत बनाता है।

**डॉक्टरों की सलाह**

डॉक्टरों का कहना है कि सांप का जहर अत्यंत विषैला था, लेकिन समय पर इलाज मिलने से उनकी जान बचने की संभावना बनी हुई है। फिलहाल, उन्हें आईसीयू में रखा गया है और उनकी स्थिति को स्थिर करने के प्रयास जारी हैं।

**प्रशासन की प्रतिक्रिया**

घटना को लेकर प्रशासन ने भी ध्यान दिया है और मुरली वाले हौसला के इस साहसिक कार्य की सराहना की है। जिला अधिकारी ने उनके इलाज में किसी भी प्रकार की कमी न रहने का आश्वासन दिया है। मुरली वाले हौसला के जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हुए, लोग उनके इस निस्वार्थ सेवा कार्य के प्रति अपना सम्मान प्रकट कर रहे हैं।

# टीडी कॉलेज कृषि संकाय के छात्रों का हुआ कैंपस चयन



स्वतंत्र प्रभात

जौनपुर। टी डी कॉलेज के कृषि संकाय छात्रों का कैंपस चयन रामधारी क्राप साइंस के द्वारा साक्षात्कार के उपरांत एग्रोनॉमी ट्रेनिंग के पद पर हुआ।

चयनित छात्रों में दीपक यादव, गौरव कुमार मौर्य, शुभम गौतम, भरत लाल पटेल, अरविंद चौहान, अर्पित मौर्य एवं समरपालआदि प्रमुख थे चयनित छात्रों को बधाई देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर राम आसरे सिंह ने छात्रों को प्रतीक चिन्ह देकर शुभकामना व्यक्त करते हुए कहा कि छात्रों को अपने उच्चतर विकास हेतु निरन्तर परिश्रम और प्रयास करना आवश्यक है महाविद्यालय के लिए महत्वपूर्ण है कि समय समय पर यहां विद्यार्थियों का चयन विभिन्न पदों पर होता रहा है इस अवसर पर आई क्यू ए सी के संयोजक प्रोफेसर सुदेश कुमार सिंह, शिक्षक शिक्षा विभाग के प्रोफेसर अजय कुमार दुबे,प्लेसमेंट सेल के सदस्य डॉ शुभम सिंह आदि उपस्थित रहे ।

## हनुमान मंदिर में ज्येष्ठ के मंगल पर गूंजा सुंदरकांड, राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव ने किया प्रसाद वितरण

स्वतंत्र प्रभात

जौनपुर। ज्येष्ठ मास के चतुर्थ मंगलवार को नगर के कोतवाली चौराहे स्थित पवनपुत्र हनुमान मंदिर में भव्य धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रदेश सरकार के खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजन से हुई। पूजा अनुष्ठान प्रख्यात कर्मकांड विद्वान पंडित रजनीकांत द्विवेदी के सानिध्य में संपन्न हुआ। इसके बाद ढोल-मजीरे के साथ सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ हुआ, जिसमें मंत्री गिरीश चंद्र यादव के साथ भाजपा नेता संतोष त्रिपाठी, डॉ. सरला त्रिपाठी, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मनोरमा मौर्या सहित कई कार्यकर्ताओं ने सहभागिता निभाई। पाठ के समापन पर भक्तिभाव से भगवान हनुमान जी की आरती उतारी गई।

पूजन उपरांत मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने भंडारे के प्रसाद का पहले भगवान को भोग अर्पित किया, तत्पश्चात स्वयं कार्यकर्ताओं संग प्रसाद वितरित कर श्रद्धालुओं को सेवा भाव से सहयोग दिया। इस अवसर पर बड़ी



संख्या में श्रद्धालु एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुरेन्द्र प्रताप सिंह, बांकेलाल सोनकर, पूर्व जिलाध्यक्ष सुशील उपाध्याय, श्यामस्मोहन अग्रवाल, रामसूरत मौर्य, अजय सिंह, राजकेसर पाल, मीडिया प्रभारी मनीष श्रीवास्तव, नंदलाल यादव, आशीष गुप्ता, विकास शर्मा, सारिका सोनी, प्रशांत सिंह दीपक, उपेंद्र मिश्रा, डॉ. ब्रजेश शुक्ला, धर्मपाल कन्नौजिया, कमलेश निषाद, बसंत प्रजापति, धर्मेंद्र मौर्य, सचिन पांडेय समेत अन्य गणमान्यजन व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भक्ति, सेवा और संगठनात्मक एकजुटता का यह आयोजन नगर में आस्था और उत्साह का केंद्र बना रहा।

# अमृत योजना के तहत बन रही सड़कों की गुणवत्ता पर आप ने उठाया गंभीर सवाल

स्वतंत्र प्रभात



जौनपुर- अमृत योजना (AMRUT Yojana) के तहत बन रही सड़कों की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाते हुए आम आदमी पार्टी (AAP) ने विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी का आरोप है कि बारिश का मौसम शुरू होने से पहले ही शहर की कई सड़कें धंसने लगी हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से, अमृत योजना के तहत निर्मित एक प्रमुख सड़क के धंसने के बाद, 'आप 'कार्यकर्ताओं ने उसी स्थल पर इकट्ठा होकर अपना विरोध दर्ज कराया।पार्टी के पूर्वांचल प्रभारी डॉ अनुराग मिश्र ने कहा, "यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि करोड़ों रुपये की लागत से बन रही सड़कें इतनी जल्दी दम तोड़ रही हैं। अभी तो ठीक से बारिश भी शुरू नहीं हुई है और सड़कें धंसने लगी हैं। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि निर्माण कार्य में भारी भ्रष्टाचार और घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है।" उन्होंने आगे कहा, "यह सरकार और संबंधित विभाग की घोर लापरवाही है, जिसका खामियाजा आम आदमी को भुगतना पड़ रहा है।" जिलाध्यक्ष राम रतन विश्वकर्मा ने कहा कि आज अमृत योजना जौनपुर के लिए विष योजना बन गई है, पूरे शहर की मुख्य सड़कें व गली को अमृत योजना के तहत खोदकर बर्बाद कर दिया गया है, सड़क बनाने के नाम पर ऊपर से लीपापोती कर दी गई, बारिश के पहले ही सड़कें धंस रही हैं। अमृत योजना के तहत कंपनी के साथ यह करार हुआ था कि वह सीवर बनाने के बाद सड़क भी बनाएगी। मुख्य सड़कों के बीच में जो सीवर पाइप लाइन डाली गई है वह इतनी पतली है कि उसमें गली का पानी भी नहीं पास हो सकता, मुख्य सड़क का पानी तो बहुत दूर की बात है। करोड़ों रूपया बर्बाद करने के बाद भी शहर की जल निकासी जस की तस बनी हुई है इस मुद्दे को लेकर आम आदमी पार्टी जन आंदोलन करेगी तथा सीवर डालने में हुई कमीशनखोरी व भ्रष्टाचार की जांच करायेगी।

प्रदर्शन के दौरान, 'आप 'कार्यकर्ताओं ने "अमृत योजना - भ्रष्टाचार की भेंट", "घटिया सड़क, जनता परेशान", और "जवाब दो सरकार" जैसे नारे लगाये। कार्यकर्ताओं ने सरकार और नगर पालिका के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आम आदमी पार्टी ने मांग की है कि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषी अधिकारियों व ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। पार्टी ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इन सड़कों की मरम्मत नहीं की गई और गुणवत्ता में सुधार नहीं किया गया, तो वे बड़े पैमाने पर आंदोलन करेंगे। स्थानीय निवासियों ने भी इस समस्या पर चिंता व्यक्त की है, जहां सड़क धंसी है, ने बताया, "हमें हर दिन इन गड्ढों और धंसी हुई सड़कों से गुजरना पड़ता है। बारिश में स्थिति और भी खराब हो जाएगी। प्रशासन को जल्द से जल्द इस पर ध्यान देना चाहिए।" आम आदमी पार्टी ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भेजने की बात भी कही है, जिसमें इस गंभीर समस्या के समाधान की मांग की जाएगी।आवाज उठाने वालों में जिला उपाध्यक्ष विजय सिंह बागी ,बंटी अग्रहरि, राजकुमार कनौजिया, लाले बिन्द, मोहम्मद इस्लाम आदि उपस्थित रहे।

# अवैध गांजा कारोबार का साम्राज्य, विभाग की उदासीनता पर सवाल

स्वतंत्र प्रभात

जौनपुर- जिले में अवैध गांजा कारोबार खुलेआम फल-फूल रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, जिले के कई हिस्सों में यह कारोबार इतनी मजबूती से स्थापित हो चुका है कि कानून का कोई डर नजर नहीं आता।

**खुलेआम हो रहा अवैध कारोबार**

जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में गांजे की तस्करी और बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। यह अवैध धंधा केवल आर्थिक अपराध तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के युवाओं को नशे की गर्त में धकेल रहा है। कई स्थानीय लोगों ने बताया कि बाजारों, चौराहों, और यहां तक कि स्कूलों और कॉलेजों के आसपास भी यह अवैध सामान आसानी से उपलब्ध हो जाता है।

**कानून का डर न के बराबर**



अवैध कारोबारियों पर कार्रवाई के नाम पर स्थिति 'मील बटा सन्नाटा 'जैसी दिखती है। जिले के संबंधित विभागों की निष्क्रियता ने इस समस्या को और गंभीर बना दिया है। स्थानीय पुलिस और प्रशासन पर आरोप लग रहे हैं कि वे जानबूझकर इन मामलों पर ध्यान नहीं दे रहे या फिर इस अवैध धंधे में उनकी मिलीभगत हो सकती है।

**विभाग की लापरवाही बनी चर्चा का विषय**

जिले के नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस मुद्दे को कई बार उठाया, लेकिन संबंधित विभागों ने अब तक ठोस कदम उठाने में असफलता दिखाई है। विभागीय लापरवाही के कारण यह मामला अब चर्चा का विषय बन गया है। कई बार शिकायत दर्ज कराने के बावजूद अवैध कारोबारियों पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पाई है।

**समाज पर पड़ रहा है बुरा असर**

इस अवैध कारोबार के चलते जिले में अपराध दर बढ़ रही है। युवा पीढ़ी नशे की लत में फंसती जा रही है, जिससे परिवार और समाज पर गहरा नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। नशे की आदत के कारण कई परिवार आर्थिक और सामाजिक संकट से गुजर रहे हैं।

**नागरिकों की अपील**

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस अवैध कारोबार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि अगर समय रहते इस पर लगाम नहीं लगाई गई, तो इसका असर आने वाली पीढ़ियों पर पड़ेगा।

**प्रशासन का क्या कहना है?**

जब इस मुद्दे पर प्रशासन से सवाल किया गया, तो अधिकारियों ने कहा कि वे जल्द ही विशेष अभियान चलाकर इस पर रोक लगाने का प्रयास करेंगे। हालांकि, जनता इस बात से संतुष्ट नहीं दिख रही और ठोस कार्रवाई की उम्मीद कर रही है। अवैध गांजा कारोबार एक बड़ी चुनौती बन गया है। संबंधित विभागों की लापरवाही और मिलीभगत जैसे आरोपों के बीच, यह देखना दिलचस्प होगा कि प्रशासन इस समस्या को सुलझाने के लिए क्या कदम उठाता है। समाज के हर वर्ग को इस मुद्दे पर जागरूक होकर प्रशासन पर दबाव बनाने की जरूरत है, ताकि जिले को इस अवैध कारोबार से मुक्त किया जा सके।

## थानागद्दी बाजार में बच्चों के विवाद में दो समुदायों में भिड़ंत

**● दोनों पक्षों से 13 को किया गिरफ्तार, पुलिस हुई सक्रिय**

स्वतंत्र प्रभात

जौनपुर - थानागद्दी बाजार में मामूली बच्चों के विवाद ने मंगलवार को बड़ा रूप ले लिया, जब दो समुदाय आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते लाठी-डंडे चलने लगे। इस संघर्ष में कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों पक्षों से कुल 13 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना को लेकर पुलिस विभाग के आलाधिकारी अलर्ट हो गए हैं। घटना थानागद्दी बाजार के पुराने चौराहे की है, जहां मुमताज के बेटे ने संजय गौड़ के बेटे की मोबाइल से फोटो खींच ली। इस पर आपत्ति जताने के बाद बच्चों में



हाथापाई शुरू हो गई। बात यहीं नहीं रुकी, थोड़ी ही देर में दोनों पक्षों के बड़े भी मौके पर आ गए और विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। सूचना मिलते ही थानागद्दी चौकी इंचार्ज आशुतोष गुप्ता पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और हालात पर काबू पाया। वायरल वीडियो और स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने दोनों पक्षों से 13 लोगों को चिह्नित कर गिरफ्तार कर लिया। सभी का चालान कर जेल भेज दिया गया है। घटना पर उच्चाधिकारियों की नज़र बनी रही। मौके पर कोतवाल अवनीश राय भारी फोर्स के साथ जमे रहे।

# पुलिस की साजिश का पर्दाफाश- इंस्पेक्टर-दारोगा समेत 9 पर मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात

जौनपुर- पुलिस विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाते हुए जौनपुर में तत्कालीन इंस्पेक्टर और दारोगा समेत 9 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और अन्य गंभीर आरोपों में केस दर्ज हुआ है। मामला 2019 का है, जब बागपत के निश्चय राणा को झूठे मुकदमों में फंसाने की साजिश रची गई।

**मामले की शुरुआत**

2012 में बागपत के निरपुड़ा गांव में निश्चय राणा के पिता बृजपाल सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। निश्चय ने हत्या के आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया। इसके बाद से आरोपियों ने उस पर समझौते का दबाव बनाया। जब निश्चय ने झुकने से इंकार कर दिया, तो उसके खिलाफ कई राज्यों में झूठे मुकदमे दर्ज कराए गए। इनमें गंभीर आरोप जैसे सामूहिक दुष्कर्म तक शामिल थे, लेकिन निश्चय हर केस में बरी होता गया।





जौनपुर में फर्जी मुकदमे की साजिश

पीड़ित का आरोप है कि 2019 में जौनपुर के लाइन बाजार थाने में राम आसरे सिंह को पैसा का लालच देकर निश्चय के खिलाफ झूठी शिकायत कराई गई। तत्कालीन इंस्पेक्टर संजय वर्मा ने इस आधार पर 2023 में निश्चय पर धोखाधड़ी, गाली-गलौज और गैर इरादतन हत्या जैसी धाराओं में केस दर्ज किया। विवेचना के दौरान दारोगा गोपाल जी तिवारी ने फर्जी तरीके से नोटिस जारी कर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी।

**ADG के हस्तक्षेप से खुलासा**

पीड़ित ने वाराणसी जोन के एडीजी से शिकायत की, जिसके बाद मामले की जांच हुई। जांच के बाद तत्कालीन इंस्पेक्टर संजय वर्मा, दारोगा गोपाल जी तिवारी, राम आसरे सिंह और अन्य 6 लोगों पर धोखाधड़ी (धारा 420), फर्जी दस्तावेज तैयार करना (467, 468, 471), धमकी (506), और साजिश रचने (120-B) जैसे आरोपों में केस दर्ज किया गया।

**वर्तमान स्थिति**

संजय वर्मा को प्रमोशन देकर फतेहगढ़ में सीओ के पद पर तैनात किया गया है, जबकि गोपाल जी तिवारी अभी भी जौनपुर में सेवा दे रहे हैं। मामले ने पुलिस की कार्यप्रणाली और सत्यनिष्ठा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**न्याय के लिए संघर्ष**

निश्चय राणा ने झूठे मुकदमों और फर्जी चार्जशीट का सामना करते हुए, सच्चाई के लिए लंबा संघर्ष किया। एडीजी के आदेश पर अब कार्रवाई होने से पीड़ित को न्याय मिलने की उम्मीद जगी है। पुलिस प्रशासन पर उठ रहे सवालों के बीच यह मामला एक बड़ी चुनौती के रूप में सामने आया है।

## प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी नहीं होनी चाहिए- जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र

स्वतंत्र प्रभात

जौनपुर- जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में गंगा दशहरा, बकरीद और अन्य त्योहारों/कार्यक्रमों के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई।बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बकरीद के अवसर पर सभी ईदगाहों में साफ-सफाई कराया जाए। जनपद में बर्ड फ्लू संक्रमण के दृष्टिगत कहीं भी खुले में मांस की बिक्री नही की जाएगी, इसके लिए उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी और खाद्य सुरक्षा अधिकारी मांस की बिक्री करने वालों के साथ बैठक अवश्य कर लें। जिलाधिकारी ने कहा कि बकरीद के अवसर पर किसी भी प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी नहीं होनी चाहिए। पूर्व में निर्धारित स्थानों पर ही कुर्बानी की अनुमति होगी। यदि निर्धारित स्थानों के बाहर कुर्बानी की जाती है, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। कुर्बानी के उपरांत अपशिष्ट निस्तारण की सुनियोजित व्यवस्था रहे। उन्होंने कहा कि नमाज परंपरागत स्थलों पर पढ़ी जाए और सड़क पर नमाज नहीं पढ़ी जाएगी।जिलाधिकारी ने गंगा दशहरा के अवसर



पर 4 जून को स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान शुरू करने के भी निर्देश दिये। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सभी से बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग करने की अपील की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि निर्धारित स्थान पर ही योग किया जाए, कोई भी व्यक्ति सड़क पर योग नही करेगा। गंगा दशहरा के दृष्टिगत मन्दिरों की सफाई कराने के निर्देश दिये गये।जिलाधिकारी ने गोमती नदी में जलकुम्भी की सफाई कराने के निर्देश अधिशासी अधिकारी को दिये। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह को निर्देश दिया कि आगामी त्योहारों के दृष्टिगत सभी अस्पतालों में आवश्यक दवाईयां, चिकित्सक और एम्बुलेंस उपलब्ध रहे।पुलिस अधीक्षक डा0 कौस्तुभ ने कहा कि पुलिस विभाग के द्वारा सभी प्रकार की तैयारी पूर्ण कर ली गयी है, पूर्व की भांति इस बार भी शान्तिपूर्वक त्योहार सम्पन्न कराये जायेंगे। उन्होने बताया कि गोकशी में लिप्त अपराधियों पर अभियान चलाये जा रहे है, जिसके लिए उन्होने शांति समिति के सभी सदस्यों से सहयोग करने की अपील भी की है। उन्होंने कहा कि पुरानी परम्परा से हटकर कोई नयी परम्परा शुरू नही की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सौरभ कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक शहर आयुष श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयवर चौहान, नगर मजिस्ट्रेट इंद्रनंदन सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण और समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# भारतीय योग पद्धति ने दुनिया को दिया स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन जीने का संदेश- सोमारू

जौनपुर- जलालपुर भारतीय योग पद्धति ने दुनिया को दिया स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन जीने का संदेश कार्यक्रम अधिकारी श्री सोमारू राम।।अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (दिनांक 21/06/2025) को अधिक प्रभावी एवं आकर्षक बनाने हेतु बयालसी महाविद्यालय जलालपुर जौनपुर में 01 जून 2025 को "चंदन वाटिका एवं तालाब-प्रकृति की गोद में विश्राम" एवं 02 जून 2025 को सामूहिक सूर्य नमस्कार- उर्जा और एकाग्रता का अनुभव 'कार्यक्रम को संचालित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में स्थित वृक्षों के नीचे प्रकृति की गोद में सुबह के मनोरम वातावरण में तालाब की परिकल्पना को साकार करते हुए योग के विविध आयाम, लाभ एवं संचालन पर विस्तृत चर्चा की गयी। दिनांक 02 जून 2025 को सामूहिक सूर्य नमस्कार का क्रमवार छात्र छात्राओं को अभ्यास कराया गया। अभ्यास के बाद सूर्य नमस्कार में सम्मिलित 12 उप-आसनों का अभ्यास किया गया। सूर्य नमस्कार प्रदर्शन महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ संजय नारायण सिंह ने किया। महाविद्यालय की छात्रा स्वेता पटेल (द्वितीय सेमेस्टर) ने भी अभ्यास कराया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डा अलकेश्वरी सिंह ने योग पर विस्तृत व्याख्यान दिया। साथ में डॉ बृजेश कुमार मिश्र, डा अखिलेश चंद्र सेठ, डॉ अंशुमान सिंह, डॉ आशुतोष पाण्डेय, डॉ अनिल कुमार, डा. जय सिंह, डॉ सीमा सिंह, सफीउल्लाह अंसारी, श्री प्रकाश चंद्र करसेरा, उपस्थित रहे।कार्यक्रम अधिकारी श्री सोमारू राम ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना, रोवर्स रेंजर्स एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर, के छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

# कानपुर में गंगा दशहरा व बकरीद पर सुरक्षा के होंगे कड़े इंतजाम

**●पीस कमेटी से सौहार्द बनाए रखने के लिए जागरुकता फैलाने को कहा गया।ड्रोन से होगी निगरानी**






स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** आगामी ज्येष्ठ माह के दशहरा पर्व, गंगा मेला एवं बकरीद को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने के उद्देश्य से अटल घाट पर आयोजित पीस कमेटी की बैठक में पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल श्रवण कुमार सिंह द्वारा गंगा घाट का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया व सुरक्षा व्यवस्था संबंधी बैठक आयोजित कि गयी। बैठक में पीस कमेटी के सदस्यों, पार्षदों, ग्राम प्रधानों, गणमान्य नागरिकों, विभिन्न धर्मो के प्रतिनिधियों, समाजसेवियों, गोताखोरों, और पुलिस अधिकारियों ने सहभागिता की जिसमें निम्न बिन्दुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये- विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधियों और समाजसेवियों से शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए सहयोग की अपील।बैठक में धार्मिक स्थलों पर होने वाले आयोजनों की जानकारी पहले से साझा करने और आपसी समन्वय स्थापित करने का निर्देश। पीस कमेटी के सदस्यों को अपने-अपने क्षेत्रों में जागरूकता फैलाने और किसी भी विवाद की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचित करने की सलाह दी गई।गंगा मेला के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अटल घाट और आसपास के क्षेत्रों में बैरिकेडिंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। यातायात पुलिस को प्रमुख मार्गों और चौराहों पर तैनात करने का निर्देश, ताकि जाम की स्थिति से बचा जा सके।

मेला क्षेत्र में वाहनों के प्रवेश को सीमित करने और पार्किंग स्थलों को चिह्नित करने के निर्देश दिए गए। ऑटो/ई-रिक्शा और भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था। अटल घाट, मेला परिसर, और बकरीद के प्रमुख स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल, पीएसी, और महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सादे कपड़ों में पुलिसकर्मियों की तैनाती। स्थानीय खुफिया इकाई (एलआईयू) को असामाजिक तत्वों और जेबकतरों पर निगरानी रखने का निर्देश। मेला क्षेत्र और आसपास के धार्मिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरों की स्थापना और उनकी नियमित मॉनिटरिंग होगी। ड्रोन के माध्यम से भीड़ और संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी। गोताखोरों और नावों को गंगा घाटों पर आपात स्थिति के लिए तैयार रखने का निर्देश। स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय कर अटल घाट और अन्य प्रमुख स्थानों पर अस्थायी चिकित्सा कैंप और एम्बुलेंस की व्यवस्था। ग्राम प्रधानों, पार्षदों, और गणमान्य नागरिकों से अपने क्षेत्रों में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील। पुलिस प्रशासन ने सभी उपस्थित लोगों से गंगा मेला और बकरीद को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में पूर्ण सहयोग की अपील की।इस दौरान सहायक पुलिस आयुक्त कर्नलगंज भी उपस्थित रहे।

## प्रदेश स्तरीय जनसुनवाई समाधान प्रणाली (IGRS) के मासिक मूल्यांकन में कानपुर जोन वर्ष - 2025 में निरन्तर प्रथम

**● पुलिस उपमहानिदेशक कानपुर जोन आलोक सिंह के नेतृत्व में कानपुर जोन लगातार अव्वल**



स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन आलोक सिंह के कुशल नेतृत्व में कानपुर जोन ने एक बार फिर से प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनसमस्याओं के गुणवत्तापूर्ण, त्वरित प्रभावी एवं पारदर्शी निस्तारण को सदैव सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा जाता रहा है। इस प्राथमिक उद्देश्य के शत प्रतिशत कियान्वयन पर लगातार प्रभावी नियंत्रण, पर्यवेक्षण के उद्देश्य से शासन द्वारा जनसुनवाई समाधान प्रणाली( IGRS ) पोर्टल संचालित है। वर्तमान में विभिन्न स्तर पर जनता द्वारा की गई जनशिकायतों का पुलिस विभाग द्वारा समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण, त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। विभिन्न माध्यमों से प्राप्त जनशिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की मासिक समीक्षा प्रत्येक माह शासन स्तर पर मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा की जाती है। माह मई- 2025 की मूल्यांकन समीक्षा में कानपुर जोन, कानपुर को जनसुनवाई समाधान प्रणाली के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के निष्पादन में प्रदेश स्तर पर प्रथम रैंक प्राप्त हुई है। कानपुर जोन के पर्यवेक्षणाधीन कानपुर परिक्षेत्र व झॉसी परिक्षेत्र को भी जनसुनवाई समाधान प्रणाली(IGRS) के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में प्रदेश स्तर पर प्रथम रैंक प्राप्त हुई है। इसके अतिरिक्त इस वर्ष - 2025 में जारी 05 माह की रैंकिंग में कानपुर जोन को निरंतर प्रथम रैंक प्राप्त हुई है, जो जनसुनवाई के प्रति शासन की मंशा के अनुरूप कानपुर जोन पुलिस के द्वारा बेहतर कार्य प्रणाली को प्रदर्शित करता है।

## संक्षिप्त खबरें

### झुग्गी झोपड़ियों में लगी आग पर दमकल ने पाया काबू



**कानपुर।** कानपुर के भीमनगर कच्ची बस्ती में कल की देर रात को झोपड़ी में आग लग गई। मिनी कंट्रोल को रात 12:09 बजे घटना की सूचना मिली। सूचना मिलते ही फजलगंज फायर स्टेशन की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। आग इतनी भयानक थी कि लपटों को दूर से ही देखा जा सकता था। दमकल विभाग की टीम ने देखा कि झोपड़ी में आग तेजी से फैल रही थी। दमकल विभाग ने हमेशा की तरह बहादुरी से कार्य किया टीम ने तत्काल पानी की बौछारें कर आग पर काबू पाना शुरू किया। इस दौरान टीम ने दो बड़े और दो छोटे गैस सिलेंडर को भी सुरक्षित बाहर निकाला। आग को पूरी तरह बुझाने के बाद फायर टीम वापस फजलगंज फायर स्टेशन लौट गई। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। आग लगने के कारण का पता नहीं चल सका है। फजलगंज फायर स्टेशन से फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची थी, तकरीबन एक घंटे में आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया।

### दो डंपर में भीषण टक्कर, एक की मृत्यु एक गंभीर घायल



**कानपुर।** सचेण्डी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आज दो डंपरों में भयंकर टक्कर हो गई। इसमें एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई जबकि दूसरा घायल हो गया। घायल को हैलेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आज सुबह साढ़े 5 बजे डंफर नं यूपी 77 एटी 7930 ने अपने आगे चल रहे डंफर नं यूपी 77 एटी 8205 को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। पीछे वाले डंपर में चालक व साथी उसी में फंसे रह गए। इसकी सूचना मिलते ही सूचना को अमल में लाते हुए मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा के दिशा निर्देश पर पनकी फायर स्टेशन एक फायर यूनिट व फ़ज़ल गंज फायर स्टेशन से रेस्क्यू टीम तुरंत पहुंची घटना स्थल पर। फायर कर्मियों ने हाइड्रा क्रेन व कटर की मदद से चालक व सहयोगी को बाहर निकाला जिससे डंपर यूपी 77 एटी7930 का चालक अंकित पुत्र भूरा सिंह निवासी संतनापुर कानपुर देहात गंभीर रूप से घायल हो गया तथा हेल्पर गौरव पुत्र लाला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक को पोस्टमार्टम हाउस तथा घायल को हैलट हॉस्पिटल भिजवाया गया। दोनों डंपरों को क्रेन व हाइड्रा की मदद से हटा कर यातायात सुगम कर दिया गया है।

### महिला आयोग अध्यक्ष करेंगी 6 जून को जेल का निरीक्षण



**कानपुर नगर।** राज्य महिला आयोग उ0प्र0 की अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर प्राप्त) डॉ0 बबीता सिंह चौहान 06 जून, 2025 (शुक्रवार) को जनपद भ्रमण के दौरान सर्किट हाउस सभागार में पूर्वान्ह 11:00 बजे से जनसुनवाई कार्यक्रम में महिलाओं की समस्याएं सुनेंगी। प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम, पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने तथा फरियादियों की सहूलियत के लिए उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ0 बबीता सिंह चौहान जनसुनवाई करेंगी। जिले के सर्किट हाउस में जनपद के समस्त सम्बन्धित विभागों अधिकारियों के साथ महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा, महिला जनसुनवाई करेंगी एवं इसके पश्चात हैलेट अस्पताल, जिला कारागार तथा राजकीय बालिका गृह का निरीक्षण भी करेंगी।

## बकरीद पर सड़कों पर नहीं पढ़ी जाएगी नमाज



स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** आगामी ज्येष्ठ गंगा दशहरा एवं बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के उद्देश्य से पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी की अध्यक्षता में थाना बाबपुरवा पर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई जिसमे द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में विभिन्न धर्मो के प्रतिनिधि, पार्षद, समाजसेवी व पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। डीसीपी साउथ ने शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने हेतु सभी धर्मों से सहयोग की अपील। उन्होंने कहा कि सड़क पर नमाज़ न पढ़ी जाए। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों की पूर्व जानकारी व आपसी समन्वय अनिवार्य है। डीसीपी ने कहा कि ट्रैफिक प्रबंधन की व्यवस्था ठीक से की जाए। उन्होंने कहा कि प्रमुख स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल, महिला पुलिस, व पीएसी तैनाती की जाएगी । सभी संदिग्ध की सीसीटीवी व ड्रोन से निगरानी रखी जाएगी। इस अवसर पर अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिण महेश कुमार भी उपस्थित रहे।

## 31 जुलाई तक प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए करें आवेदन

**चित्रकूट:-** बाल संरक्षण अधिकारी डॉ सौरभ सिंह ने बताया कि बहादुरी, समाजसेवा, पर्यावरण संरक्षण, खेल, कला, संस्कृति, विज्ञान और तकनीकी के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार द्वारा पुरस्कृत किया जाना है। जिसके लिए आगामी 31 जुलाई तक आवेदन किया जाना है। कहा कि जनपद में विशेष योग्यता के चिन्हित बच्चों जिन्होने बहादुरी, समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण, खेल, कला, संस्कृति, विज्ञान और तकनीकी क्षेत्र में अदम्य साहस का परिचय दिया हो, वह अपने अदम्य साहस के कार्यों के साक्ष्यों के माध्यम से आगामी 31 जुलाई तक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

## मंधना-अनवरगंज एलिवेटेड ट्रेक बनने से जीटी रोड होगी जाम मुक्त

**●18 रेलवे क्रासिंग खत्म होने से यातायात होगा सुगम**



स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** कानपुर नगर में रेलवे क्रॉसिंग से लगने वाले जाम से लोगों को जल्द ही मुक्ति मिल जाएगी। मंधना - अनवरगंज रेलवे लाइन को एलिवेटेड करने के लिए तेजी से कार्य शुरू कर दिया गया है। जल्द ही टेंडर फाइनल कर काम भी शुरू कर दिया जाएगा। रेल लाइन पर मौजूद 187 अवैध कब्जों को हटाने का काम शुरू कर दिया गया है। आज सांसद रमेश अवस्थी और विधायक सुरेंद्र मैथानी ने अनवरगंज स्टेशन से रेल लाइन का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ पूर्वोत्तर रेलवे के डिप्टी चीफ ट्रैफिक मैनेजर (सीटीएम) आशुतोष कुमार सहित अन्य रेलवे अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान सांसद ने परियोजना की प्रगति, टेंडर प्रक्रिया और भूमि अधिग्रहण की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि 16.25 किलोमीटर लंबे इस एलिवेटेड ट्रैक का निर्माण कार्य दो चरणों में पूरा होगा, जिसकी अनुमानित लागत 1000 करोड़ रुपए से अधिक है। शहर के अंदर 18 रेलवे क्रॉसिंग होंगी खत्म। सांसद ने ये भी बताया कि परियोजना के तहत छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के सामने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर एक नया आधुनिक रेलवे स्टेशन बनाया जाएगा। इस दौरान रावतपुर और कल्याणपुर स्टेशन बंद हो जाएंगे, जिससे 18 रेलवे क्रॉसिंगों पर जाम की समस्या समाप्त होगी। इससे करी 60 लाख लोगों को सीधा फायदा मिलेगा। भूमि अधिग्रहण पर भी काम तेज हो गया है।

डिप्टी सीटीएम आशुतोष कुमार ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया पहले चरण में नए स्टेशन के निर्माण के लिए अप्रैल 2025 में शुरू हो चुकी है, और दूसरे चरण में ट्रैक के एलिवेटेड हिस्से का टेंडर जल्द जारी होगा। परियोजना के लिए 187 अवैध कब्जों को हटाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, और जिला प्रशासन के सहयोग से भूमि अधिग्रहण का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। यह एलिवेटेड ट्रैक 18 फीट की ऊंचाई पर बनाया जाएगा, जिससे जीटी रोड पर यातायात प्रभावित नहीं होगा।

## ग्रामोदय में पौध रोपण कर मनाया गया राज्यपाल का जन्मदिन




**चित्रकूट-** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में मंगलवार को मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगु भाई पटेल का जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान राज्यपाल के नाम पर परिसर में पौध रोपण भी किया गया। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने शिक्षकों, छात्रों और कर्मचारियों को राज्यपाल और कुलाधिपति मंगु भाई पटेल के व्यक्तित्व की जानकारी दी। उन्होंने राज्यपाल द्वारा प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में किए गए विशिष्ट योगदान की प्रशंसा की। इस दौरान ग्राम दर्शन परिसर में राज्यपाल के नाम पर अशोक और आवले के वृक्ष लगाए गए। इस मौके पर प्रो अमरजीत सिंह, डॉ आंजनेय पाण्डेय, डॉ कमलेश कुमार थापक, डॉ उमेश कुमार शुक्ला, इं. सीपी बस्तानी आदि मौजूद रहे।

## सपा ने बिजली के मुद्दे पर "पंचायत"कर केस्को को घेरा

स्वतंत्र प्रभात




**कानपुर।** मंगलवार समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर गोविंद नगर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की पीडीए पंचायत सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में सपा कार्यालय में आरंभ हुई। महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने पीडीए पंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार बिजली समस्याओं की अनदेखी कर बिजली निजी कंपनियों को सौंप कर जनता पर बोझ लाद कर जनता को बर्बाद करने पर तुली है जिसके कारण आज पूरे महानगर में बिजली कटौती से पानी की आपूर्ति नहीं गर्मी में जनता बेहाल हो रही है लेकिन भाजपा बिजली समस्या पर ध्यान नही दे रही लघु उद्योगों में कामगारों को काम का अभाव के कारण बेरोजगारी बढ़ रही है। महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन में आगे कहा कि सपा 9 जून को गोविंद नगर विधानसभा क्षेत्र में सपा पीडीए की पंचायत बर्रा में होगी जिसमें भावी रणनीति तय करके आंदोलनात्मक कदम उठाने की तैयारी की जाएगी। बैठक मे प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, प्रदेश सचिव के के शुक्ला,वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, महेन्द्र सिह बडे ठाकुर, डा.कमलेश यादव, आकाश यादव, दीपक खोटे, शादाब आलम, श्याम सिंह बबलू, शिवकुमार बाल्मिक,मोनू विश्वकर्मा, जय यादव, अजय यादव, नौशाद खान आदि लोग मौजूद रहे।

## प्रशिक्षण के लिए 20 जून तक करें आवेदन




**चित्रकूट-** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजेन्द्र कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना का कियान्वयन खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग द्वारा किया जा रहा है। जिसके तहत जनपद के माटीकला एवं माटी शिल्पकला के पैतृक कारीगरों, उद्यमियों व शिल्पियों को माटीकला कौशल विकास योजना के अंतर्गत दैनिक उपयोग की वस्तुएं बनाने सहित अन्य विधाओं में 15 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए इच्छुक पात्र लाभार्थी सम्बन्धि अभिलेखों के माध्यम से उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। साथ ही आवेदन के बाद सम्बन्धित प्रपत्रों की छायाप्रति जिला ग्रामोद्योग कार्यालय में अंतिम तिथि 20 जून तक जमा करें।

## मर्चेंट चैम्बर के पदाधिकारी श्रमायुक्त से मिले, पोर्टल में सुझाव की मांग



स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** आज श्रमायुक्त, उ0प्र0 से मर्चेंट चैम्बर आफ, उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों जिसमे सुशील शर्मा (चेयरमैन इण्डस्ट्री कमेटी), प्रेम मनोहर गुप्ता (एडवाइजर कमेटी) एवं याग्वेन्द्र सचान (वाइस चेयरमैन) ने भेंट की। उनके द्वारा श्रमायुक्त, उ0प्र0 को ज्ञापन दिया गया जिसमें केन्द्रीय निरीक्षण प्रणाली (CIS) के अन्तर्गत किये जा रहे निरीक्षणो के सम्बन्ध मे पोर्टल पर अपलोड चेकलिस्ट में कतिपय सुझाव करने हेतु अनुरोध किया गया है। जिसके सम्बन्ध मे श्रमायुक्त, उ0प्र0 द्वारा विचार करने का आश्वासन दिया गया। श्रमायुक्त, उ0प्र0 द्वारा मर्चेंट चैम्बर आफ उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों को पोर्टल की व्यवस्था से अवगत कराया गया तथा नये संशोधनों के बारे मे जानकारी दी गयी। साथ ही यह भी कहा गया कि कारखानों एवं अधिष्ठानों नियोजित समस्त कर्मचारियों को वेतन का भुगतान बैंक के माध्यम से किया जाए तथा कारखानों के पंजीयन व नवीनीकरण मे सेवायोजक/भागीदार का मोबाइन न0 अवश्य अपलोड किया जाए जिससे कि निरीक्षण की सूचना स्स्र् के माध्यम से 48 घण्टे पूर्व दी जा सके।

## निजी वाहन के व्यवसायिक प्रयोग में बड़ी कार्रवाई

**●संभागीय प्रवर्तन विभाग ने 2.69 लाख जुर्माना वसूला**



स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित One Trilion Dollar Economy लक्ष्य की प्राप्ति में निजी पंजीकरण वाले वाहनों द्वारा अवैध रूप से वाणिज्यिक कार्यो (जैसे टैक्सी सेवा, स्कूल वैन, डिलीवरी, लोडिंग-अनलोडिंग आदि) में संलग्न होने से राज्य को प्रत्येक वर्ष करोड़ों रूपये का राजस्व नुकसान हो रहा है। जिसके संबंध में परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश के पत्र द्वारा ऐसे वाहन जो निजी वाहन के रूप में पंजीकृत है परन्तु उनके द्वारा व्यवसायिक रूप से कार्य किया जा रहा है के विरूद्ध अभियान चलाते हुए प्रवर्तन कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये है। यह अभियान दिनांक 01.06.2025 से 15.06.2025 तक परिवहन विभाग द्वारा जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के सहयोग से चलाया जा रहा है । उक्त के क्रम में आज जनपद कानपुर नगर में परिवहन विभाग द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें अम्बुज, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), कहकशां खातून, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), आर.के. वर्मा, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), मानवेन्द्र प्रताप सिंह, यात्रीकर अधिकारी, कानपुर नगर, दिनेश कुमार, यात्रीकर अधिकारी, कानपुर नगर, अनिल कुमार, यात्रीकर अधिकारी एवं दीपक सिंह, यात्रीकर अधिकारी द्वारा कुल 24 निजी वाहनों के विरूद्ध चालान एवं 10 वाहनों के विरूद्ध बन्द की कार्यवाही की गयी, जिन पर रू0 2.69 लाख जुर्माना लगाया गया । साथ ही समस्त वाहन चालकों एवं आम जनमानस को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया ।

## पांच जुलाई तक करें आवेदन

स्वतंत्र प्रभात




**चित्रकूट-** उपायुक्त उद्योग एसके केशरवानी ने बताया कि शासन द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के स्थानीय पारम्परिक कारीगरों, हस्तशिल्पियों आदि के कौशल उन्नयन के लिए विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना संचालित की जा रही है। जिसके तहत पात्र लभार्थियों को लाभान्वित किया जाना है। बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र लाभार्थी आगामी पांच जुलाई तक वेबसाइट में ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

## बांदा महर्षि बामदेव मनोरंजन मेला का सदर विधायक ने फीता काटकर किया शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात



**बांदा।** नगर क्षेत्र के जीआईसी मैदान पर लगे बांदा महर्षि बामदेव मनोरंजन मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मालती गुप्ता बासू भी मौजूद रहीं। इस दौरान सदर विधायक का, कार्यक्रम संयोजक नीरज निगम एवं प्रदर्शनी संचालक प्रवीण कुमार द्विवेदी, पंकज निगम एवं राघवेंद्र (बादल) ने फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया साथ ही अन्य पदाधिकारियों का भी स्वागत किया। मेले का उद्घाटन फीता काटने के पश्चात सदर विधायक ने मेले के मंदिर में पहुंचकर भगवान गणेश की आरती उतारी एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक नीरज निगम, प्रदर्शनी संचालक प्रवीण कुमार द्विवेदी, पंकज निगम एवं राघवेंद्र बादल द्वारा सदर विधायक को अंगवस्त्र एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया साथ ही अन्य पदाधिकारियों को भी अंगवस्त्र भेंट कर एवं मोमेंटो चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

सदर विधायक ने कहा कि यह मेला जनता के लिए समर्पित है जहां बच्चों के लिए आकर्षक मनोरंजन एवं खाने पीने इत्यादि चीजों को व्यवस्था है एवं बड़े बुजुर्ग भी यहां के आकर्षक एवं मनोरम सुंदर दृश्य का आनंद उठा सकते हैं, उन्होंने कहा कि शहर वासियों के लिए यह मेला आगामी दिनों तक चलेगा जिसमें कई सारी व्यवस्थाएं और सभी के लिए कुछ न कुछ जरूर है। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी के साथ नगर पालिका अध्यक्ष मालती गुप्ता बासू, विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकित बासू, पूर्व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष भाजपा पुष्कर द्विवेदी, नगर अध्यक्ष भाजपा दक्षिणी राजेश कुमार गुप्ता (रज्जन), भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता उत्तम सक्सेना, वार्ड मेंबर विश्व प्रकाश श्रीवास्तव , राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजि0 के प्रदेश महासचिव अभिनाश श्रीवास्तव, प्रवीण निगम, विशाल श्रीवास्तव, संजीव बघेल सहित तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम के अंत में आए हुए पत्रकारों को भी अंगवस्त्र एवं गिफ्ट पैक भेंट कर सम्मानित किया गया, जिसमें मितेश कुमार, रूपा गोयल, संध्या धुरिया, पूरन राय, प्रीती साहू, राजेंद्र मिश्रा, मदन गुप्ता, भगत सिंह, सहित तमाम पत्रकार लोग मौजूद रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगल पर विशाल भंडारे का हुआ आयोजन



**कर्नलगंज,गोंडा।** ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगल के पावन अवसर पर कर्नलगंज बस स्टैंड के पास परसपुर रोड स्थित बरिया बाबा माँ पाटेश्वरी मिष्ठान भंडार पर प्रदीप कुमार गोस्वामी, अभिषेक गोस्वामी द्वारा पंडाल लगाकर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में पूड़ी, सब्जी, कढ़ी चावल,बूंदी और अन्य स्वादिष्ट प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया और हनुमान जी के पूजा-अर्चना में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में ज्वाला प्रसाद तिवारी, सुभाष सिंह पत्रकार, पदुम नरायन मिश्र पूर्व प्रधान, राहुल सिंह प्रधान, अभय सिंह पत्रकार, महादेव मौर्य, आशीष चौरसिया पत्रकार, सूर्यभान शुक्ल, दिलीप गोस्वामी, इंद्रजीत कारीगर, विजय गोस्वामी, गुड्डू गोस्वामी, राजकुमार मौर्य, ननकू शर्मा, संतोष सहित कई गणमान्य व्यक्ति और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## करकटी में पेशा एक्ट की बैठक हुई सम्पन्न

**शहडोल–** जिले के करकटी गाँव मे पेशा के तहत बैठक सम्पन्न हुई। बैठक यादव मोहल्ला में सम्पन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता कर रहे पप्पू बैगा के द्वारा इस ग्राम सभा का आयोजन किया गया। बैठक में कई अहम फैसलों के साथ पेशा के नियमों को बताया गया हैं। जिसमें ग्राम सभा मे जल गंगा संवर्धन के तहत नाला टचिंग की गहरीकरण और साफ सफाई का कार्य मजदूरों के द्वारा किया गया हैं। जिसका भुगतान आज दिनाँक तक नहीं हुआ। जबकि मनरेगा के कार्यो को जेसीबी और ट्रेक्टर से कार्य को करवाया गया। जिसमें गाँव के कुछ दबंगो के द्वारा नियमों को दर किनार करते हुए और नियमों का धज्जियां उड़ाते हुए कार्य को किया गया। जिसकी सूचना मिलते ही तदर्थ समिति के सदस्यों के द्वारा मौके पर पहुंचे लेकिन दबंगो ने सदस्यों के साथ अभद्रतापूर्ण व्यवहार किया गया। जिसके समन्यव में ग्राम सभा द्वारा यह निर्णय लिया गया कि ग्राम सभा से अनापत्ति प्रमाण पत्र के बिना एवं ग्राम सभा के बिना अनुमति के कोई भी सार्वजनिक कार्य को मशीन के द्वारा नहीं किया जाएगा। और ग्राम पंचायत में हो रहे कार्यो की निगरानी भी किया जाना चाहिए। और भी कई निर्णायक फैसला लिया गया। उक्त बैठक में अध्यक्ष पप्पू बैगा, सरपंच कौशिल्या बैगा, सचिव खोजवा चर्मकार, पेसा मोबलाइजर जया कुशवाहा भूतपूर्व सरपंच दुखुवा बैगा, पंच राजू कुशवाहा, रामविलास यादव फूलचंद सहित ग्रामीण भी उपस्थित रहें।

## पट्टे की दुकानें बेचने पर तीन दुकानदारों को भेजा नोटिस

**मथुरा।** अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के द्वारा आज से पांच दशक पहले बलदेव में बनाई गई। उन दुकानों में से तीन लाभार्थियों ने अपनी दुकान को बेच दिया। इस प्रकरण को समाज कल्याण विभाग ने गंभीरता से लिया है। निदेशालय ने प्रदेश के सभी जिलों से ऐसे पट्टों की जांच कराकर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। अब इन दुकान के पट्टे धारकों को जिला समाज कल्याण अधिकारी नगेन्द्र पाल ने नोटिस जारी किया है। करीब पचास साल पहले जनपद के शहरी क्षेत्रों में 200 दुकानें इस उद्देश्य से बनाई गई कि जो बेरोजगार अनुसूचित जाति के हैं वे अपना व्यवसाय करके अपने कस्बों में रोजगार करके अपना व परिवार का पालन कर सकें। जिसके तहत बलदेव, महावन, बरसाना, छाता सहित कई कस्बों में ये दुकानें बनी थीं। बलदेव कस्बे में अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम द्वारा बनाई गई दुकान संख्या चार, पांच, छह के पट्टे धारक ने अपनी दुकान को दूसरे व्यक्तियों को बेच दिया। जब इसकी शिकायत हुई तो जिलाधिकारी ने इसकी जांच कराई गई। जिसमें पट्टे की दुकान बेचने के आरोप सही मिले। जिस पर जिला समाज कल्याण अधिकारी नगेन्द्र पाल ने इन तीनों दुकानस्वामियों को नोटिस जारी करके शीघ्र जबाव मांगा है।

## बीट आरक्षी की चौकसी से गैंगस्टर का अभियुक्त गिरफ्तार


**प्रतापगढ़।** थाना बाघराय के बीट मुख्य आरक्षी अतुल त्रिपाठी द्वारा गैंगस्टर अभियुक्त पर शिकंजा कसा और उसकी गतिविधियों पर पैनी निगाह रखी। जिसके फलस्वरूप थाना बाघराय पुलिस द्वारा गैंगस्टर के मामले में वांछित अभियुक्त राजेश कुमार पुत्र रामाश्रय उम्र 25 वर्ष कम निवासी ग्राम बरबसपुर थाना बाघराय को थाना बाघराय क्षेत्र अंतर्गत मकूना फाटक के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार द्वारा अपराधी की पतारसी सुरागरसी के लिये थाना बाघराय के बीट मुख्य आरक्षी अतुल त्रिपाठी को ईनाम व प्रशस्ति-पत्र दिया जायेगा। गिरफ्तार गैंगस्टर अभियुक्त हत्या का प्रयास, चोरी, धोखाधड़ी, व गैंगस्टर एक्ट जैसे संगीन अपराधों में अभ्यस्त अभ्यस्त बताया गया है।

# धरती के भगवान बने जब हैवान, मामला सरदार बल्लभ भाई पटेल अस्पताल पटेल नगर दिल्ली का जहां सवाल के घेरे में है दिल्ली पुलिस

स्वतंत्र प्रभात







**नई दिल्ली–** कहा जाता है कि अगर भगवान होता है जो सबका भरण पोषण करता है सबके लिए एक सहारा होता है यह हम सब भगवान के बारे में जानते है और यही हमारे शास्त्र पुराण भी कहते है। ठीक उसी तरह धरती पर अगर कोई दूसरा भगवान माना गया है तो वह है डॉक्टर जो जीव को मौत के मुंह से भी खींच कर वापस ला देते है। अगर धरती के दूसरे भगवान मतलब डॉक्टर ही हैवान बन जाए तो आप क्या कहेंगे और किस भगवान पर भरोसा करेंगे।

ऐसा ही एक मामला दिल्ली के पटेल नगर के सरदार बल्लभ भाई पटेल अस्पताल से सामने आया है जहां कुत्ता काटने के बाद एक क्षेत्रीय यू ट्यूबर और उनके दो साथी रात लगभग डेढ़ बजे अस्पताल जाते है इलाज कराने लेकिन वहां इलाज़ को लेकर डॉक्टर और मरीज़ में कुछ विवाद हो जाता है जिसके बाद ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर अपने सहयोगी स्टॉफ, सिक्युरिटी गार्ड और हाउस कीपिंग को बुलाकर इलाज कराने आने वाले लोगों को पकड़ कर एक कमरे में ले जाकर बहुत ही बुरी तरह पीट देते है जिसमें ईलाज कराने गए लोगों को बहुत गंभीर चोटे आती है जिनको राम मनोहर लोहिया अस्पताल में एडमिट होना पड़ता है, इन व्यक्ति को तो चार से पांच दिन तक एडमिट रहना पड़ता है फिर भी डॉक्टर अपनी गलती मानने को तैयार नहीं होते।ऐसे में जब दिल्ली पुलिस की पटेल नगर पुलिस से पीड़ित शिकायत करते है तो पुलिस भी उल्टे डॉक्टरों की ही बचाव करती नजर आती है। पुलिस का कहना है कि इलाज़ कराने जाने वाले लोग शराब पीकर मारपीट किए और एक डॉक्टर का हाथ टूट गया है एक का दांत टूट गया , ऐसे में अगर पुलिस की बात सही है तो डॉक्टर्स का दुबारा जांच करवा ली जाए, क्योंकि ऐसा हुआ ही नहीं जो पीड़ितों का कहना है। पुलिस डॉक्टरों को बचाने में लगी है जबकि सामाजिक व्यक्तियों और आम जनता का कहना है कि सरदार बल्लभ भाई पटेल अस्पताल के डॉक्टरों का व्यवहार जनता के साथ बहुत ही अभद्र रहता है, डॉक्टर्स का आम जनता से व्यवहार बहुत ही अशोभनीय रहता है।क्षेत्र के वरिष्ठ समाज सेवक एस के चौबे ने बताया कि जब समाज की आवाज उठाने वालों के साथ इस तरह का व्यवहार डॉक्टरों द्वारा किया जा रहा है तो आम जनता के साथ किस तरह का व्यवहार किया जा रहा होगा यह समझ जाना चाहिए। इस मामले में पुलिस की लापरवाही को देखकर ऐसा लग रहा है मानो समाज के लोगों, आम जनता और दुखी दुखियारों को पुलिस और डॉक्टर मिलकर उनकी औकात दिखा रहे हो और मानो कह रहे हो कि इसी तरह मारे पीटे जाओगे जो तुम्हे उखाड़ना हो उखाड़ लो।

अगर इस मामले में पुलिस जरा सा भी जिम्मेदारी से अपनी ड्यूटी कर रही होती तो वह दोनों पक्षों पर मारपीट करने की धाराओं में मुकदमा रजिस्टर्ड कर दोनो पक्षों पर कार्यवाही करती लेकिन पुलिस की निष्क्रियता ही उसके दामन पर दाग लगा रही है।अब पुलिस की निष्क्रियता देख कर क्षेत्र की आम जनता दिल्ली पुलिस आयुक्त से उनके दफ्तर पुलिस मुख्यालय से न्याय की गुहार करने के लिए विवश हो रही है जिसमें क्षेत्र की जनता के साथ दिल्ली के सभी पत्रकार यू ट्यूबर बढ़चढ़ कर हिस्सा भी लेंगे। किसी भी डॉक्टर द्वारा किए गए इस तरह की हैवानियत को बर्दास्त समाज नहीं करेगा। उधर रजिस्टर मिडिया के स्थानीय पत्रकार ने घटना की जम कर निन्दा करते हुए कहा है कि सरदार पटेल हस्पताल के अपराधियों पर कार्रवाई होनी चाहिए अन्यथा पत्रकार साथियों का जन आक्रोश उत्पन्न होगा तो सारे अपराधी खुद सरेंडर कर देंगे।

# श्रीभूमि जिले के आर्दश कृष्णनगर गाँव की एकमात्र जीवन रेखा सड़क की स्थिति जर्जर! ग्रामीण परेशान

● मुख्यमंत्री और लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर का ध्यान आकर्षित।

स्वतंत्र प्रभात





**श्रीभूमि** जिले के दरगारबंद जीपी के आर्दश कृष्णनगर गाँव के लोगों की एकमात्र जीवन रेखा सड़क की स्थिति जर्जर और बहुत ही दयनीय हो गई है। स्कूल-कॉलेज के छात्रों से लेकर सरकारी कर्मचारियों, मजदूरों, किसानों सहित सामान्य लोगों को इस सड़क पर चलने में बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। पिछले साल गाँव की सड़क पर मिट्टी का कार्य किया गया था, फिर गाँव के लोगों ने ठेकेदार से कहा कि यदि बारिश के समय यह सड़क इस तरह की रही तो गाँव वालों की स्थिति बहुत खराब होगी। इसलिए यदि आप इस सड़क के लिए सेंटीयुक्त पत्थर की व्यवस्था कर दें तो ही गाँव के लोग फायदे में रहेंगे और चलने में किसी कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा। ठेकेदार इस मामले में आश्वासन देते हैं कि वर्षा से पहले प्रयास करेंगे, लेकिन यही केवल और आश्वासन रह गया और आज ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, ग्रामीणों का कहना है कि सेंटीयुक्त पत्थर न देने के कारण अब सड़क की स्थिति और भी दयनीय हो गई है। इसके परिणामस्वरूप, आम लोगों के साथ-साथ ऑटो, बाइक चालक और अनगिनत राहगीरों को आदर्श कृष्णनगर गांव से दुल्लभछड़ा जाने के लिए एकमात्र रास्ते की इस दयनीय स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में गंभीरता से अगर लोगों की आवाजाही के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाते हैं, तो दुर्घटना होने की संभावना है। गांव की कीचड़ भरी सड़क की स्थिति इतनी खराब है कि लोगों के लिए चलना भी कठिन हो गया है। इसलिए, सड़क के बर्बाद हिस्से को मरम्मत करके चलने के योग्य बनाने के लिए गांव के लोग राज्य के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हिमंत बिश्व शर्मा और निर्माण विभाग के जिम्मेदार इंजीनियर की ओर ध्यान आकर्षित कर रहे हैं।

# हत्याः मां की पेंशन के लिए भाई को मार दी गोली

● मां की पेंशन को निकालने को लेकर हुआ था दोनों भाइयों में विवाद

स्वतंत्र प्रभात



हत्या की घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस।

**मथुरा।** थाना फरह इलाके के गांव रैपुरा जाट में दिनदहाड़े हुए हत्या की घटना से अफरा तफरी मच गई और लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर एसपी सिटी राजीव कुमार कई स्थानों की फोर्स लेकर मौके पर पहुंचे और सीसीटीवी के जरिए हत्यारों की तलाश में जुट गए। घटना की जानकारी देते हुए एसपी सिटी राजीव कुमार ने बताया कि रैपुरा जाट स्थित केनरा बैंक के सामने कार में साथियों के साथ आए युवक ने अपने सगे भाई पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। फायरिंग में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने हत्यारोपी भाई को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी सिटी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि भधाया गंगाधर निवासी 48 वर्षीय ओमवीर का अपने भाई प्रेम से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है।

मंगलवार की दोपहर ओमवीर रैपुरा जाट स्थित केनरा बैंक से रुपये निकालने गया था। इसी दौरान वहां कार सवार युवकों ने उसके ऊपर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। दिनदहाड़े बाजार में फायरिंग से लोगों में अफरा तफरी मच गई। मौके पर मौजूद लोगों ने इधर उधर छिपकर अपनी जान बचाई। मृतक ओमवीर और प्रेम दोनों सगे भाइयों के बीच में मां की पेंशन निकालने को लेकर झगड़ा हुआ था। इसी झगड़े के दौरान प्रेम और उसके साथियों ने तमंचा निकालकर ओमवीर पर फायरिंग कर दी जिसके चलते ओमवीर की मौत हो गई हैं। दोनों भाई आपराधिक प्रवृत्ति के हैं और दोनों के ऊपर पूर्व में कई मुकदमे दर्ज हैं और जेल जा चुके हैं। फिलहाल मृतक का पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। वहीं हत्या आरोपियों की तलाश में पुलिस की कई टीम दबिश दे रही है।

# अब कॉरिडोर की चाहत में उठने लगीं आवाज

● चैम्बर ऑफ कॉमर्स ने बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर के समर्थन में उठाई आवाज

**मथुरा।** वृंदावन में ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर कॉरिडोर का मंदिर से जुडे गोस्वामी परिवार विरोध कर रहे हैं। उन्हें मनाने के प्रयास जारी हैं। वहीं अब कॉरिडोर की चाहत रखने वालों ने भी आवाज उठाना शुरू कर दिया है। नेशनल चौंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ एसो. मथुरा की बैठक में मथुरा वृंदावन के विकास के लिए श्री बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर निर्माण पर सभी सदस्यों ने एक मत से कॉरिडोर बनाने की वकालत की। अध्यक्ष राजीव बृजवासी ने कहा कि कॉरिडोर बनने से सर्व समाज का भला होगा तथा शहर का विकास ही होगा व्यापार में उत्तरोत्तर प्रगति होगी, श्रद्धालुओं को मथुरा वृंदावन आने पर आनंद की अनुभूति होगी। पूर्व अध्यक्ष राजेश बजाज ने कहा कि कॉरिडोर बनने से उद्योग एवं व्यापार को प्रगति मिलेगी। मुकेश प्रेस वालों ने कहा कि श्रद्धालुओं को होने वाली मुसीबत से छुटकारा मिलेगा। राजेंद्र कुमार ने कहा कि काफी श्रद्धालु भीड़ भाड़ की वजह से बिहारी जी के दर्शन करने के लिए नहीं आ पा रहे हैं। कॉरिडोर बनने से उन सभी को सुलभ दर्शन लाभ प्राप्त हो सकेगा। महामंत्री राम प्रकाश अग्रवाल मनीष शोरावालों ने कहा कि कॉरिडोर वक्त की जरूरत है जैसे बनारस, अयोध्या का विकास हुआ है वैसे ही मथुरा वृंदावन कॉरिडोर बनने से मथुरा विकास की अग्रिम श्रेणी में आएगा सब समाज के लोगों को कॉरिडोर बनने से लाभ ही प्राप्त होगा वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रहलाद खंडेलवाल तुषार हाथी वालों ने कहा कि कॉरिडोर बनने से टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा तथा कॉरिडोर बनने से मथुरा वृंदावन की विकास में पंख लग जाएंगे यहां के रहने वालों को भी आनंद की अनुभूति होगी और जो श्रद्धालु पधारेंगे वह भी यहां आकर आनंद की अनुभूति महसूस करेंगे । कोषाध्यक्ष अमित जैन ने कहा कि टूरिस्ट के आने से यहां के उद्योग धंधे जिनमें प्रमुख रूप से पोशाक, कंठी माला, चांदी की पायल, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, होटल रेस्टोरेंट जैसे सभी उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। मंत्री विशाल बंसल उमेश जुगासना ने बताया कि मथुरा वृंदावन आने की कनेक्टिविटी बढ़िया हो जाएगी इसे सरकार को प्रयास कर सभी को साथ लेकर जल्द से जल्द बनाना चाहिए।



बैठक में मौजूद चौम्बर ऑफ कॉमर्स के सदस्य।

## सामूहिक विवाह योजना के लिए निर्धारित किये लक्ष्य

**मथुरा।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लिए जिले के शहरी क्षेत्रों में निवास कर रहे गरीब परिवार की बेटियों की शादी के लक्ष्य जिलाधिकारी ने तय कर दिए हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी नगेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के लक्ष्यों की पूर्ति के लिए नगर निगम मथुरा वृंदावन के लिए 100, नगर पालिका कोसीकलां के लिए 17, 13 नगर पंचायत पांच पांच, प्रत्येक ब्लाकों के लिए 40 बेटियों की शादी कराने की जिम्मेदारी दी गई है। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने नगर निगम, नगर पंचायत, नगर पालिका, बीडीओ को निर्देशित किया है वे अपने अपने क्षेत्रों में कैम्प लगाकर विवाह योग कन्याओं के आवेदन करायें। उन्होंने बताया कि अब मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले सामूहिक विवाह समारोह पर 51 हजार रुपये के स्थान पर एक लाख रुपये खर्च किये जाएंगे। बेटियों के बैंक खाते में 35 हजार रुपये मिलते थे उसके स्थान पर अब 60 हजार रुपये मिलेंगे। इसके अलावा 10 हजार रुपये का सामान मिलता था उसके स्थान पर 25 हजार का सामान मिलेगा। सामानों की संख्या 25 कर दी गई है। पहले आयोजन व दावत टेंट का खर्चा 6 हजार मिलता था। अब 15 हजार रुपये आयोजन के मिलेंगे। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक आवेदन करने की अपील की है।

# खेती को लाभ का धंधा बनाने किसान नवीन तकनीकों एवं नवाचारों को अपनाएं-विधायक जयसिंह मरावी

● किसान डीएपी की जगह करें एनपीके उर्वरक का प्रयोग- उप संचालक कृषि

स्वतंत्र प्रभात



**शहडोल–** विकसित कृषि संकल्प अभियान का जिला स्तरीय शिविर बुढ़ार जनपद पंचायत के ग्राम सेमरा में विधायक जैतपुर श्री जयसिंह मरावी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक जैतपुर ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए संकल्पित है। हमें खेती की लागत को कम करने के लिए जहां नवीन तकनीकों तथा नवाचारों को अपनाने के जरूरत है, वहीं मिट्टी की गुणवत्ता, संतुलित उर्वरक का उपयोग बीजों का चयन के बारे में भी जागरूक होना होगा। खेती के काम समय पर पूरे हों तथा किसी भी समस्या के आने पर कृषि वैज्ञानिकों की सलाह लेकर हम समस्या का निजात कर सकते हैं। खेती के साथ-साथ मत्स्यपालन, पशुपालन, उद्यानिकी फसलें लेने से किसान अपनी आय बढ़ा सकते हैं। कृषि वैज्ञानिक डॉ. मृगेन्द्र सिंह ने कहा कि खेती के समय आने वाली समस्याओं के निदान के लिए शासन द्वारा गांव-गांव में यह अभियान शुरू किया गया है। किसान अपनी समस्याएं बताकर निदान प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती एंव जैविक खेती सबसे ज्यादा लाभकारी है।

आपने हाईब्रिड धान बीज का उपयोग कम से कम करने तथा शहडोल जिले में जेआर 206, जेआर 81 जैसी धान की किस्मों का प्रयोग करने की सलाह दी। आपने कहा कि गोबर की खाद को पूरे खेत में फैलाने की जगह इस तरह से उपयोग करें कि फसलों को पर्याप्त जैविक खाद मिल सके। उचहन क्षेत्रों में दलहन एवं तिलहन की फसलें लगाएं। गोबर खाद को पकाने के लिए वायोडाईजस्टर का उपयोग करें। उप संचालक कृषि श्री आरपी झारिया ने बताया कि जिले में रासायनिक उर्वरक सभी सहकारी समितियों तथा 5 डबल लॉक केन्द्रों में उपलब्ध है। जो किसान सहकारी समितियों के सदस्य हैं, रासायनिक उर्वरक वहां से प्राप्त करें। डबल लाक केन्द्रों से किसान नगदी में उर्वरक खरीद सकते हैं। आपने कहा कि शहडोल जिले में किसान डीएपी के प्रयोग को प्रमुखता देते हैं जबकि एनपीके उर्वरक इससे ज्यादा उपयोगी तथा प्रभावी है। आपने किसानों से आग्रह किया हैं कि डीएपी की जगह एनपीके का उपयोग प्रमुखता से करें।

किसान संघ के अध्यक्ष रविकांत त्रिपाठी ने कहा कि खेती से लाभ प्राप्त करने के लिए खेती को व्यवसाय के रूप में अपनाना होगा। सभी किसान मिलकर ऐरा प्रथा का निदान स्वयं कर सकते हैं। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हर्ष सिंह ने कहा कि खेती में पानी का बहुत अधिक महत्व है। हम सबको जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य में सहभागी बनना चाहिए तथा सिंचाई के लिए पानी की सुविधा की व्यवस्था भी करना चाहिए। कृषि वैज्ञानिक डॉ बीके प्रजापति ने कहा कि वर्षा आरंभ होने के बाद हर बखर चलाकर खेत को समतल कर लेना चाहिए। स्थानीय मिट्टी एवं जलवायु के अनुरूप बीज का चयन करना चाहिए। मिट्टी का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर आवश्यकता अनुसार उर्वरक का उपयोग करना चाहिए। कीटनाशकों का कम से कम उपयोग करना चाहिए।

इस अवसर पर कृषि अभियांत्रिकी विभाग के सहायक यंत्री रीतेश पयासी ने कृषि यंत्रों के उपयोग तथा ऑनलाइन आवेदन करने पर मिलने वाले अनुदान की जानकारी दी। शिविर में पशुपालन विभाग, उद्यानिकी विभाग, मत्स्यपालन विभाग के मैदानी अमले द्वारा शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उप संचालक कृषि श्री आरपी झारिया, कृषि विज्ञान केन्द्र के समन्वयक, कृषि वैज्ञानिक डॉ. मृगेन्द्र सिंह, कृषि वैज्ञानिक डॉ. बीके , सहायक अभियंता कृषि अभियांत्रिकी रीतेश पयासी, सहायक संचालक कृषि रामेन्द्र सिंह, सीईओ जनपद पंचायत बुढ़ार राजीव लघाटे, एपीओ दिवाकर सिंह, रिलायंस सीएसआर हेड रंजीत श्रीवास्तव, जनपद उपाध्यक्ष बुढ़ार हर्ष प्रताप सिंह,किसान संघ के अध्यक्षक रविकांत त्रिपाठी, नर्मदा साहू, राहुल सिंह, यशोदा सिंह, ग्राम पंचायत सरपंच सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट स्थित रजिस्ट्री ऑफिस में चोरी

● चौकी से चंद कदमों पर हुई चोरी की वारदात पुलिस के लिए चुनौती

स्वतंत्र प्रभात



कार्यालय का उखाडा गया जंगला।



सुबह के समय कार्यालय पर मौजूद लोग।

**मथुरा।** सिविल लाइन स्थित रजिस्ट्रार ऑफिस में रात चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। चोर अंदर चोरी के उद्देष्य से अंदर घुसे थे, तिजोरी से छेडछाड की गई लेकिन कोई पैसा नहीं गया है। दस्तावेजों के साथ कोई तो कोई छेडछाड हुई या नहीं यह पता लगाया जा रहा है। ऑफिस स्टाफ का कहना है हम सुबह ऑफिस आए तो देखा जंगला टूटा हुआ था और सामान बिखरा पड़ा था। खबर लिखे जाने तक साफ नहीं हो पाया है कि चोर लेकर क्या गया हैं। शक है कि कुछ ज़रूरी दस्तावेज और कैश गायब हो सकता है। पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच में जुटी हुई गई और फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया ताकि कोई पुख्ता सुराग मिल सके। लोग सवाल उठा रहे हैं कि इतने संवेदनशील ऑफिस में, जो सरकारी दस्तावेज़ों और संपत्ति के रजिस्ट्रेशन से जुड़ा होता है, वहां सुरक्षा के नाम पर क्या व्यवस्था है? इससे पहले भी इसी ऑफिस में लाखों रुपये की चोरी हो चुकी है लेकिन अब तक कोई खुलासा नहीं हो पाया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर बार जांच शुरू होती है, मगर कुछ दिन बाद मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है। ये ऑफिस बहुत अहम है। यहां हज़ारों लोग हर हफ्ते आते हैं, लेकिन ना सीसीटीवी ठीक से लगे हैं और ना ही रात में सुरक्षा गार्ड। ये लापरवाही नहीं तो और क्या है चौकी से चंद कदमों पर हुई यह वारदात पुलिस के लिए चुनौती बन गई है अब देखने वाली बात यह होगी कि क्या इस बार भी पुलिस की जांच सिर्फ फॉर्मेलिटी बनकर रह जाएगी या फिर कोई ठोस कार्रवाई की जाएगी? वहीं इस पूरे मामले में पुलिस का कहना है हमारी टीम लगातार इस मामले पर नज़र बनाए हुए है। जैसे ही कोई नया अपडेट आता है, हम आपको जानकारी देंगे।

# गंगा दशहरा कल, जिला प्रषासन ने तैयारियों को दिया अंतिम रूप

स्वतंत्र प्रभात



जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, एसएसपी श्लोक कुमार, नगर आयुक्त जग प्रवेश, अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार स्टीमर में बैठकर यमुना की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए।

**मथुरा।** गंगा दषहरा पांच जून को मनाया जाएगा। नदियों में स्नान का विशेष महत्व है। यमुना में विश्राम घाट सहित दूसरे घाटों पर बडी संख्या में श्रद्धालु डुबकी लगाएंगे। वृंदावन, गोकुल आदि के घाटों पर भी स्नान पर्व होगा। इस अवसर पर हजारों की संख्या में दूरदराज से ट्रेक्टर ट्रालियों में भर कर लोग आते हैं। जिला प्रशासन ने स्नान पर्व को लेकर बडे पैमाने पर तैयारी की है। डीएम चंद्र प्रकाश सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार ने गंगा दशहरा पर्व की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने मंदिरों और घाटों के आसपास सफाई गोताखोरों की तैनाती सीसीटीवी निगरानी चिकित्सा और अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की नगर निगम को घाटों पर सफाई बैरीकेटिंग कंट्रोल रूम चेंजिंग रूम और सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए गए। घाटों पर गोताखोर तैनात किए जाएंगे और यमुना का जलस्तर भी बढ़ाया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस व्यवस्था की जाएगी। यमुना के किनारे स्वास्थ्य कैंप लगाए जाएंगे और शहर में जगह जगह पानी की प्याऊ की व्यवस्था की जाएगी। यमुना के घाटों पर कपड़े चेंज करने के लिए अस्थाई स्नान घर बनाए जाएंगे इसके अलावा घाटों पर वॉलिंटियर भी तैनात किए जाएंगे ताकि श्रद्धालु गहरे पानी में स्नान करने से बचें यमुना के घाटों पर साफ सफाई और बैरिकेडिंग कराई जाएगी श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पर्याप्त पुलिस व्यवस्था की जाएगी नगर निगम के अधिकारी एवं पुलिस फोर्स भी तैनात रहेंगे ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो मथुरा में गंगा दशहरा पर लाखों श्रद्धालु यमुना में स्नान करने आते हैं।

**वर्जन–** विश्राम घाट सहित दूसरे घाटों का निरीक्षण किया गया है। यहां करीब 22 घाट हैं। सभी घाटों की सफाई कराई गयी है। आज से यमुना जी में बैरीकेडिंग कराई जा रही है। विश्राम घाट के सामने वाले घाटों पर भी बैरीकेडिंग और दूसरी व्यवस्थाएं की जा रही है। यमुना के लक्ष्मीनगर की ओर भी मेला लगता है वहां भी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक व्यवस्थाएं दिये जाने का प्रयास किया जा रहा है। स्टीमर पर लाइफ जैकेट का अभाव है, इसे भी सुनिश्चत कराया जा रहा है। एसडीआरफए, पीएसी, 36 गोताखोरों की व्यवस्था की गई है। -चंद्र प्रकाश सिंह, जिलाधिकारी

# बीएसए कॉलेज में 9 छात्र नकल करते पकड़े

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित विधि (एलएलबी, बीए एलएलबी) एवं बीएड परीक्षाओं के दौरान बीएसए (पीजी) कॉलेज, मथुरा में नकल के प्रयासों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। मंगलवार को कॉलेज में नियुक्त सचल दल ने जांच के बाद नौ छात्रों को पर्ची व मोबाइल के माध्यम से नकल करते हुए पकड़ा। इन सभी के विरुद्ध विश्वविद्यालय के नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जा रही है। अम्बेडकर विश्व विद्यालय आगरा ने बीएसए कॉलेज में मथुरा के एलएलबी, बीए एलएलबी के 20 और बीएड के 32 कॉलेजों का नोडल केंद्र बनाया गया है। परीक्षा में शामिल होने वाले प्रत्येक छात्र की कड़ी तलाशी के बाद ही प्रवेश दिया जा रहा है। फिर भी एलएलबी के पांच छात्र पर्चियों और मोबाइल से नकल करते पकड़े गए, जिनकी रिपोर्ट विश्वविद्यालय प्रशासन को भेज दी गई है। शाम की पाली में प्राचार्य प्रो. डॉ. ललित मोहन शर्मा के नेतृत्व में डॉ. बी.पी. राय, डॉ. रवीश शर्मा, डॉ. ए.पी. सिंह, यू.के. त्रिपाठी और बी.के. गोस्वामी ने निरीक्षण किया। जांच के दौरान एएम कॉलेज और पूरन गोपाल शुक्ला कॉलेज के परीक्षार्थियों को नकल करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। संबंधित छात्रों को केंद्राध्यक्ष द्वारा आवश्यक प्रक्रिया के तहत बुक किया गया। विश्वविद्यालय को रिपोर्ट भेज दी गई। प्राचार्य प्रो. डॉ. ललित मोहन शर्मा ने स्पष्ट किया कि बीएसए कॉलेज नकल के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाए हुए है। फ्लाइंग टीम को विशेष निर्देश दिए गए हैं कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता, नकल या इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के उपयोग की स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जाए। कॉलेज प्रशासन ने छात्र-छात्राओं से अपील की है कि वे पूर्ण ईमानदारी और अनुशासन के साथ परीक्षा दें। सभी परीक्षार्थियों के जूते, बैग, और अन्य सामग्री की नियमित जांच की जाती है। मोबाइल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण परीक्षा केंद्र में पूर्णतरू प्रतिबंधित हैं। उन्होंने कहा कि बीएसए कॉलेज मथुरा में नकल की कोई जगह नहीं है।छात्रों को चेतावनी दी जाता है कि भविष्य में यदि कोई अनुचित प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।




बीएसए कालेज में परीक्षा के दौरान चौक करते कालेज के प्रवक्ता डॉ रविश कुमार।